राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-187
लखनऊ, शनिवार 24 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





सीरगोवर्धनपुर में काशी की तर्ज पर हो रहा है विकास कार्य : मुख्यमंत्री योगी 03

जो रूट के बेहतरीन शतक से संभला इंग्लैंड, सात विकेट पर बनाए 302 रन 12


# जाति की भलाई के नाम पर अपना हित साधती हैं परिवारवादी पार्टियां

**पीएम ने किया 35 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करखियांव में बनास डेयरी का उद्घाटन व पूर्वांचल को 13,202 करोड़ की सौगात**

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से विरोधी दलों को सीधे निशाने पर लेकर लोकसभा चुनाव का शंखनाद कर दिया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी पर हमला बोलकर कहा कि युवराज कह रहा है कि यूपी के नौजवान नशेड़ी हैं। यह कैसी भाषा है। मोदी को गाली देते-देते अब ये यूपी के नवजवानों पर अपना फ्रस्टेशन निकाल रहे हैं, जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं ये लोग यूपी और काशी के मेरे बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं।

करखियांव औद्योगिक क्षेत्र में बनास काशी संकुल का लोकार्पण करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने आयोजित विशाल जनसभा में वाराणसी सहित पूरे पूर्वांचल को 13,202 करोड़ से अधिक की 36 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। जनसभा स्थल पर खुली जीप में रोड शो करते हुए प्रधानमंत्री ने सरकार की अलग-अलग योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया। यूपी का नौजवान परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहा है। परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण ने यूपी को पीछे रखा। पहले की सरकार ने यूपी को बीमार बनाए रखा। आज यूपी बदल रहा है, यहां के नौजवान अपना भविष्य लिख रहे हैं तो यह परिवारवाद वाले चिढ़ रहे हैं।




## भारत एक विचार और संस्कृत उसकी अभिव्यक्ति : मोदी


**पीएम ने बीएचयू के स्वतंत्रता भवन समागार में सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के पुरस्कार समारोह को किया संबोधित**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत एक विचार है और संस्कृत उसकी प्रमुख अभिव्यक्ति है। भारत एक यात्रा है तो संस्कृत उस इतिहास यात्रा का प्रमुख अध्याय है। भारत विविधता में एकता की भूमि है तो संस्कृत उसका प्रमुख उर्वरक है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के स्वतंत्रता भवन समागार में आयोजित सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा हमारे यहां कहा गया है कि भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा, अर्थात भारत की प्रतिष्ठा में संस्कृत की बड़ी भूमिका है। एक समय हमारे देश में संस्कृत ही वैज्ञानिक शोध, शास्त्रीय बोध, गणित और चिकित्साविज्ञान की भाषा होती थी। प्रधानमंत्री ने बताया कि काशी सांसद संस्कृत प्रतियोगिता, सांसद ज्ञान प्रतियोगिता और सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देने का अवसर मिला। उन्होंने सभी विजेताओं को उनके परिश्रम और प्रतिभा के लिए बधाई दी। साथ ही सफलता से कुछ कदम दूर रहे गये प्रतिभागियों का भी हौंसला बढ़ाया। पीएम मोदी ने इस आयोजन के लिए श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास, काशी विद्वत परिषद और सभी विद्वानों का आदरपूर्वक धन्यवाद किया।

## पीएम आज मीरजापुर में बने भंडार गृह का करेंगे लोकार्पण

**मीरजापुर।** प्रधानमंत्री मोदी मीरजापुर को भंडारगृह का 24 फरवरी को लोकार्पण करेंगे। जिले के मड़िहान तहसील अंतर्गत कोटवा पांडेय में एक करोड़ 66 लाख रुपये की लागत से 1500 टन क्षमता का भंडार गृह बनाया गया है। इससे अनाज एकत्रित करने की क्षमता में वृद्धि होगी। जनपद की 60 सहकारी समितियों पर कंप्यूटरीकरण कार्य का भी उद्घाटन करेंगे। सहायक आयुक्त व सहायक निबंधक बिपिन कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को जनपद में तैयार 1500 टन क्षमता वाले अनाज भंडार गृह का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कोटवा पांडेय में सुबह नौ बजे से दिखाया जाएगा।

## भ्रष्टाचार पर प्रहार : पेंशन स्वीकृत करने के लिए रिश्वत मांगने पर एडीओ निलंबित



**लखनऊ।** रायबरेली में समाज कल्याण विभाग की एडीओ (डलमऊ ब्लाक) प्रगति वर्मा द्वारा वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों से पेंशन स्वीकृत करने के बदले रिश्वत मांगने के मामले को विभागीय मंत्री असीम अरुण ने गंभीरता से लिया है। मंत्री के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत की जांच में प्रथम दृष्ट्या मामला सही पाया गया। जिसके बाद शुक्रवार को आरोपी एडीओ प्रगति वर्मा को निलंबित किया गया है। जि. समाज कल्याण अधिकारी रायबरेली वैभव त्रिपाठी को मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है। उपनिदेशक लखनऊ मंडल मौके पर समाज कल्याण मंत्री के निर्देश पर शुक्रवार को उपनिदेशक लखनऊ मंडल अचिंत्य मणि भारती और जिला समाज कल्याण अधिकारी मुख्यालय अंजनी सिंह मौके पर पहुंच कर गहनता से जांच कर रहे हैं। शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों ने मौके पर पीड़ितों का बयान दर्ज किया। एडीओ पर आरोप है कि प्रति लाभार्थी 500-500 रुपयों की मांग कर रही थीं। नागरिक समाज कल्याण विभाग में भ्रष्टाचार सम्बन्धी कोई भी शिकायत 'कल्याण साथी' के हेल्पलाइन नंबर 14568 पर कर सकते हैं।

# पूर्व मंत्री दिवंगत हरिशंकर तिवारी के घर ईडी का छापा

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** पूर्व विधायक विनय शंकर के गोरखपुर स्थित आवास पर ईडी का छापा पड़ा है। शुक्रवार की सुबह पांच बजे से ही ईडी की कार्रवाई चल रही है।

ईडी की यह कार्रवाई 750 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में विनय शंकर तिवारी समेत अन्य पर दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग केस से जुड़ा है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में गोरखपुर के लच्छीपुर की प्रापर्टी पहले ही जब्त कर चुकी है। पूर्व कैबिनेट मंत्री दिवंगत हरिशंकर तिवारी के घर ईडी सुबह पांच बजे पहुंच गई।

छापे में किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए केंद्रीय सुरक्षा बल ने तिवारी अहाता को घेरे लिया। हरिशंकर तिवारी के बेटे बसपा से चिल्लूपार से पूर्व विधायक वर्तमान में सपा नेता विनय शंकर तिवारी, बड़े बेटे भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी संत कबीर नगर से सांसद रहे हैं।

## 750 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी से जुड़ा है मामला

पूर्व मंत्री हरिशंकर तिवारी के बेटे व चिल्लूपार विधानसभा के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के गोरखपुर स्थित आवास पर शुक्रवार की सुबह ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने छापा डाल दिया। 750 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी के मामले में विनय शंकर तिवारी समेत अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का पहले से केस है। पिछले दिनों उनकी सम्पत्ति भी जब्त की गई थी। इसी मामले में यह छापे की कार्रवाई देखी जा रही है। छापे की सूचना के बाद तिवारी 'अहाते' पर शुभचिंतक की भीड़ लगी है। दरअसल, विनय शंकर व उनकी कम्पनी द्वारा लिए गए बैंक लोन के बारे में बैंक ऑफ इंडिया लखनऊ की टीम तीन साल पहले आई थी। यहां की सम्पत्ति की जानकारी करके लौट गई थी। जालसाजी के मामले में 2020 में पहले सीबीआई की एंट्री हुई बाद में यानी 2021 प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले बैंकों के समूह से 750 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी समेत अन्य के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया था। लखनऊ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत चिल्लूपार (गोरखपुर) से पूर्व विधायक व लखनऊ स्थित गंगोत्री इंटरप्राइजेज के खिलाफ प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की थी। ईडी ने विनय, उनकी पत्नी रीता, गंगोत्री इंटरप्राइजेज सहित अन्य के खिलाफ सीबीआई की एफआईआर के आधार पर यह केस दर्ज किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### बरेली : पुआल में आग लगने से चार बच्चियों की मौत

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के ग्राम नवादा बिलसंडी में एक घर की छत पर रखे पुआल में आग लगने से चार बच्चों की जलने से मौत हो गई। स्थानीय पुलिस के मुताबिक फरीदपुर क्षेत्र के गांव नवादा बिलसंडी में रामदास का घर है, जिसके घर की छत पर पुआल रखा था। दोपहर उसमें आग लग गई। इससे पास में खेल रहे बच्चे आग की चपेट में आ गए। वह गंभीर रूप से झुलस गए। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर परिजन और पड़ोस के लोग मौके पर दौड़े। स्थानीय लोगों ने किसी तरह आग बुझाने की कोशिश की लेकिन तब तक चारों बच्चियां गंभीर रूप से झुलस चुकी थीं। इनमें प्रियांशी (5) पुत्री भीम, मानवी (3) पुत्री अमिताभ, नैना (5) पुत्री सुखवीर की मौके पर ही मौत हो गई। चौथी बच्ची नीतू (6) पुत्री अमिताभ की बाद में मौत हो गई। जिला अधिकारी रविंद्र कुमार, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान समेत तमाम आला अधिकारियों ने हालात का जायजा लिया।

### उप्र : एमएलसी की 13 सीटों के लिए चार मार्च को नामांकन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 13 सदस्यों के निर्वाचन की घोषणा हो गयी है। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रत्याशियों के नाम निर्देशन की अधिसूचना 04 मार्च, 2024 (सोमवार) को जारी की जायेगी। निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि 11 मार्च, 2024 (सोमवार) है। 12 मार्च, 2024 (मंगलवार) को नाम निर्देशन की संवीक्षा की जायेगी तथा नाम वापसी की अंतिम तिथि 14 मार्च, 2024 (बृहस्पतिवार) होगी। 21 मार्च, 2024 को पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक मतदान होगा तथा उसी दिन ही सायं 05:00 बजे से मतगणना होगी।

### नक्सलियों ने दो ग्रामीणों को उतारा मौत के घाट

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा गांव में कथित तौर पर पुलिस मुखबिरी के संदेह में नक्सलियों ने दो लोगों की हत्या कर दी। मृतकों की पहचान दुल्लेड़ गांव निवासी सोडी हुंगा और माडवी नंदा के रुप में हुई है। पुलिस ने बताया कि नक्सलियों की पामेड एरिया कमेटी ने हत्याओं की जिम्मेदारी ली है। तीन फरवरी को छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने सुकमा जिले के सुकमा-बीजापुर सीमा पर स्थित नक्सल प्रभावित सिलगेर गांव का दौरा किया। यह राज्य के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में से एक है। डिप्टी सीएम का दौरा 30 को सिलगेर गांव के पास हाल ही में हुए नक्सली हमले के बाद हुआ, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई।

# वेरावल बंदरगाह पर पकड़ी गई 350 करोड़ रुपए की हेरोइन, नौ लोग हिरासत में

एजेंसी

**गिर सोमनाथ।** गुजरात पुलिस ने गिर सोमनाथ जिले के वेरावल बंदरगाह पर आधीरात छापा मारकर फिशिंग बोट में छिपाकर लाई गई 50 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। नौ लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसका बाजार मूल्य लगभग 350 करोड़ रुपये बताया गया है। गिर सोमनाथ के पुलिस अधीक्षक मनोहरसिंह जाडेजा के ड्रग्स के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान यह कामयाबी मिली है। पुलिस ने जब्त नशीला पदार्थ के सैम्पल जांच के लिए एफएसल भेज दिए हैं। पुलिस ने नौका सवार नौ खलासियों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने इस कार्रवाई में गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड, गिर सोमनाथ स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, लोकल क्राइम ब्रांच, फॉरेंसिक साइंस लेबोरेट्री और मरीन पुलिस का सहयोग लिया।

## 24 करोड़ की हेरोइन के साथ पुलिस ने तस्कर को पकड़ा

**कछार ।** 24 करोड़ रुपए कीमत की हेरोइन के साथ कछार पुलिस ने एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने इस बरामदगी के लिए कछार पुलिस को शाबाशी दी। कछार पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार एक विश्वसनीय खुफिया सूचना के आधार पर कछार पुलिस ने आज तड़के धोलाई थानाक्षेत्र के इस्लामाबाद, बाघा बाजार में ड्रग्स के परिवहन के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया।

## चुनाव आयोग के अफसरों ने की तमिलनाडु में लोस चुनाव की तैयारियों की समीक्षा

**चेन्नई।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों के साथ शुक्रवार को तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा शुरू की। आयोग के अधिकारियों ने राज्य में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें कीं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त अरुण गोयल और अन्य प्रमुख अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा के लिए चेन्नई पहुंचे। उनका दौरा चुनावी प्रक्रिया की अखंडता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के चुनाव आयोग की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। आयोग के अधिकारियों ने विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की।

# आंदोलन में शामिल किसान नेताओं की संपत्ति कुर्क करेगी हरियाणा पुलिस

एजेंसी

**अंबाला।** हरियाणा पुलिस ने किसान आंदोलन 2.0 में शामिल किसान नेताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। किसान नेताओं के बैंक खाते फ्रीज किए जा रहे हैं और उनकी संपत्ति कुर्क की जा रही है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि अंबाला पुलिस किसान नेताओं के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई करेगी।

हालांकि अंबाला पुलिस ने एक्स पर लिखा कि इस मामले पर फिर से विचार किया गया और फैसला लिया गया कि एनएसए नहीं लगाया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं है कि पुलिस किसान नेताओं के खिलाफ कोई कदम नहीं उठा रही है। लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 और हरियाणा लोक व्यवस्था में विघ्न के दौरान संपत्ति क्षति वसूली अधिनियम, 2021 के तहत कार्रवाई की जा रही है। सरकारी और निजी संपत्ति के नुकसान की भरपाई प्रदर्शनकारियों से ही करने के लिए अभी नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। नुकसान की भरपाई के लिए उनके बैंक खातों को जब्त और संपत्ति को कुर्क किया जाएगा। इस बीच पंजाब सरकार ने खनौरी बॉर्डर पर चोट लगने से मारे गए 22 साल के किसान शुभकरण सिंह के परिवार को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

# डिप्टी एसपी रैंक के सात अधिकारियों के हुए तबादले

**पहले भी 19 अफसरों के कार्यक्षेत्र में किया जा चुका है बदलाव**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** पुलिस विभाग में ट्रांसफर पोस्टिंग का सिलसिला लगातार जारी है। डिप्टी एसपी रैंक के सात अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। इससे पहले डिप्टी एसपी रैंक के 19 अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया जा चुका है। सबसे पहले पुलिस विभाग की ओर से 6 डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारियों के ट्रांसफर किए गए थे। उसके बाद विभाग की ओर से 13 डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारियों के ट्रांसफर की लिस्ट जारी की गई थी।

वहीं, अब सात डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। पिछले दो दिनों में अब तक 25 डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है।पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर किए गए इस बदलाव को आगामी लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

सत्येंद्र कुमार तिवारी को पुलिस उपाध्यक्ष बस्ती बनाया गया है पिछले दिनों इनका ट्रांसफर अयोध्या से मथुरा किया गया था जिसे निरस्त करके इन्हें बस्ती भेजा गया है। अनिल कुमार सिंह जो पुलिस उपाधीक्षक बिजनौर के पद पर तैनात थे उन्हें पुलिस उपाधीक्षक जनपद मथुरा के पद पर नई तैनाती दी गई है। अमर बहादुर को मंडल अधिकारी कानपुर नगर से पुलिस उपाधीक्षक मिर्जापुर के पद पर तैनाती दी गई। जगदीश प्रसाद यादव को पुलिस उपाधीक्षक सीबीसीआईडी से मंडल अधिकारी कानपुर नगर के पद पर तैनाती दी गई है। संजय नाथ तिवारी को पुलिस उपाध्यक्ष अंबेडकर नगर से मंडल अधिकारी जनपद सोनभद्र के पद पर तैनाती दी गई है। आशुतोष तिवारी मंडल अधिकारी सोनभद्र को पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या के पद पर तैनाती दी गई है। अजय कुमार शर्मा पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम थाना मुरादाबाद को पुलिस उपाधीक्षक अंबेडकर नगर के पद पर तैनाती दी गई है।

## टीएमसी के फरार नेता शाहजहां शेख के सहयोगियों के आवासों पर ईडी के छापे

**कोलकाता।** ईडी ने धोखाधड़ी से जमीन हड़पने के एक पुराने मामले में तृणमूल कांग्रेस के फरार नेता शाहजहां शेख से जुड़े कारोबारियों के आवासों पर शुक्रवार को छापे मारे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईडी ने हावड़ा, विजयगढ़ और बिराती सहित शहर में और उसके आसपास के पांच अलग-अलग स्थानों पर शुक्रवार को सुबह छापेमारी शुरू की। अधिकारी ने कहा, ''यह छापेमारी शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी करके जमीन हड़पने के एक पुराने मामले से संबंधित है। ये लोग शाहजहां के साथ मछली के कारोबार में शामिल थे।

# वेश्यावृत्ति रैकेट का भंडाफोड़, भाजपा नेता सब्यसाची घोष हुए गिरफ्तार

एजेंसी

**11 लोग गिरफ्तार, छह लड़कियों को बचाया गया**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा के आरोपों पर भड़के विवाद के बीच, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने शुक्रवार को दावा किया कि राज्य पुलिस ने हावड़ा में नाबालिग लड़कियों का वेश्यावृत्ति रैकेट चलाने के आरोप में भाजपा नेता सब्यसाची घोष को गिरफ्तार किया है।

टीएमसी ने आगे दावा किया कि पुलिस ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और हावड़ा के सांकराइल से छह नाबालिग लड़कियों को बचाया है, जहां कथित सेक्स रैकेट चल रहा था। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी ने एक्स पोस्ट में कहा कि बीजेपी बंगाल के नेता सब्यसाची घोष को हावड़ा के सांकराइल में अपने होटल में नाबालिग लड़कियों से वेश्यावृत्ति का रैकेट चलाते हुए पकड़ा गया।

पुलिस ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया और 6 पीड़ितों को मौके से बचाया। पार्टी ने भगवा खेमे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बीजेपी बेटियों और महिलाओं की बजाय दलालों को बचाती है।

## पूर्व सीएम मनोहर जोशी के निधन पर राज्यपाल व राजनेताओं ने जताया शोक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी के निधन पर सूबे के राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेन्द्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी तथा अन्य राजनीतिक हस्तियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने जोशी के निधन पर दुख व्यक्त किया है और उन्हें राज्य के सबसे सम्मानित राजनीतिक नेताओं में से एक बताया है। संदेश में कहा एक कुशल संगठनकर्ता, उत्कृष्ट सांसद, उत्कृष्ट वक्ता, प्रखर विपक्षी नेता और सम्मानित लोकसभा अध्यक्ष जोशी ने हर भूमिका का निर्वहन करते हुए अपनी अमिट छाप छोड़ी।

# दो बाइकों की भिड़ंत में चार लोगों की मौत, तीन घायल

समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद।** आमने-सामने दो बाइकों की भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने सभी को लोहिया अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सक ने चारों को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन घायलों का उपचार जारी है। एक की हालत गंभीर बनी हुई है। एसपी समेत आलाधिकारी लोहिया अस्पताल पहुंचे व घायलों का हालचाल लिया।

शुक्रवार देर शाम फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में कानपुर रोड स्थित पाल गेस्ट हाउस के सामने अपाचे व स्प्लेंडर बाइक में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गयी। दोनों बाइकों पर सवार बृजमोहन पुत्र सुग्रीव निवासी भरतपुर रसूलपुर कोतवाली मोहम्मदाबाद, अजय पुत्र गीतानंद निवासी भरतपुर रसूलपुर कोतवाली मोहम्मदाबाद, महेंद्र पुत्र रामपाल निवासी हुसैनपुर नोखडा कोतवाली फतेहगढ़, अंकित पुत्र सुखदेव थाना कमालगंज को लोहिया अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात ईएमओ डॉक्टर अभिषेक चतुर्वेदी ने मृत घोषित किया। घायल युवक आशीष कुशवाह की भी हालत गंभीर बतायी जा रही है। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गयी। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने निजी वाहन से तीन घायलों को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर लोहिया अस्पताल में सीओ सिटी प्रदीप सिंह, कोतवाल फतेहगढ़ हरिश्याम सिंह व थानाध्यक्ष कादरीगेट विनोद शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे व घायलों का हालचाल जाना।

**गम्भीर टिप्पणी** — इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तीन प्रोफेसर्स के खिलाफ आपराधिक याचिका मामले में कहा

# भारतीय न्याय व्यवस्था निरर्थक मुकदमेबाजी से ग्रस्त

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के तीन प्रोफ़ेसर्स के खिलाफ आपराधिक याचिका को स्वीकार करने के साथ ही भारतीय न्याय व्यवस्था पर भी गम्भीर टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था निरर्थक मुकदमेबाजी से बुरी तरह ग्रस्त है। इसे रोकने के लिए तरीकों और साधनों को विकसित करने की आवश्यकता है।



कोर्ट ने कहा कि कई शताब्दियों तक भारतीय समाज ने जीवन के दो आधार मूल्यों अर्थात् सत्य और अहिंसा को पोषित किया। महावीर, गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी ने लोगों को इन मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए मार्गदर्शन किया। सत्य न्याय-वितरण प्रणाली का एक अभिन्न अंग था जो स्वतंत्रता पूर्व युग में प्रचलित था और लोग परिणामों की परवाह किए बिना अदालतों में सच बोलने में गर्व महसूस करते थे। हालांकि, स्वतंत्रता के बाद की अवधि में हमारी मूल्य प्रणाली में भारी बदलाव आया। भौतिकवाद ने पुराने लोकाचार को खत्म कर दिया है और व्यक्तिगत लाभ के लिए लोग मुकदमेबाजी में शामिल होकर झूठ, गलत बयानी और तथ्यों को दबाने का सहारा लेने में संकोच नहीं कर रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने और देश की दूसरी उच्च न्यायालयों ने कई बार ठोस निर्णय दिए हैं। मौजूदा मामला भी कानून की प्रक्रिया का पूरी तरह से दुरुपयोग है। शिकायतकर्ता ने प्रोफेसर्स के खिलाफ व्यक्तिगत प्रतिशोध लेने के लिए, झूठे और तुच्छ मामले दर्ज करके उन्हें और उनके सहयोगियों को फंसाने की कोशिश की थी। जब भी विभागाध्यक्ष उसे ठीक से पढ़ाने और नियमित रूप से कक्षाएं लेने के लिए कहते, तो वह उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करा देती।

## कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में अगली सुनवाई 29 को

**प्रयागराज।** मथुरा की श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद को लेकर दाखिल अर्जियों पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में आज की सुनवाई पूरी हुई। आज की सुनवाई में हिंदू पक्ष की तरफ से दाखिल की गई। याचिकाओं की पोषणीयता पर बहस हुई। आज मुख्य रूप से मुस्लिम पक्ष ने अपनी दलीलें पेश की। दोपहर 2 बजे से शाम चार बजे तक दो घंटे मुस्लिम पक्ष की ओर से सीनियर अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बहस की। मुस्लिम पक्ष की बहस आज भी पूरी नहीं हो सकी है। 29 फरवरी को सुबह 11.30 बजे से अगली सुनवाई होगी। अगली सुनवाई पर भी मुस्लिम पक्ष की ओर से बहस जारी रहेगी। मुस्लिम पक्ष की बहस पूरी होने के बाद हिंदू पक्ष को अपनी दलीलें पेश करने का मौका मिलेगा। मुस्लिम पक्ष की ओर से ऑर्डर 7 रूल्स 11 के तहत अर्जियों की पोषणीयता को चुनौती दी गई है।

# डीएलएसए ने लगाया स्वास्थ्य सम्बन्धी शिविर

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी के तत्वावधान में आरएन हेल्थ केयर कस्बा देवां में जनपद बाराबंकी में महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी शिविर नाजनीन बानो अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

उक्त शिविर में नाजनीन बानो अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव के द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में बताया गया कि किसी भी महिला को अपने दैनिक कार्य करने, बिमारियों की रोकथाम तथा सुरक्षित व स्वस्थ प्रसव के लिये अच्छे भोजन की आवश्यकता होती है लेकिन फिर भी, पूरे संसार में किसी अन्य स्वास्थ्य समस्या की तुलना में महिलाओं को कुपोषण का सबसे अधिक सामना करना पड़ता है।

इसके कारण थकावट, कमजोरी, बुरा स्वास्थ्य हो सकता है, एवं पुरूषों को अपने परिवार की महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए शारीरिक बीमरियों के उपचार के साथ-साथ मानसिक बीमरियों का उपचार भी समय से कराना चाहिए एक स्वस्थ्य महिला ही स्वस्थ परिवार की न्यू होती है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी आमजनमानस को जागरूक करते हुए बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में ऐसे वाद जो सुलह-समझौता के माध्यम से निस्तारित कराये जा सकते उनका लाभ आप उठा सकते है, उसमें वादों का शीघ्र निस्तारण हो जाता है। उक्त शिविर में डॉ. सौरभ मिश्रा मानसिक रोग विशेषज्ञ द्वारा आमजनमानस को जागरूक करते हुए बताया गया कि मानसिक गड़बडी की स्थिति में व्यक्ति के सोचने की प्रक्रिया, मूड या व्यवहार बाधित हो जाता है।

निहारिका मेडिकल ऑफिसर द्वारा सरवाईकल कैंसर के बारे में बताया गया कि बच्चे दानी से गंदें पानी का रिसावए माहवारी का अनियमित होना, संभोग के समय खून आना, कमर या पैर में अधिक दर्द होना या पेशाब में रूकावट इसके प्रारंभिक लक्षण हैं। इस अवसर पर डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव, डॉ. जितेन्द्र सिंह, डॉ. फजल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सौरभ शुक्ला कनिष्ठ लिपिक, मोहित कुमार प्रजापति एवं जनसामान्य उपस्थित रहें।

# पीएसी में आर्चरी प्रतियोगिता में एसडीआरएफ रही अव्वल

> सेनानायक ने पीएसी मध्य जोन के सभी टीम मैनेजरों से परिचय प्राप्त करते हुए आर्चरी प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**मसौली,बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



दशवी वाहिनी पीएसी परिसर मे आज से शुरु हुई तीन दिवसीय आर्चरी प्रतियोगिता के प्रथम के 30 मीटर की प्रतिस्पर्धा प्रतियोगिता में एसडीआरएफ लखनऊ प्रथम, 26 वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर द्वितीय एवं 11 वी वाहिनी सीतापुर तीसरे स्थान पर रही। आर्चरी प्रतियोगिता का शुभारंभ सेनानायक अरूण कुमार श्रीवास्तव ने पीएसी मध्य जोन के सभी टीम मैनेजरों से परिचय प्राप्त करते हुए किया तथा प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाली सभी टीमों के टीम मैंनेजर/खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन व खेल भावना के प्रति जागरूक करते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा प्रथम प्रतियोगिता का शुभारंभ तीर चलाकर किया इससे पूर्व आर्चरी प्रतियोगिता मे सम्मिलित होने वाले पीएसी मध्य जोन की समस्त टीमों के खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में सच्ची खेल भावना से खेलने एवं खेल के नियम व मर्यादाओं का पालन करने की शपथ दिलायी गयी।

इस अवसर पर शिविरपाल उमेश कुमार राय, शायक शिविरपाल दिनेश पांडे, सूबेदार मेजर सचिदानंद दीक्षित, एवं वाहिनी तथा पीएसी मध्य जोन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सत्य प्रकाश शाहू को मिली पीएचडी की उपाधि



**हैदरगढ़, बाराबंकी।** नगर के ब्रम्हनान वार्ड निवासी सत्य प्रकाश साहू ने राजनीति विज्ञान के अंतर्गत डा ममता यादव के निर्देशन में उत्तर प्रदेश की पंचायती राज व्यवस्था में अन्य पिछड़ा वर्ग महिला प्रतिनिधियों की भूमिका पर विशेष संदर्भ में पीएचडी की उपाधि डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ से प्राप्त की। समस्त वर्गों एवं स्तरों से प्रजातांत्रिक तरीके से चुनी गई या नामांकित महिला जो ग्राम पंचायत,सांसद आदि की हैसियत से कार्य करने हेतु अधिकृत है। ओम प्रकाश साहू विनोद अवस्थी माता प्रसाद अवस्थी द्वारिका प्रसाद अवस्थी पवन अवस्थी कुशमेश चंद्र मिश्रा कवि उदय मिश्र सहित सभी वार्ड वासियों ने खुशी का इजहार किया है।



## किसान आंदोलन में सहयोग करने पर गिरफ्तार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** किसानों के आन्दोलन के सहयोग करने पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम तिवारी उर्फ मुन्ना को कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली बदोसराय पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने पर ले आयी है। शुक्रवार को कस्बा बदोसरांय निवासी राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम तिवारी मुन्ना को दिल्ली में चल रहे किसान आन्दोलन के सहयोग मे केन्द्र सरकार का पुतला जलाने का प्लान बनाते ही शिवम तिवारी के साथ आशुतोष शुक्ला, वीरेन्द्र मिश्रा ननकू कनौजिया मुकेश भारती मो0 असलम खान मोहम्मद जियाउल आदि को गिरफ्तार कर थाने पर ले आयी है।

## समाज को पाखंड से मुक्ति दिलाने वाले संत गाडगे की धूमधाम से मनाई गई जयंती

**हैदरगढ़,बाराबंकी।** अपने कीर्तनों के माध्यम से समाज के पाखंड और परंपरा की आलोचना करने वाले समाज को शिक्षा एवं स्वच्छता के महत्व के साथ-साथ चारित्रिक शिक्षा देने वाले महान संत गाडगे जी महाराज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संत श्री सम्पूर्णानंद जी महाराज ने संत गाडगे के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गाडगे जी महाराज एक समाज सुधारक थे। जिन्होंने गरीबों और दलितों के बीच अज्ञानता अंधविश्वास और अस्वच्छता के उन्मूलन के लिए जीवन पर्यंत काम किया। हमें भी उनके बताएं रास्ते पर चलकर अपने समाज में व्याप्त कुरीतियों अंधविश्वासों को दूर करके समाज को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने का काम करना चाहिए।

# मनरेगा की हकीकत जानने के लिए सहायक आयुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सहायक आयुक्त ग्राम विकास गजेंद्र बहादुर सिंह द्वारा शुक्रवार को मनरेगा योजना के तहत कराए गए विकास कार्यों का स्थलीय अवलोकन किया एवं ग्रामीणों से बातचीत करके विकास कार्यों की हकीकत परखी। मनरेगा योजना के मंडल सोशल कोऑर्डिनेटर राजकुमार कुशवाहा एवं जिला सोशल कोऑर्डिनेटर शादमा परवीन के साथ शुक्रवार के दोपहर रामनगर गांव पहुंचे सहायक आयुक्त ने वित्तीय वर्ष 2022-23 व 23 -24 में मनरेगा योजना के तहत कराए गए विकास कार्यों में शामिल इंटरलॉकिंग रोड नाला खुदाई अमृत सरोवर निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं वृक्षारोपण कार्यों का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत करके आवास वितरण एवं विकास कार्यों में पारदर्शिता की हकीकत परखी।

निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव ग्राम पंचायत सचिव वीरेंद्र प्रताप ब्लॉक सोशल कोऑर्डिनेटर संतोष मिश्रा तकनीकी सहायक लक्ष्मीकांत ग्राम प्रधान अरविंद कुमार सिंह, रोजगार सेवक सोहनलाल के अलावा जॉब कार्ड धारक एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# टप्पेबाजों ने उड़ाए शादी से वापस आ रही महिलाओं के गहने

**मसौली,बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

> घर जाकर सूचना देने के बाद सुफियाना के पति मो. सलमान ने थाना मसौली मे ठप्पे बाजी की दी तहरीर

शादी समारोह मे शामिल होकर ई रिक्सा से घर वापस आ रही महिला के गले से चार ठप्पे बाज महिलाओं ने सोने का हार गायब कर दिया। महिला के पिता ने मसौली पुलिस मे हार चोरी की तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के कस्बा सहादतगंज निवासी मो0 सलमान की पत्नी सुफियाना बानो गत 19 फ़रवरी को अपनी दो जेठानियों के साथ ग्राम शाहबपुर मे एक शादी मे गयी थी। ई रिक्सा से वापसी के दौरान चार महिलाए बड़ागांव मोड पर मिली जिसमे एक महिला गर्भवती थी जिसने बताया कि बड़ागांव अस्पताल मे दिखाने गये थे मसौली चौराहे तक लेते चलो महिलाओं की परेशानी देख ई रिक्सा चालक ने चारो महिलाओं को बैठा लिया और जब मसौली चौराहे पर उन महिलाओं को उतार कर ई रिक्सा मुश्किल से 5 सौ मीटर आगे बढ़ा था कि देखा सुफियाना के गले से करीब 10 ग्राम का सोने का हार गायब था।

वापस आने पर महिलाए गायब थी। घर जाकर सूचना देने के बाद सुफियाना के पति मो0 सलमान ने थाना मसौली मे ठप्पे बाजी की तहरीर दी है।

# ग्रामीण कृषि मौसम सेवा के सेमिनार को राज्यमंत्री करेंगे सम्बोधित

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

कृषि में जोखिम को कम करने व कृषि को आपदा से बचाने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग तथा, कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा समय समय पर मौसम के पूर्वानुमान की सूचना जारी की जाती है, जो वर्तमान में लगभग सत्य सिद्ध हो रही हैं।

मौसम आधारित कृषि परामर्श के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से स्वयं सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान, बाराबंकी द्वारा विकास खण्ड बनीकोडर ब्लॉक के किसानों की जेबीएस इंस्टीट्यूट मालिनपुर बनीकोडर में आज शनिवार 24 फ़रवरी को ग्रामीण कृषि मौसम सेवा विषयक जागरूकता कार्यक्रम व सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने बताया कि इस सेमिनार में खाद्य एवं रसद विभाग के राज्यमंत्री श्री सतीश चंद्र शर्मा जी कार्यक्रम का उदघाटन करेंगे और भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा मौसम सेवाओं की जानकारी दी जाएगी।

इस ग्रामीण कृषि मौसम सेवा विषयक जागरूकता कार्यक्रम/सेमिनार में किसानों, स्वयं सहायता समूहों, फार्मर क्लबो के कृषकों को प्रतिभाग करने की अपील की गई है।

# घटतौली को लेकर किसानों ने जीएम का किया घेराव

**खैरटिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**



सरजू सहकारी चीनी मिल सुचारू रूप से न चलने व घटतौली को लेकर किसानों ने जीएम का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया।

इलाके की लाइफ लाइन कही जाने वाली चीनी मिल आये दिन खराब होने से बंद हो जाती हैं जिससे इलाके के किसानों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा जो किसान मिल में गन्ना लेकर आते हैं वह तीन दिन व चार दिन में खाली हो पा रहे हैं जिससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है।

बृहस्पतिवार की रात में मिल गेट पर नौरंगाबाद निवासी हरपाल सिंह अपनी धर्मकांटा कराकर लाये थे रात में गेट पर कांटा हुई तो तीन कुंतल काम थी जिसकी लेकर काफी हंगामा हुआ। सुबह पूर्व उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह की अगुवाई में सैकड़ों किसानों चीनी मिल पहुचकर जीएम का घेराव करते हुए समस्याओं का समाधान करने की मांग की जिसको लेकर काफी देर तक मिल में हंगामा होता रहा। मौके पर किसानों ने मिल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए कि इस बार चीनी मिल सुचारू रूप से नही चल रही है व आये दिन कांटो पर घटतौली होती है जिसको लेकर जीएम विवेक कुमार यादव ने सभी कांटो को चेक कराने व मिल में कुछ समस्या है जिसको जल्द ही ठीक कर सुचारू रूप से चलाने का आश्वासन दिया।

इस दौरान अखिलेश यादव ,तरजिन्दर सिंह,अखिलेश यादव, डल्ला, रिंकू, विनोद वर्मा, राकेश कुमार,विपिन कुमार सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# लापता हुए ग्रामीण का शव सड़क किनारे से हुआ बरामद

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

निघासन कस्बे के मोहनलाल पुरवा निवासी प्रथ्वीपाल जो 19 फरवरी से लापता थे, परिजनों ने जिनकी काफी तलाश की थी लेकिन जब पृथ्वीपाल का कोई सुराग नहीं मिला, तो निघासन कोतवाली में उनकी गुमशुदगी की सूचना दी थी, जिनका निघासन से सिंगाही मार्ग पर लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर पहली पुलिया के नीचे औंधे मुंह शव बरामद हुआ, शव मिलते ही इलाके में सनसनी फ़ैल गई, सूचना मिलते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गए, और तिकुनियां पनवारी हाइवे को जाम कर दिया। आपको बताते चलें कि निघासन कोतवाली इलाके के मोहनलाल पुरवा निवासी पृथ्वीपाल मौर्या जो 19 फरवरी को रहस्यमय ढंग से लापता हो गए थे जिनका निघासन से सिंगाही जाने वाले हाईवे पर स्थित सहतेपुरवा मोड़ के पास शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई।

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम निघासन अश्वनी कुमार सिंह सहित सीओ पलिया अजेंद्र कुमार, सीओ धौरहरा पीपी सिंह सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गए और काफी मान मुनव्वल के बाद महिलाओं को सड़क से हटाया।पीड़ित पक्ष नामजद तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे।

## लाभार्थी सम्पर्क अभियान की कार्यशाला सम्पन्न, 1 से 3 मार्च तक चलेगा अभियान

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला गोकर्णनाथ नगर पालिका सभागार में लाभार्थी सम्पर्क अभियान की कार्यशाला मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के सानिध्य में सम्पन्न हुई।

कार्यशाला का शुभारंभ विजय शुक्ला रिंकू, विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक सक्सेना ने पं दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक लाभार्थी के कल्याण के लिए मोदी सरकार कार्य कर रही कही है हर गरीब ,जरुरतमंद को लाभ देना मोदी की गारंटी है।

# 18.50 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने दिया कार्रवाई को अंजाम, भारत से नेपाल ले जाई जा रही थी ब्राउन शुगर, एक भारतीय गिरफ्तार**

**गौरीफंटा/पलियाकलां-खीरी, समृद्धि न्यूज।**



भारत नेपाल के गौरीफंटा बॉर्डर पर पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक आरोपी को 18.50 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद उस पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है। आपको बता दें कि भारत नेपाल बॉर्डर पर तस्करी का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स से लेकर खाद्य सामग्री हो या मादक पदार्थ लगातार बॉर्डर के रास्ते माल की तस्करी की जाती रहती है। इतना ही नहीं पुलिस व एसएसबी के जवान समय-समय पर माल के साथ आरोपियों को भी गिरफ्तार करते रहते हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को बॉर्डर पर एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से तलाशी के दौरान 18.50 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम राजेश गुप्ता पुत्र रामस्वरूप गुप्ता निवासी मोहल्ला रंगरेजान प्रथम पलिया खीरी का होना बताया है। ब्राउन शुगर के साथ पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के बाद उस पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी देते हुए कोतवाली प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि ब्राउन शुगर के साथ पकड़े गए आरोपी पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम में प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार यादव,अभिषेक कुमार पांडे प्रभारी चौकी गौरीफंटा, उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह यादव, कांस्टेबल राजीव सिंह,कांस्टेबल मोहित कुमार तथा एसएसबी के भागीरथ, प्रवीण कुमार, सिराज अहमद, डालचंद, अनिल महाली सी कंपनी बनकटी ने आरोपी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## चोरी से काटे गए शीशम के कई पेड़, वन विभाग को खबर नहीं

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत इन दिनों हरे भरे फलदार वृक्षों का कटान जोर-जोर से चल रहा है जिस पर वन विभाग कोई भी कार्यवाही करने में नाकाम साबित हो रहा है। बुधवार को क्षेत्र के ग्राम मुड़िया में लकड़ कट्टों ने शीशम के हरे भरे कई पेड़ चोरी से काट लिए । अभी हाल ही में थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव बरैची में बन माफियाओं ने हरे भरे फलदार आम के कई दर्जन पेड़ काट डाले।

**वर्जनः** इस संबंध में वन दरोगा राजेश कुमार से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि मौके पर कर्मचारियों को भेजा था पेड़ काटने वाला आरोपी नसरतुल्लह निवासी गढी इब्राहिमपुर थाना उचौलिया पर वन अधिनियम की धारा 4/10 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# खेत में लगी आग, 24 बिगहा गन्ना हुआ खाक

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



शारदा नदी पार करीब चार एकड़ गन्ने के खेत में लगी आग जिसकी जानकारी किसानों को हुई आग बुझाने का हर संभव किसानों ने प्रयास किया फिर भी सारा गन्ना जल कर खाक हो गया। मिली जानकारी के अनुसार भीरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामनगर कलां के मजरा रामपुर में अज्ञात कारणों से गन्ने के खेतों में आग लग गई।

गन्ने के खेतों में लगी आग पर किसानों ने बमुश्किल काबू पाया, ग्रामीणों ने गन्ने के खेत में लगी आग की जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल व पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल अमन कुमार ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारीयो को भेजी। लेखपाल अमन कुमार ने बताया राम नगर कला निवासी पलविंदर सिंह पुत्र जगतार सिंह का 2 बिगहा,नेकी राम पुत्र गया प्रसाद ,गया प्रसाद पुत्र जोखे का 13 बिगहा,जीत सिंह पुत्र नत्था सिंह का 3 बिगहा और छोटे लाल पुत्र महादेव का 6बिगहा गन्ने का खेत जल गया है आग कैसे लगी इसकी जानकारी नही मिल पाई लोग अंदाजा लगा रहे है किसी राहगीर ने बीड़ी पीकर डाली होगी उससे ही आग लगी है फिलहाल आग पर ग्रामीणों ने काबू पा लिया ये एक ही गाटा संख्या 993/1937 है जिसमे इन सब लोगो की जमीनें है, उच्चाधिकारी को भेजने के लिए नुकसान का आंकलन कर लिया है।

# कटैलापुरवा स्कूल में बच्चों का भविष्य अधर में

> गुरु जी रहते हैं नदारद , रजिस्टर रहता है दुरुस्त

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

विकास क्षेत्र में बच्चों को निपुण बनाने के अभियान का खुलेआम मखौल उड़ाया जा रहा है। बेखौफ़ शिक्षक स्कूल न जाकर सिर्फ रजिस्टर दुरुस्त रखने का काम कर अक्सर विद्यालय से नदारद रहते है। जिसके चलते स्कूल में नामांकित बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। गौर तलब है कि जिम्मेदार अधिकारी भी इन शिक्षकों के कंधे से कंधा मिलाकर कागजों पर ही जांच कर सब ठीक होने का दावा कर रहे हैं।

मामला धौरहरा विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कटैलापुरवा का है। जहां स्कूल में नामांकित छात्र छात्राओं को पढ़ाने के लिए तीन अध्यापकों की तैनाती की गई है। अधिकारियों की मिली भगत के चलते स्कूल में तैनात शिक्षक बिना स्कूल आए ही वेतन लेकर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय कटैलापुरवा में नामांकित 216 छात्र छात्राओं के सापेक्ष सिर्फ तीस ही बच्चे मौजूद थे।

जिन्हें सहायक अध्यापक सुरेश कुमार पाण्डेय पढ़ा रहे थे। जिनसे जानकारी करने पर उन्होंने ने बताया कि इंचार्ज प्रधानाध्यापक शिशिर कुमार श्रीवास्तव जरुरी काम से धौरहरा गए हैं। जबकि सहायक अध्यापक सौरभ गुप्ता कहां है यह पूछने पर उन्होंने चुप्पी साध ली। ग्रामीण व छात्र छात्राओं ने बताया कि स्कूल में तीन शिक्षकों की तैनाती होने के बाद भी प्रतिदिन सिर्फ एक ही शिक्षक स्कूल आकर बच्चों को पढ़ाने का काम करते हैं जबकि अगले दिन दूसरे शिक्षक।

इससे यह आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत सरकार के द्वारा गरीब बच्चों को निपुण बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान को लेकर शिक्षक कितना गंभीर है।

**वर्जन**

मामले में बीईओ धौरहरा आशीष कुमार पाण्डेय ने बताया कि मामले की जांच कर कार्वाई की जाएगी।

# फर्टिलाइजर्स दुकान के प्रोपराइटर पर एफआईआर, गोदाम सील

> निघासन में टीम ने उर्वरक, कीटनाशकों के भरे नमूने

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायत का डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने त्वरित संज्ञान लेकर जांच के लिए तहसीलदार निघासन भीमसेन की अध्यक्षता में समिति गठित की। टीम ने निगम फर्टिलाइजर्स बिनौरा पर छापेमार कार्रवाई करते हुए प्रोपराइटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए गोदाम एवं दुकान को सील किया। समिति ने तहसीलदार भीमसेन की अगुवाई में जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी, पीपीओ सत्येंद्र सिंह ने पुलिस बल के संग गत 21 फरवरी को मैसर्स निगम फर्टिलाइजर्स बिनौरा ब्लॉक निघासन का संयुक्त रूप से निरीक्षण करते हुए जाँच की। निरीक्षण के वक्त दुकान, पास में बने गोदाम एवं दुकान के पास खड़ी मिली वाहन (पिकअप) संख्या यूपी 31 टी 7121 की जांच की। जांच के दौरान दुकान-गोदाम में विभिन्न प्रकार के उर्वरक एवं रसायन भण्डारित मिले तथा प्रतिष्ठान के बाहर पिकअप संख्या यूपी 31टी 7121 में उर्वरक एमओपी नमक बोरी एवं बोरी सिलाई मशीन रखी मिली। गठित समिति ने बरामद उर्वरकों कीटनाशकों एवं उर्वरक विनिर्माण से सम्बन्धित सामग्री के बारे में फर्म के प्रोपराइटर शिव पंकज पुत्र तुलसीराम निवासी ग्राम बिनौरा ब्लॉक निघासन से पूछताछ किये जाने पर कोई सन्तोषजनक उत्तर नहीं मिला एवं प्रस्तुत किये गये उर्वरक प्राधिकार पत्र पर गोदाम की चौहद्दी अंकित नहीं मिली तथा कीटनाशक विक्रय एवं उर्वरक विनिर्माण की सामग्री आदि से सम्बन्धित कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये। दुकान, गोदाम एवं पिकअप से उर्वरकों के कुल 08 नमूने एवं कीटनाशकों के कुल 05 नमूने ग्रहीत किये जाने के बाद बरामद किये गये उपरोक्तानुसार उर्वरक, रसायन एवं समस्त सामग्री को संदिग्धावस्था के कारण उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत नियमानुसार सीज करते हुये सील कर दिया गया। फर्म के प्रोपराइटर शिव पंकज पुत्र तुलसी राम निवासी ग्राम बिनौरा के विरूद्ध सम्बन्धित थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई।

## बलदेव सिंह औलख ने निधन पर जताया शोक

**अमीरनगर खीरी।** विधानसभा गोला के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुभाष नगर मे भाजपा कार्यकर्ता जसविंदर सिंह (काका )के बड़े भाई अमरजीत सिंह का डेंगू बुखार से 10 दिसंबर 2023 को निधन हो गया था। बलदेव सिंह औलख को इसकी जानकारी फोन के जरिए से प्राप्त हुई थी, उसे समय राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख अपने कार्यभार में व्यस्त थे व्यस्तता के चक्कर में उन्होंने फोन पर ही अपनी संवेदना प्रकट की थी, जब वह गोला गोकर्णनाथ आए तो उन्हें भाजपा कार्यकर्ता के भाई अमरजीत सिंह के निधन की बात ना भूलते हुए गोला तहसील के गांव सुभाष नगर भाजपा कार्यकर्ता जसविंदर सिंह के घर शोक प्रकट

# नगर निगम टीम ने 5.61 करोड़ की भूमि कब्जे से कराई मुक्त

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह द्वारा की जा रही नियमित समीक्षा का परिणाम है कि नगर निगम की टीम द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर नगर निगम में निहित अरबों रूपये की भूमि को अवैध कब्जेदारों से मुक्त कराया जा रहा है। आज नगर निगम की टीम ने बिजनौर में 93 लाख की कीमत तथा बरावनकला में 4.68 करोड़ की जमीन को स्थानीय पुलिस की मुदद से अवैध कब्जे से मुक्त कराया।

नगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजनौर स्थित खसरा संख्या 1257 क्षेत्रफल 0.443 ऊसर जो नगर निगम में निहित है। इसके करीब ही प्रापर्टी डीलर ने खसरा नम्बर 1261 का बैनामा कराकर खसरा संख्या 1257 पर अवैध कब्जा कर लिया था। इस पर कतिपय लोगों ने आवास बना लिया था। नगर निगम की टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से अवैध कब्जे को हटवा दिया है। इसकी बाजारू कीमत 93 लाख आकी गई है। नगर निगम की टीम ने बरावनकला में खसरा संख्या 1213 क्षेत्रफल 0.145 ग्राम सभा में निहित जो नगर निगम की सम्पत्ति है। इस भूमि पर श्री कल्लू द्वारा बास बल्ली के सहारे अवैध कब्जा कर लिया गया था।

# नगर निगम की बैठक में हंगामा, वार्डों से नहीं उठ रहा कूड़ा : सपा पार्षद

## स्मार्ट सिटी और सफाई के कार्यों को लेकर विपक्ष के पार्षदों ने नगर निगम प्रशासन को घेरा, स्मार्ट सिटी के काम पर सत्ता पक्ष ने भी उठाए सवाल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम की विशेष सदन की शुरुआत हंगामेदार रही। शुक्रवार को स्मार्ट सिटी और सफाई के कार्यों को लेकर विपक्ष के पार्षदों ने नगर निगम प्रशासन को घेरना शुरू कर दिया।

स्मार्ट सिटी के काम की समीक्षा करने की मांग भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने भी उठाया। इस दौरान विपक्ष और सत्ता पक्ष के पार्षदों के बीच नोकझोंक हुई। कार्यकारिणी की तरफसे पास करीब 28 अरब 64 करोड़ 68 लाख रुपए के बजट को सदन में रखा जाना है। समाजवादी पार्टी के पार्षद दल के नेता




यावर हुसैन ने कहा, स्मार्ट सिटी के लोग शिकायत नहीं सुनते हैं। स्मार्ट सिटी के साथ दो-दो फीट की नालियां बना दी गई है। वह लोग काम करके चले जाएंगे लेकिन भविष्य में नालियों की सफाई नगर निगम को करना पड़ेगा। बताएं कि लाल बाग और कैसरबाग के इलाके में सड़क ऊंची हो गई है दुकानों को नीचा कर दिया गया है। सपा, बसपा और कांग्रेस के पार्षदों ने आरोप लगाया है कि स्मार्ट सिटी के अंदर अरबों रुपए का भ्रष्टाचार हुआ है। इसकी जांच निश्चित तौर पर होनी चाहिए। बीजेपी के पार्षदों ने भी स्मार्ट सिटी के काम पर सवाल खड़ा किया। भाजपा पार्षद प्रमोद राजन ने कहा, निशातगंज में चौराहा बना दिया गया। जिसकी जरूरत नहीं थी। चौराहे के नाम पर भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। यह जांच का विषय है कि कैसे इस तरह के काम हो रहे हैं। समाजवादी पार्टी के पार्षद ने कूड़े को लेकर भी नगर निगम प्रशासन को घेरा। उनके वार्ड में जो कूड़ा उठ था उसको भी स्मार्ट सिटी तहत रोक दिया।

### सदन में उठा हाउस टैक्स का मुद्दा

पार्षदों के सवाल पर नगर निगम की तरफ से बताया गया है कि इस साल अभी तक 286516 घर ऐसे हैं जिनसे हाउस टैक्स की वसूली नहीं हो पाई है। सदन में हाउस टैक्स बकाए पर मकान सील करने के बाद सुसाइड करने का मामला भी उठा। समाजवादी पार्टी के पार्षद यावर हुसैन रेशु की तरह से यह मामला उठाया गया। भाजपा पार्षद पृथ्वी गुप्ता ने कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सोनिया छोड़कर भाग गई हैं। इस पर कांग्रेस के मुकेश चौहान और ममता चौधरी भड़क गए। सदन में हंगामा शुरू हो गया। देखते ही देखते ममता चौधरी और सुशील तिवारी पम्मी के बीच में जुबानी जंग छिड़ गई। ममता चौधरी ने पम्मी से कहा कि सोनिया नहीं सोनिया जी बोलिए। आखिर में बसपा भाजपा और समाजवादी पार्टी के पास को बीच बचाव करना पड़ा और सुशील तिवारी ने सोनिया जी कहां।

### इतने करोड़ का किया गया प्राविधान

नगर निगम इस बार हाउस टैक्स से करीब 621 करोड़ वसूलेगा। इसको आय की श्रेणी में रखा गया है। पिछले साल इस मद में 556 करोड़ का प्राविधान किया गया था। लेकिन लक्ष्य के मुताबिक दिसंबर तक 240 करोड़ की ही वसूली हो सकी है। इसके अलावा विज्ञापन शुल्क से 15 करोड़, प्रेक्षागृहों से डेढ़ करोड़, कुत्तों से कर के मद में 50 लाख की आय का प्राविधान किया गया है। इसके अलावा पार्किंग से 17 करोड़, यूजर चार्ज से 75 करोड़, रोड कटिंग से आठ करोड़, कॉलोनियों के हैण्डओवर से 30 करोड़ तथा टेण्डर फार्म व जन्म, मृत्यु प्रमाण आदि से 35 करोड़ आय का लक्ष्य है। इसके अलावा 15वें वित्त आयोग से 300 करोड़, समग्र विकास निधि, नगरीय सड़क योजना व अन्तेष्टि स्थल के सुंदरीकरण से 150 करोड़ रु शासन से मिलने की उम्मीद बजट में की गई है।

## खबरें एक नजर में

### राजस्थान के सीएम भजन लाल सीतापुर बैठक में होंगे शामिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजस्थान के सीएम भजन लाल शर्मा राजधानी पहुंच चुके हैं। यहां से वो सड़क मार्ग से सीतापुर के लिए रवाना हो गए हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल सीतापुर के नैमिष में बीजेपी की कलस्टर बैठक में शामिल होने जा रहे हैं। वो सबसे पहले नैमिष में मां ललिता देवी के दर्शन करेंगे, इसके बाद लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी की होने जा रही सर्वे रिपोर्ट की बैठक में शामिल होंगे। बैठक के दौरान स्वतंत्र प्रभार सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता सहित जिले के मंत्री व जनप्रतिनिधियो के साथ अहम बैठक में मौजूद रहेंगे। आज होने वाली बैठक के बाद जिले की सीटों पर प्रत्याशियों का भविष्य तय होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है।

### युवक ने विधानसभा के गेट पर किया आत्मदाह का प्रयास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में विधानसभा के सामने शुक्रवार को एक युवक ने आत्मदाह करने की प्रयास किया। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने युवक को आत्मदाह करने से रोक लिया। जानकारी मिल रही है कि आत्मदाह करने पहुंचा युवक ब्रजेश तिवारी, बहराइच का रहने वाला है और चारबाग में ठेला लगा कर जीवन यापन करता है। शुक्रवार दोपहर के समय ब्रजेश तिवारी पेट्रोल लेकर पहुंचा गया। इस दौरान वह अपने ऊपर पेट्रोल डालने जा ही रहा था कि तभी वहां पहले से मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे देख लिया। जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने उसके हाथ से पेट्रोल छीन लिया। पुलिस की पूछताछ में युवक ने बताया कि वह चारबाग रेलवे स्टेशन के पास में ठेला लगाता है। इससे ही उसके परिवार का गुजारा होता है। पिछले दिनों अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान उसका ठेला पलट दिया गया था। जिससे उसकी रोजी रोटी छिन गई। फ़िलहाल पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### ईको गार्डन पहुंचे छात्र, दोबारा परीक्षा कराने की उठाई मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में पुलिस विभाग की सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर वायरल को लेकर अभ्यर्थियों का गुस्सा शांत होने का नहीं नहीं ले रहा है, दरअसल, परीक्षा से पहले ही पेपर कई ग्रुप में देखने को मिला है। इसे लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह से खबरें भी सामने आईं, लेकिन अभ्यर्थी अब दोबारा परीक्षा कराए जाने की मांग कर रहे हैं। पेपर लीक का आरोप लगाकर हजारों की संख्या में परीक्षार्थी ईको गार्डन धरना पहुंच गए हैं। ये सभी छात्र हाथों में होर्डिंग और बैनर लिए हुए है। इनका कहना था कि छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय हुआ है। पेपर लीक केवल एक जगह नहीं बल्कि कई जगह हुआ है। इसलिए यह एग्झाम फिर से करवाया जाए। आप को बता दें कि पेपर लीक के आरोपों पर यूपी पुलिस विभाग ने एक नोटिस जारी करके शुक्रवार शाम छह बजे तक इससे जुड़े सबूत मांगे हैं। नोटिस में कहा गया है कि शिकायत करने वाला अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर और पेपर लीक से जुड़े सबूत दी गई ईमेल आईडी पर मेल करे।

### राजेश त्रिवेदी बने मान्यता प्राप्त पत्रकार एसो. के नए अध्यक्ष

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन ने अपनी केंद्रीय कमेटी का विस्तार कर एक संयुक्त मंत्री की नियुक्ति के साथ ही उत्तर प्रदेश इकाई के पुनर्गठन की रूपरेखा तैयार की है। एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव डा. अनिल कटियार ने एक आवश्यक बैठक बुलाकर निवर्तमान मंडल अध्यक्ष डा. राजेश त्रिवेदी को मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त कर एक माह में प्रदेश कार्यकारिणी गठित करने का निर्देश दिया है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश त्रिवेदी ने प्रेस मान्यता समिति की सदस्य रहीं वरिष्ठ संपादक सुश्री उमा मिश्रा को राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री नियुक्त किया। बैठक की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केशव कुमार पांडेय ने बताया कि साकेत नगर कानपुर में संपन्न हुई आवश्यक बैठक में संगठन को विभिन्न प्रदेशों में सक्रिय करने की रूपरेखा पर चर्चा हुई।

### नियुक्ति पत्र की मांग पर अड़े अभ्यर्थियों ने काटा हंगामा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 69,000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण प्रभावित अभ्यर्थियों ने आज दूसरे दिन राजधानी लखनऊ स्थित भाजपा कार्यालय पर जमकर हंगामा काटा। इस दौरान पुलिस प्रदर्शन कर रहे लोगों को पुलिस बैन में भर कर इको गार्डन धरना स्थल भेज दिया। दरअसल, अभ्यर्थियों मांग कर रहे हैं कि 6800 पदों पर कट ऑफ जारी कर बचे हुए पदों पर भर्ती की जाए। इसे लेकर अभ्यर्थी ने एक दिन पहले डिप्टी सीएम आवास का घेराव किया था। केशव चाचा मस्त है पिछड़े दलित पस्त है के नारों के साथ अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। आप को बता दें कि 6 साल बीत जाने के बाद भी अभी तक 6, 800 पदों पर अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं मिली है। इसे लेकर आए दिन शिक्षक अभ्यर्थी धरना प्रदर्शन करते रहते हैं। दिसंबर 2018 में 69000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी, भर्ती में आरक्षण को लेकर सवाल उठे। आरक्षण मुद्दे को लेकर अभ्यर्थियों ने कोर्ट में याचिका डाली। हाईकोर्ट की लखनऊ ने बेंच ने सरकार को जून 2020 की सूची पर फिर से विचार करने को कहा है।

### अब यात्री रोडवेज वर्कशॉप से भी पकड़ सकेंगे बस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यात्री और राज्य परिवहन निगम हित में निगम प्रशासन नया प्रयोग करने जा रहा है। रोडवेज अपनी बसों के कार्यशाला से ही आउटशेड करने की तैयारी में है। कार्यशाला से बस निकलते ही यात्री बैठ सकेंगे। परिवहन निगम के एम डी मासूम अली सरवर के मुताबिक यात्रियों की सुविधा के लिए बसें कार्यशाला से चलाई जाएंगी। इसके लिए कार्यशालाओं में टिकट विंडो, कैश रूम और ईटीएम रूम स्थापित होगा ताकि जहां से बस की ट्रिप शुरू हो, वहीं आकर खत्म हो। कार्यशालाओं से बस अड्डे के बीच किलोमीटर के आधार पर यात्रियों को टिकट जारी किए जाएंगे। कार्यशाला से बसें निकलती हैं और कार्यशाला में आकर ट्रिप खत्म होती हैं। ऐसी स्थिति में बस अड्डे से कार्यशाला के बीच बसें खाली दौड़ती है।

# सीरगोवर्धनपुर में काशी की तर्ज पर हो रहा है विकास कार्य : मुख्यमंत्री योगी

▸ संत रविदास की 647वीं जयंती में बोले सीएम योगी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ, वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सीरगोवर्धनपुर में नया स्वरूप काशी की तर्ज पर देखने को मिलता है। संत रविदास की 647वीं जयंती समारोह को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि दस वर्ष पहले यह कल्पना थी, विवाद थे। भव्य समागम की जगह नहीं मिल पाती थी। सड़कें संकरी थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता, मार्गदर्शन व नेतृत्व में आज पूज्य संत रविदास महराज का पावन तीर्थ नई दिव्यता-भव्यता से चमकता दिखाई दे रहा है। आज संग्रहालय का शिलान्यास हुआ है। यह संगत जब उनकी 650वीं जयंती को मनाएगा तो अगले तीन वर्ष के अंदर ही भव्य स्मारक संग्रहालय के रूप में देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी ने इस दौरान 101 करोड़ से सीर गोवर्धनपुर में संत रविदास मंदिर से संबंधित आध्यात्मिक पर्यटन विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास किया गया और कहा कि प्रधानमंत्री ने तीसरी बार सीर गोवर्धन में आकर संत रविदास जी की प्रतिमा व पार्क का लोकार्पण किया है।

देश 1947 में आजाद हुआ। उसके पहले भी लोग घोषणाएं करते थे, लेकिन क्या कार्य हो पाया। प्रधानमंत्री मोदी ने जगद्गुरु रामानंद व रविदास जी की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए कार्यों को धरातल पर उतारा है। जगद्गुरु रामानंद ने यही कहा था 'जाति-पाति पूछे नहीं कोई-हरि को भजे सो हरि का होई'... यह हमें आज देखने को मिल रहा है। समाज में सबका साथ-सबका विकास का मंत्र साकार हो रहा है। हर गरीब को मकान, शौचालय, पांच लाख रुपये की आयुष्मान भारत की गारंटी मिल रही है। साथ ही जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति की जा रही है। स्वतंत्र भारत में पहली बार बाबा साहेब के पंच तीर्थों को सम्मान देने का कार्य हुआ है। इसके लिए पूरा देश व समाज पीएम के प्रति आभार व्यक्त करता है। सीएम योगी ने कहा कि काशी की धरती के माध्यम से पीएम ने देश-दुनिया को नई प्रेरणा दी है। कोरोना कालखंड में हर कोई सशंकित रहता था कि 140 करोड़ भारतवासी कैसे जीवित रहकर आगे बढ़ पाएंगे, लेकिन प्रधानमंत्री ने फ्री में टेस्ट, वैक्सीन व उपचार की व्यवस्था की। 600 वर्ष पहले सद्गुरु ने कहा था कि'ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न, छोट-बड़ो सब सम बसे, रविदास रहे प्रसन्न। संत रविदास की इस उक्ति को पीएम मोदी ने चरितार्थ किया।

### सीएम कल रायबरेली एम्स के लोकार्पण में रहेंगे मौजूद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को रायबरेली पहुंच रहे हैं, वह प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एम्स रायबरेली के वर्चुअल लोकार्पण के दौरान यहां उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर एम्स परिसर में ही आयोजित एक जनसभा को भी मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अलावा केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मवड़िया केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, सहित आधा दर्जन से अधिक मंत्री शामिल होंगे। लोकार्पण कार्यक्रम के लिए तैयारियां की जा रही हैं । इस सम्बंध में तैयारी का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा पार्थसारथी सेन शर्मा व एमपी एनएचएम डॉ पिंकी जोवेल एम्स पहुँचे। प्रमुख सचिव ने डीएम हर्षिता माथुर, एसपी अभिषेक अग्रवाल के साथ एम्स के डायरेक्टर और अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों को परखा। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा 25 फरवरी को राजकोट में एम्स के शिलान्यास के साथ देश मे निर्मित पाँच एम्स को वर्चुअल माध्यम से राष्ट्र को करेंगें।जबकि एम्स रायबरेली परिसर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,कई केंद्रीय मंत्री व उपमुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्री इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगें।

# कार्यकाल पूरा होने पर सूचना आयुक्त को अफसरों-कर्मियों ने दी विदाई



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राज्य सूचना आयोग के सूचना आयुक्त प्रमोद कुमार तिवारी को शुक्रवार को उनका कार्यकाल पूरा होने पर कर्मचारियों और अधिकारियों ने विदाई दी। इस दौरान उनका अभिनंदन करने के साथ उनके कार्यकाल की उपलब्धियों को सराहा गया। मालूम हो कि सूचना आयुक्त प्रमोद कुमार तिवारी का कार्यकाल पूरा होने की तिथि 25 फरवरी है, लेकिन दो दिन का अवकाश होने के कारण 23 फरवरी को विधिवत विदाई की औपचारिकता पूरी की गई।

सूचना आयुक्त प्रमोद कुमार तिवारी ने 26 फरवरी 2019 को सूचना आयुक्त का कार्यभार संभाला था। उन्होंने अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में शिकायतकर्ता और अपीलकर्ता की 28 हजार से अधिक पत्रावलियों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित कर कीर्तिमान स्थापित किया है। वहीं जन सूचना अधिनियम का पालन न करने पर 1700 जन सूचना अधिकारियों को दंडित किया है। साथ ही हजारों अपीलकर्ता और शिकायतकर्ताओं को आर्थिक क्षतिपूर्ति का भुगतान भी करवाया है। सूचना आयुक्त ने अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत एक ऐतिहासिक निर्णय भी दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रदेश के निजी विद्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को विद्यालय प्रबंधन से जुड़ी सारी सूचनाएं देने के साथ-साथ सामान्य जनमानस को भी इसकी जानकारी दें, ताकि गार्जियंस अपने बच्चे को जिस विद्यालय में पढ़ा रहे हैं उससे वो परिचित रहें। प्रमोद कुमार तिवारी के इस निर्णय के बाद आज कोई भी अभिभावक यह जानकारी निजी विद्यालय से हासिल कर सकता है।

# अवध शिल्पग्राम में हुआ तीसरे अंतरराष्ट्रीय आरोग्य का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज

▸ केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोणोवाल ने किया उद्घाटन

**लखनऊ।** अवध शिल्पग्राम में आज से शुरू हुए चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आरोग्य 2024 का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोणोवाल ने कहा कि भारत की पारम्परिक चिकित्सा पद्धतियों को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के लिए भारत एक केंद्र के रूप में स्वयं को प्रमाणित कर रहा है। श्री सोणोवाल अवध शिल्पग्राम में शुरू हुए तृतीय अंतरराष्ट्रीय आरोग्य 2024 का बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन करने आए थे।

कार्यक्रम में देश-विदेश के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एक पृथ्वी एक परिवार एक स्वास्थ्य हमारी कार्य प्रणाली है, जबकि रोक थाम उपचार और पुनर्वास एक समाज के रूप में हमें स्वस्थ रखने के स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि लोकल से वोकल और वोकल से ग्लोबल तक पारंपरिक औषधियों को विश्व स्तर पर बढ़ावा देना हमारा उद्देश्य है तथा लोगों को आयुर्वेद तथा अन्य आयुष चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जागरूक करने का दृष्टिकोण हम अपने साथ लेकर चल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 2047 तक भारत का लक्ष्य दुनिया का नंबर एक विकसित देश बनने का है। भारत देश के भीतर उपलब्ध संसाधनों को देख सकता है और विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ ने पहले ही भारतीय क्षमताओं और संसाधनों को मान्यता दे दी है। वर्तमान में हमारे पास 170 से अधिक देश हैं जो चिकित्सा की पारंपरिक प्रणालियों का अभ्यास कर रहे हैं। इससे पूर्व आयुष मंत्रालय भारतसरकार फिक्की वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अंतरराष्ट्रीय आरोग्य 2024, में अपनी बात रखते हुए डॉ मुंजपरा महेंद्रभाई , माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री आयुष और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले एक दशक से आयुष मंत्रालय ने आयुष क्षेत्र में परिवर्तनकारी पहल की है जो अपनी स्थापना के बाद से ही भारत की पारंपरिक चिकित्सा परिदृश्य को नया आकार दे रही है।

## आवास योजना ग्रामीण 38376 लाभार्थियों के लिए 38 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 के लिये 38376 लाभार्थियों के आवास निर्माण हेतु तृतीय किश्त की धनराशि 3837.60 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ,ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी किया जा चुका है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजनान्तर्गत स्वीकृत की गई धनराशि स्टेट नोडल बैंक एकाउन्ट से पीएफएमएस के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खाते में अन्तरित की जाये। स्वीकृत धनराशि का आहरण एकमुश्त न करते हुए अपितु आवश्यकता के अनुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का व्ययअनुमोदित परियोजना, योजना के दिशा निर्देशों, गाइड लाइन्स एवं नियमों के अनुसार किया जायेगा। जनपदों की मांग, आवश्यकता का परीक्षण करते हुए धनराशि आवंटित की जायेगी। लाभार्थियों को अनुदान जारी करते समय यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रश्नगत कार्य हेतु लाभार्थी को किसी अन्य योजना से अनुदान प्रदान न किया गया हो।

# दूसरे दिन 28 हजार बच्चों ने छोड़ी परीक्षा

▸ अब तक साढ़े तीन लाख ने छोड़ी परीक्षा नकलची पकड़ा गया

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) सचिव दिव्य कांत शुक्ल ने अपने कक्ष में एक बड़ी स्क्रीन लगाकर कंट्रोल रूम पर नजर रखने की व्यवस्था कर दी है। मोबाइल फोन से भी 24 घंटे निगरानी की जा रही है। आज दूसरे दिन हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा में सख्ती से दूसरे दिन भी 28 हजार बच्चे परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंचे। एक नकलची भी पकड़ा गया।

यूपी बोर्ड की परीक्षा दूसरे दिन भी शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। शुक्रवार को 4 लाख 47 हजार परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होना था। लेकिन 28,513 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। पहले दिन 3 लाख 33 हजार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे थे। प्रथम पाली में हाईस्कूल पाली, अरबी, फारसी की परीक्षा 114 केंद्रों एवं इंटर में नागरिकशास्त्र की परीक्षा 7362 केंद्रों पर हुई जिसमें हाईस्कूल में 1003 तथा इंटर में 3,71,938 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था। इसी प्रकार द्वितीय पाली हाईस्कूल में संगीत गायन 602 केंद्रों एवं इंटर की व्यावासायिक व कृषि वर्ग की परीक्षा 1812 केंद्रों पर हुई। इनमें हाईस्कूल में 10,695 तथा इंटर में 63,865 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। प्रथम पाली में 25,916 परीक्षार्थी तथा द्वितीय पाली 2,597 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पूरे प्रदेश में मात्र एक नकलची पकड़ा गया। सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि परीक्षा व्यवस्था का लगातार अपडेट किया जा रहा है। सचिव कक्ष में पूरे प्रदेश के कंमाड एवं कंट्रोल रूम की निगरानी के लिए एक नया कंट्रोल रूम बना दिया गया है। यहां से सचिव एवं उनके अधीनस्थ अधिकारी भी नजर रखे हुए हैं। सचिव ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम पर सीसीटीवी कैमरे से दृष्टि रखी जा रही है। गूगल मीट के माध्यम से जिलों के शिक्षाधिकारियों को लगातार दिशा निर्देश दिया जा रहा है।

गौरतलब है कि, बोर्ड परीक्षा में 55 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया है। आठ हजार से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। तीन लाख से अधिक कक्ष निरीक्षक की तैनाती हुई है। सभी को क्यूआर कोड वाले आईकार्ड दिए गए हैं। उत्तर पुस्तिका को भी क्यूआर कोर्ड के दायरे में लाया गया है। परीक्षा में नकल रोकने के लिए एसटीएफ, लोकल खुफिया विभाग एवं पुलिस भी सक्रिय है।

# थाई फेस्टिवल में संस्कृति देखने उमड़े विदेशी पर्यटक, झांकियों से बुद्ध स्थली धम्ममय

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/कुशीनगर।** कुशीनगर के थाई बौद्ध बिहार माघ पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित की जानी वाले दो दिवसीय थाई फेस्टिवल में पर्यटक इंडो थाई की साझा संस्कृति देखने उमड़ पड़े। फेस्टिवल में कई देशों के पर्यटकों ने सहभागिता की और आयोजन को सराहा। शुक्रवार देर शाम को निकली परंपरागत बुद्ध धातु शोभा यात्रा थाई मोनास्ट्री से निकल महापरिनिर्वाण मंदिर पहुंची।

इस दौरान विभिन्न आकर्षक झांकियों और थाई कलाकारों के नृत्य व संगीत से बुद्ध स्थली धम्ममय हो गयी। शुभारंभ थाई मंदिर परिसर में थाईलैंड से आये श्रेष्ठ भिक्षु सोमदेत द्वितीय ने किया। शनिवार को शोभायात्रा प्रातः आठ बजे महापरिनिर्वाण बुद्ध मंदिर से निकलेगी और इसका समापन रामाभार स्तूप की पूजा के बाद हो जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक पीएन पाठक ने कहा कि थाई बुद्ध मंदिर द्वारा पिछले 15 वर्षों से माघ पूर्णिमा के उपलक्ष में यह कार्यक्रम अनवरत जारी है। यह भारत-थाई मैत्री का प्रतीक है। इससे थाई पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। उम्मीद है कि भविष्य में इस आयोजन को देखने के लिए अन्य देशों से भी पर्यटक आएंगे। हथुआ (बिहार)के महाराजा मृगेन्द्र प्रताप साही को थाई भिक्षु सोमदेत द्वितीय ने थाईलैंड के महाचुलालोंगकांग विश्वविद्यालय की डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की। शोभायात्रा के पूर्व बुद्ध धातु अवशेष की विधिवत पूजा हुई।

मंथन | मंत्री ने की वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में ऊर्जा व नगर विकास विभाग के दायित्वों की समीक्षा

# रिन्यूवल व ग्रीन एनर्जी और थर्मल पावर के उत्पादन पर जोर



▸ प्रदेश में औद्योगीकरण बढ़ने से विद्युत की मांग में होगी बढ़ोत्तरी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मुख्यमंत्री के संकल्प एवं निर्देशों के क्रम में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 2027 तक वन ट्रिलीयन डॉलर तक ले जाने में ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग के कार्यदायित्वों की समीक्षा की। ऊर्जा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिये कि वर्ष 2027-2028 तक में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलीयन डॉलर बनाने के लिए एग्रीकल्चर, मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थ, सर्विस सेक्टर, इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि सभी क्षेत्रों में ऊर्जा की मांग बढ़ेगी, इस बढ़ी हुई मांग को निर्बाध रूप से पूरा करने के लिए रिन्यूएवल एनर्जी, ग्रीन एनर्जी के साथ थर्मल पावर के उत्पादन पर ध्यान केन्द्रित करना होगा।

श्री शर्मा शुक्रवार को शक्ति भवन में अपने दोनों विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ प्रदेश को वन ट्रिलीयन डॉलर इकोनामी बनाने के रोडमैप पर दोनों विभागों के कार्यदायित्वों पर चर्चा की और कार्यों की समीक्षा की। किसी भी देश व प्रदेश के विकास में ऊर्जा जरूरतें वहां के इकोनॉमी ग्रोथ के इंजन के रूप में कार्य करती हैं। हमें अपने प्रदेश की ऊर्जा व्यवस्था को हर हाल में सुदृढ़ एवं पूरी तरह से मांग के अनुरूप बनाना होगा। ग्रीडों का आधुनिकीकरण कर क्षमता बढ़ानी होगी। आधारभूत संरचना को मजबूत करना होगा। इसके लिए आवश्यक तकनीकी जरूरी संसाधन तथा वित्तीय प्रबंधन पर ध्यान केन्द्रित कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाय, जिससे कि ऊर्जा विभाग जिम्मेदारियां निभा सके। इन सबको ध्यान में रखकर रणनीति बनायी जाय।

### 2027 तक 22 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 तक 22 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य है। प्रदेश में 3630 मेगावाट के सोलर पार्क भी बनाये जा रहे। बुन्देलखण्ड में 04 हजार मेगावाट का ग्रीन एनर्जी ट्रांसमिशन कॉरीडोर का निर्माण हो रहा। विद्युत व्यवस्था के ढांचागत सुधार के लिए आरडीएस योजना के तहत 16000 करोड़ रूपये के कार्य युद्धस्तर पर चल रहे। आगामी कुछ वर्षों में कई थर्मल पॉवर प्लांट से भी बिजली उत्पादन शुरू हो जायेगा। ग्रीन हाइड्रोजन प्रतिवर्ष वन मिलीयन मिट्रिक टन उत्पादन का भी लक्ष्य है। बायो एनर्जी पर 5005 करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट धरातल पर उतारे जाने हैं। अन्य प्रदेशों की अपेक्षा उत्तर प्रदेश में घरेलू उपभोग में बिजली की खपत सर्वाधिक 47 प्रतिशत है जबकि औद्योगिक क्षेत्र में 15 प्रतिशत, कृषि क्षेत्र में 20 प्रतिशत और वाणिज्यिक क्षेत्रों में 07 प्रतिशत विद्युत का उपभोग है। प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र में निवेश बढ़ने से विद्युत की मांग भी बढ़ेगी।

डीएम ने की जनपद स्तरीय सलाहकार समिति एवं बैंकर्स समिति की समीक्षा बैठक

# अधिक से अधिक आवेदनों को स्वीकृत करें बैंक अधिकारी : डीएम

▸ लम्बित आवेदनों को समय से करें निस्तारित बैंकर्स अधिकारी



गोंडा, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार एवं बैंकर्स समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जनपद के सभी बैंकर्स के पदाधिकारी एवं कृषि विभाग, उद्यान विभाग, डूडा विभाग, केसीसी, फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, साइन अप इंडिया योजना, केसीसी रिन्यूअल, प्रीमियम, इंश्योरेंस, पीएमईजीपी योजना, माटीकला योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एनआरएलएम विभाग, पीएम स्वानिधी योजना, मत्स्य विभाग, प्रधानमंत्री जनधन योजना, आधार सीडिंग, शिक्षा विभाग, मातृ वंदना योजना, स्वास्थ्य विभाग, एनपीए बैंकर्स वसूली सहित कई अन्य विभागों पर गहन समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद के सभी बैंक के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लाभार्थियों के द्वारा किए गए लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द स्वीकृत करते हुए, निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उपरोक्त सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं को लाभ अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जाय तथा अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जाए। बैठक में नाबार्ड विभाग से संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जाए ताकि लोग योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एम.अरुन्मोली, जिला अग्रणी बैंक अधिकारी अभिषेक रघुवंशी, डीडीएम नाबार्ड, डीसी एनआरएलएम जनार्दन प्रसाद, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, सीएमएम डूडा विभाग अंशिका श्रीवास्तव, अमन श्रीवास्तव नगरपालिका सहित जनपद के सभी बैंकर्स के अधिकारीगण एवं कार्यदाई संस्थाओं के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## कम्पोजिट विद्यालय के छात्र-छात्राओं को डीएम ने किया सम्मानित



शुक्रवार को शिक्षा क्षेत्र झंझरी अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय लक्ष्मणपुर जाट में आयोजित वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम दीप प्रज्वलित एवं मां के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के निपुण शिक्षा प्राप्त कर चुके बच्चों को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वहां पर उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में विद्यालय के बच्चों को एवं अन्य लोगों को शिक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए विद्यालय के कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी स्टाफ को उत्साहित किये। कार्यक्रम के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग के डायट प्राचार्य दर्जीकुंआ, खंड शिक्षा अधिकारी झंझरी, जिला समन्वयक बेसिक शिक्षा विभाग राजेश कुमार सिंह, विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं, कार्यक्रम संचालक राघव राम पाण्डेय, ग्राम प्रधान सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की ट्रक से कुचलकर मौत

गोंडा, समृद्धि न्यूज।




शहर के स्टेशन रोड स्थित नूरामल मंदिर के पास बृहस्पतिवार को बाइक सवार छात्र को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। वह बाइक समेत नीचे आ गिरा। ट्रक से कुचलकर उसकी मौत हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस आवागमन बहाल कराने के बाद ट्रक कोतवाली ले गई। पुलिस के अनुसार, हादसे के दौरान छात्र ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। इटियाथोक थाना क्षेत्र के कलेना गांव निवासी विकास कुमार गुप्ता (21) पुत्र कृष्ण कुमार गुप्ता शहर के एलबीएस कॉलेज में बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र था। बृहस्पतिवार को प्रयोगात्मक परीक्षा देने कॉलेज आया था। दोपहर में परीक्षा देने के बाद वह बाइक से घर लौट रहा था। नूरामल मंदिर के पास ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। छात्र बाइक समेत ट्रक के नीचे आ गया। कुचलकर उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। इससे जाम लग गया। हादसे की सूचना पर चौकी प्रभारी बड़गांव प्रेमानंद ने पहुंचकर जाम खुलवाया। हादसे के बाद चालक ट्रक से कूदकर भाग निकला। हादसे की सूचना पर युवक के घर कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। युवक के परिजनों से तहरीर मांगी गई है, तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।



## पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान के प्रति किया जागरूक

**रुपईडीह/गोंडा, समृद्धि न्यूज।** मतदाता जागरूकता दिवस पर शुक्रवार को राम शंकर अयोध्या प्रसाद बालिका इंटर कॉलेज कौड़िया में मतदाता दिवस अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सैकड़ों बच्चों ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। नेहरू युवा केंद्र गोण्डा एवं राधे फाउंडेशन के बैनर तले विद्यालय में मतदाता जागरूकता पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र विभिन्न ग्राम पंचायतों के सैकड़ो छात्राओं ने प्रतिभा किया। प्रतियोगिता में सर्वाधिक आकर्षण पेंटिंग बनाने वाले छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसमें शशांक राजपूत, तनु सिंह रजनी कान्त तिवारी, अमित द्विवेदी, नीतू शुक्ला, नम्रता सिंह, गरिमा पाठक, शशि मिश्रा, लालजी शुक्ला , राहुल शुक्ला, दीप्ति शुक्ला, चांदनी रावत, कुलदीप शुक्ला, विश्वनाथ रहे।

## मारपीट मामले में दो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज। कोतवाली पुलिस ने एक अनुसूचित जाति के व्यक्ति की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध मारपीट, गाली गलौज के साथ अनुसूचित जाति जनजाति नृसंशता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। घटना कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर अमरहा से जुड़ी है। यहाँ के निवासी कन्हैयालाल ने गांव के ही दो लोगों करिकऊ व पवन कुमार के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। जिसमें कहा गया है कि वह मजदूरी पेशा व्यक्ति है,उसका बेटा अजय कुमार रास्ते पर खेल रहा था। इस बीच करिकऊ व पवन कुमार उसे भगाने लगे। जब उसने विरोध किया तो उसकी पिटाई कर दी तथा त्रिशूल से उसके सिर पर हमला कर दिया। उसके शोर मचाने पर लोग भाग गए। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। विवेचना क्षेत्राधिकारी को सौंपी गई है।

# कब्जा करने के बाद दबंग दे रहे बलात्कार में फंसाने की धमकी

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

▸ दबंगों के हमले में पीड़ित का टूटा हाथ बेटी का फूटा सिर

उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर देवीपाटन परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक अमरेंद्र प्रताप सिंह पीड़ितों को न्याय दिलाने में पूरा प्रयास कर रहे हैं।लेकिन कुछ ऐसे पीड़ितों के सहयोगी व दलाल किस्म के व्यक्ति हैं,जो महिलाओं को आगे करके फर्जी शिकायत करवा कर निर्दोषों पर मुकदमे में फंसाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रयास असफ़ल होने पर पुलिस पर आरोप प्रत्यारोप रचना शुरू कर देते हैं,उसी के साथ,ट्विटर व अन्य के माध्यम से अपना बयान बाजी सोशल मीडिया इंटरनेट पर वायरल करने लगते हैं। बलरामपुर के सादुल्लाह नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर ग्रिंट से जुड़ा हुआ है,जहां की रहने वाली लक्ष्मी देवी ने जमीनी विवाद को लेकर विपक्षी को लूट व बलात्कार में फसाने को लेकर आनलाइन व पुलिस के उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया।

पीड़ित लाल मन के अनुसार विपक्षी के शिकायती पत्र को लेकर सादुल्लाह नगर थाने की पुलिस ने रामपुर ग्रिंट गांव पहुंचकर ग्रामीणों से पूछताछ कर जांच पड़ताल किया तो सामने निकल कर आया की दोनों पक्षो का पुराना जमीनी विवाद था, जिसको लेकर मारपीट की घटना दिनाक 2/2/24




को दिन के दोपहर मे घटित हुई थी,जिस दिन मारपीट की घटना हुई थी उसी घटना के आधे घंटे बाद लक्ष्मी देवी के देवर अमित चौहान मौके पर आकर अपने भाभी को घटनास्थल पर लेटाकर ऊपर से कपड़े डालकर एक वीडियो तैयार किया इस वीडियो में घटनास्थल के पास पड़ोस की करीब दस महिलाएं भी वीडियो में कवरेज हो गई जो सभी बता रही है कि लालमन को फर्जी लूट व बलात्कार के मुकदमे में फसाने के लिए ऐसा वीडियो तैयार किया गया है। पीड़ित लालमन ने बताया कि दिसंबर माह में मेरे व प्रेम कुमार के परिवार के बीच जमीनी विवाद हुआ था,हम दोनों पक्ष आपस मे 15 दिसंबर को सुलह समझौता कर लिए थे दो फरवरी को उसी जमीनी विवाद को लेकर कहा सुनी हो गई, और विपक्षी एक राय होकर आए और लाठी डंडा से मारपीट कर मुझे व मेरे बेटे, तथा पत्नी, बहु, बेटी, को घायल कर दिया घायल अवस्था में थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दिया, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और मेडिकल के लिए अस्पताल भेज दिया, मेडिकल होने के बाद मेरा दाहिना हाथ फैक्चर पाया गया, जिसमें विवेचक ज्ञानेश्वर सिंह द्वारा मुकदमा में 325 की बढ़ोतरी कर दिया। इस बात को लेकर लक्ष्मी मनगढ़ंत तरिके से लुट व बलात्कार में फसाने की धमकी दे रही है। पीड़ित लाल मन ने यहां तक बताया कि लक्ष्मी के देवर अमित कुमार जो मारपीट के समय घर पर नहीं थे बाद में घटनास्थल पर आकर अपने भाभी लक्ष्मी का वीडियो बनाया और अपनी भाभी एवम बहन अंजन चौहान को लेकर फर्जी शिकायती पत्र पुलिस के उच्च अधिकारियों को दिलाने लगे और तरह-तरह की धमकियां देने लगे पीड़ित व पीड़ित का परिवार काफी डरा हुआ है। पीड़ित ने बताया है कि जल्द डीआईजी से मिलकर अन्य की गुहार लगाएंगे।

## खबरें एक नजर में

### ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर सवार की मौत





**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के भंभुआ चौकी अन्तर्गत ताले पुरवा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मार दिया जिससे ट्रैक्टर सवार की गिरकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के भंभुआ चौकी अन्तर्गत ताले पुरवा मोड़ के पास की है। गुरूवार को ग्राम काशीपुर डीहा निवासी फौजदार गोस्वामी उम्र करीब 55 वर्ष चीनी मिल जरवल रोड अपना गन्ना बेंचने गए थे। देर शाम ट्रैक्टर पर सवार होकर वापस घर आ रहे थे। अभी वह ताले पुरवा मोड़ पर घर की तरफ मुड़ रहे थे,कि अचानक पीछे से पहुंचे ट्रक ने ट्राली में जोरदार टक्कर मार दिया,जिससे फौजदार गोस्वामी नीचे गिर गए और ट्रेक्टर के नीचे दबकर मरणासन्न हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन व पुलिस द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज लाया गया जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पत्नी मीरा देवी अपने पति का शव देख बदहवास हो गई और परिजनों में कोहराम मचा है। इस संबंध में भंभुआ चौकी प्रभारी सुरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर अन्य वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### मकान का छज्जा गिरने से पंचायत सहायिका की मौत



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिशनपुर में शुक्रवार की सुबह एक निर्माणाधीन मकान का छज्जा गिरने से एक युवती की मौत हो गयी। बताया जाता है कि युवती पंचायत सहायिका के पद पर कार्यरत थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के मुताबिक तरबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिशुनपुर के रहने वाले भोला सिंह अपने मकान का निर्माण करा रहे हैं। शुक्रवार की सुबह इस निर्माणाधीन मकान का छज्जा भरभराकर गिर गया। छज्जा गिरने से भोला सिंह की बेटी ललिता सिंह उम्र करीब 23 वर्ष इसके मलबे में दब गई और गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गयी। बताया जाता है कि मृतका युवती पंचायत सहायिका के पद पर कार्यरत थी।

### एसएसपी ने पुलिस लाइन का किया मुआयना



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर शुक्रवार की परेड की सलामी ली गई साथ ही परेड, डायल 112 के वाहनों का निरीक्षण कर पुलिस लाइन का मुआयना किया गया। शुक्रवार की परेड के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर परेड की सलामी ली गई सलामी ग्रहण करने के उपरांत पुलिस बल को दौड़ कराई गई एवं टोली बार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए आरक्षियों को परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी देते हुए शस्त्र को खोलने व जोड़ने का अभ्यास कराया गया, तत्पश्चात , यूपी 112 पीआरवी वाहनों तथा परेड में सम्मिलित समस्त थाना प्रभारियों/ थानाध्यक्षों की गाडियों का निरीक्षण कर उनमें एंटी राइट इक्विपमेंट, मेडिकल किट एवं बॉडी प्रोटेक्टर आदि की उपलब्धता के बारे में जानकारी करते हुए संबंधित को पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन जीडी कार्यालय, डायल– 112 कार्यालय, पुलिस कंट्रोल रूम, शस्त्रागार ,डीसीआऱ कार्यालय, बैरक, आटा चक्की व तेल कोल्हू एवं पुलिस भोजनालय का निरीक्षण कर संबंधित को साफ सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# दुष्कर्म के बाद हुई थी बालिका की हत्या, एक गिरफ्तार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।




कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी छह वर्षीय बालिका की दुष्कर्म के बाद हत्या हुई थी। पुलिस ने दुष्कर्म, हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर एक आरोपी को जेल भेज दिया है। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी छह वर्षीय बालिका गांव निवासी पड़ोसी राजेश उर्फ लाला के यहां गई थी। 21 फरवरी को गई बालिका का शव दूसरे के खेत से गुरुवार को बरामद हुआ था। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी राजेश उर्फ लाला पुत्र पृथ्वी ने दुष्कर्म के बाद बालिका की हत्या कर दी थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने राजेश लाला के विरुद्ध दुष्कर्म, हत्या, अपहरण और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। टीम में कोतवाल राजनाथ सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक हरीश सिंह, उप निरीक्षक कैसर खां, बेचू प्रसाद गौड़, राम सरन यादव, अजय कुमार सिंह, महिला सिपाही गायत्री समेत अन्य मौजूद रहे।

▸ पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में दर्ज किया केस

## पूर्व सीएम अखिलेश यादव आज बहराइच में

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह के घर शनिवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव आयेंगे। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा में नेता विरोधी दल अखिलेश यादव का 24 फरवरी को जनपद आगमन होगा। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री 11 बजकर 45 मिनट शहर के पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड निजी हैलीकाप्टर से पंहुचेंगे। यहां से वह 12 बजे शहर के काजीपुरा मोहल्ला स्थित प्रदेश के पूर्व मंत्री यासर शाह के आवास पर पंहुचकर यासर की स्व. माता व पूर्व सांसद रूवाब सईदा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद 12 बजकर 45 मिनट पर हेलीपैड स्थल से अपने निजी हेलीकाप्टर से वापस लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# फीस बकाया के चलते नहीं दिया एडमिट कार्ड, परीक्षा छूटी

▸ स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से इंटर के छात्र का हिंदी का पेपर छूटा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के ग्राम पंचायत उर्रा निवासी इंटर के छात्र को बकाया फीस के चलते एडमिट कार्ड नहीं दिया गया है। जिसके चलते उसकी परीक्षा छूट गई। शिकायत और फजीहत के डर से रात में छात्र को उसके घर एडमिट कार्ड भी दे दिया गया, लेकिन छात्र का साल बर्बाद हो गया।मोतीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत उर्रा के सौंजहां में जय मां काली इंटर कालेज का संचालन होता है।

इस विद्यालय में ग्राम पंचायत उर्रा निवासी एजाज अंसारी पुत्र अलाउद्दीन अंसारी कक्षा 12 का छात्र है। गुरुवार से उसका यूपी बोर्ड परीक्षा होनी थी। एजाज ने बताया कि मां की तबियत खराब है। जिसके चलते उसकी पूरी फीस नहीं जमा है। बोर्ड की परीक्षा के चलते गुरुवार को सुबह वह विद्यालय में एडमिट कार्ड लेने के लिए गया तो स्कूल प्रबंधन की ओर से फीस बकाया का हवाला देकर उसे वापस कर दिया गया। जिसके चलते वह इंटर हिंदी का पेपर नहीं दे पाया। बोर्ड परीक्षा में वह एब्सेंट हो गया। इसकी जानकारी गांव के अन्य लोगों को हुई तो सभी काफी नाराज हुए। स्कूल प्रबंधन की शिकायत करने की बात कही। इसकी भनक विद्यालय के प्रधानाचार्य को लग गई।

इस पर उन्होंने रात में घर जाकर एडमिट कार्ड दे दिया। इस मामले में डीआईओएस के सीयूजी नंबर पर फोन किया गया तो उनका नंबर स्विच ऑफ बताता रहा।



### बैक पेपर का दे रहे भरोसा

इंटर के छात्र एजाज ने बताया कि फीस के अभाव में उसका साल बर्बाद हो गया। लेकिन रात में एडमिट कार्ड देने आए लोगों ने बैक पेपर के सहारे परीक्षा पास करवाने की बात कही है।

# संजय सेतु पुल के ज्वाइंट में आई दरार, आवागमन प्रभावित

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

▸ पुल में तीन जगह टूटा लोहे का गटर, वन साइड हुआ आवागमन
▸ लखनऊ बहराइच मार्ग पर रह रह कर लग रहा जाम

लखनऊ बहराइच मार्ग पर जरवल रोड में संजय सेतु पुल में लोहे का गटर चार स्थानों पर टूट गया है। जिसके चलते आवागमन प्रभावित हो गया है। वन साइड आवागमन प्रभावित होने के चलते वाहनों की लंबी कतार लग गई है। एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा टीम मौके पर भेजी गई है। मरम्मत कार्य शुरू हुआ है। लखनऊ बहराइच मार्ग पर जरवल रोड में संजय सेतु पुल स्थित है। इस पुल से लखनऊ, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर के लोगों का आवागमन होता है। इस मार्ग पर बड़े और छोटे भार वाहन संचालित होते हैं। शुक्रवार सुबह नौ बजे घाघरा नदी पर बने संजय सेतु पुल में चार स्थानों पर लोहे का गटर टूट गया। जिसके चलते पुलिस ने आवागमन रोक दिया गया। आवागमन रुकने के चलते





लखनऊ बहराइच मार्ग पर वाहनों का जाम लग गया। प्रभारी निरीक्षक बृज प्रसाद ने मौके पर पहुंच कर आवागमन कर वन साइड करवाया।इसके बाद सूचना एनएचएआई के अधिकारियों को दी गई। एनएचएआई के अधिकारियों के निर्देश पर सुपरवाइजर बाबूराम टीम के साथ पहुंचे। पुल के मरम्मत का कार्य शुरू हुआ है। गटर को एनएचएआई की ओर से जोड़ा जा रहा है। हालांकि मरम्मत कार्य के चलते लगभग 24 घंटे आवागमन वन साइड रहने की संभावना है। वाहनों को धीमे धीमे पुल से निकाला जा रहा है।




## भाजपा कार्यालय पर मनाई गई संत गाडगे महाराज की जयंती

▸ संत गाडगे घूम-घूम कर सामाजिक न्याय एवं स्वच्छता का प्रचार करते थे : बृजेश पांडेय

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को संत गाडगे महाराज की 148वी जयंती भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने संत गाडगे के चित्र पर माल्यापर्ण करके जयंती मनाया। उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संत गाडगे महाराज महाराष्ट्र प्रदेश के एक भिक्षुक संत और समाज सुधारक थे ।वे घूम घूम कर सामाजिक न्याय एवं स्वच्छता का प्रचार करते रहे। संत गाडगे बाबा ने लोगों से कहा कि जब तक कोई उच्च शिक्षा आत्मनिर्भरता और उचित स्वच्छता नहीं अपनाएंगे तब तक वह प्रगति नहीं कर सकते। संत गाडगे का पूरा नाम देबू जी जिगरा जी जानोरकर था उनके पिता का नाम जिगराजी रानो जी जनोरकर था जबकि उनकी माता का नाम सखुबाई जिगराजी जनोरकर था। इस अवसर पर जिला महामंत्री भाजपा राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी देवेंन्द्र कुमार मिश्र, अजीत प्रताप सिंह, अलकक्षेन्द्र सिंह, शिव सागर गौतम जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा, जगदीश भारती, प्रमोद कुमार राव, अयोध्या प्रसाद पासवान ,सतगुरु प्रसाद ,जनार्दन गौड़, मनोज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सर्वेश कुमार राव, धनीराम लोधी, पंचम लाल निषाद, राहुल राव, बाबा दीन, शैलेश, संतोष कुमार गौतम, देव कुमार गौतम, रामस्वरूप निषाद, लक्ष्मण, रामकुमार, छैल बिहारी निषाद, सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बालिका की डूबकर मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** थाना खैरीघाट क्षेत्र के रायगंज में भगहर से पिता के पास जा रही बालिका की डूबकर मौत हो गयी।सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। जिले के थाना खैरीघाट के रायगंज में शुक्रवार को अरविन्द भगहर के उस पार गेहूं के खेत में पानी लगा रहें थे। पिता की तलाश में बालिका निधि को ये नहीं पता था की भगहर में पानी ज्यादा हैं। पिता को देखा कि वो गेहूं के खेत में पानी लगा रहें हैं। तभी निधि भगहर को लांग रही थी। जैसे ही भगहर में कुछ दूरी पर पहुंची तो वो डूबने लगी। चीखी चिल्लायी लेकिन जब तक उसे बचाने के लिए लोग पास पहुंचे तब तक वो डूब चुकी थी। पानी से निधि के शव को बाहर निकाला गया। सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना के बाद मौके पर नायब तहसीलदार सहित उपनिरीक्षक यतींद्र सिंह व मुकुट नाथ चौधरी दल बल के साथ पहुंचकर जांच में जुट गये हैं। उपनिरीक्षक यतीन्द्र सिंह ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# मुस्लिम युवक की शादी में पहला निमंत्रण भगवान गणेश को

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद के सफीपुर गांव निवासी एक मुस्लिम समाज के ग्रामीण ने अपने बेटे के विवाह के लिए हिंदू रीति रिवाज के तहत कार्ड छपवाया है। यह कार्ड जिले में वायरल हो रहा है। कार्ड देखकर लोग तरह तरह की बात कर रहे हैं।

मुस्लिम शादी का हिंदू समुदाय की तरह छपा शादी का कार्ड जिले में बहुत तेज़ी से वायरल हो रहा है। हर तरफ इसको लेकर चर्चा हो रही है और लोग सोच में है कि आखिर माजरा क्या है। शादी के कार्ड में दूल्हा दुल्हन और रिश्तेदारों के नाम तो मुस्लिम है। मगर शादी का कार्ड पूरे हिंदू रीति के अनुसार छपा है। जिस पर शादी की तारीख 29 फरवरी और पता बहराइच के कैसरगंज के गांव का है। इसी वायरल शादी के कार्ड की पड़ताल करने के लिए जब कार्ड पर छपे नाम के यक्ति दूल्हे के पिता सफीपुर गांव के रहने वाले अजहुल कमर से संपर्क कर उनसे वायरल हो रहे शादी के कार्ड के बारे में जानना चाहा तो उन्होंने बताया के मेरे बेटे समीर अहमद की शादी 29 फरवरी को जरवल रोड निवासी जुमेराती की




बेटी सानिया खातून से होनी है और हमने अपने हिंदू भाइयों को निमंत्रण देने के लिए हिंदू रीति के अनुसार शादी के कार्ड छपवाए है।हमारे गांव सफीपुर और कई जगह हमारे हिंदू भाइयों को निमंत्रण देना था तो हमने सोचा क्यों ना उनके लिए हिंदू रीति के अनुसार कार्ड छपवाए जाए, हमने परिवार रिश्तेदारों और मुस्लिम भाइयों के लिए उर्दू में भी कार्ड छपवाएं है जो की हिंदू भाई पढ़ नहीं पाएंगे। इसलिए हमने अपने हिंदू भाइयों को बेटे की शादी का निमंत्रण देने के लिए ऐसा कार्ड छपवाया है। अजहुल कमर ने आगे बताया की हमने शादी में हिंदू भाइयों के लिए प्रीति भोज का कार्यक्रम एक दिन पहले ही रखा है। अजहूल कमर ने बताया की जब से हमने कार्ड बाटने शुरू किए है तब से कई फोन आ चुके है लोग उत्सुकता वश पूछते है की ये कैसा कार्ड छपवाया है तो जब हमने लोगो को बताया तो लोग काफी खुश हुए और हमारे इस कदम की सराहना की।

▸ जिले भर में वायरल हुआ कार्ड

### एकता की दे रहे मिसाल

मुस्लिम शादी का हिंदू रीति के अनुसार छपे इस कार्ड ने समाज में हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल पैदा की है जो भाईचारे की डोर को और मजबूत बनाने के लिए बहुत कारगर साबित हो रहा है। वायरल हो रहा शादी का ये कार्ड हिंदू मुस्लिम एकता का पैग़ाम घर घर पहुंचा रह है।

# आठ माह में तैयार की 51 फीट ऊंची शिव प्रतिमा

- जिले में नहीं है ऐसी कोई शिव प्रतिमा : मूर्तिकार शिव कुमार सोनी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आपने अभी तक भगवान शिव के अनेकों भक्तों के बारे में पढ़ा होगा और उनकी भक्ति गाथा के बारे सुना भी होगा लेकिन आज हम आपको एक ऐसे अनोखे शिव भक्त के बारे में बताने जा रहे हैं जिसके बारे में सुनकर आपको बड़ा ही आश्चर्य होगा क्योंकि उसे भगवान शिव की भक्ति का ऐसा खुमार चढ़ा की उसने अपने घर के सामने भगवान शिव की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित करा दिया जो लोगों के लिए बेहद आकर्षण का केंद्र बनी हुई है दरअसल हम बात कर रहे हैं रायबरेली जनपद के शिवगढ़ कस्बा के पुरबिया गांव के रहने वाले शिव भक्त मोहन सिंह की जिन्हें भगवान शिव से ऐसा प्रेम हुआ कि उन्होंने अपने घर के सामने भगवान शिव की 51 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित करवा दिया शिव भक्त मोहन सिंह के मुताबिक उनका पूरा परिवार भगवान शिव का अनन्य भक्त है उनके पूर्वज भी भगवान शिव के अनन्य भक्त थे उनके पूर्वजों की इच्छा थी कि भगवान शंकर उनके घर पधारे अपने पूर्वजों की इच्छा के अनुरूप ही उन्होंने भगवान शिव की यह 51 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित कराई है भगवान शिव की ऐसी प्रतिमा आपको रायबरेली जनपद समेत आसपास के कई जनपदों में आपको नहीं देखने को मिलेगी वह बताते हैं की इस प्रतिमा को बनाने के लिए दिल्ली व राजस्थान से मूर्तिकार बुलाए थे इसे तैयार करने में मूर्तिकारों को 8 माह का समय लग गया



### पूर्वजों की इच्छा हुई पूरी

शिव भक्त मोहन सिंह बताते हैं कि भगवान भोलेनाथ ही हम सबके रक्षक हैं उन्हीं की कृपा से हमारा परिवार खुशहाल है हमारे बाबा जिनका नाम शंकर सिंह था जिनकी इच्छा थी कि हमारे घर भगवान भोलेनाथ पधारे उन्हीं की इच्छा पूरी करने के लिए हमने यह 51 फीट ऊंची भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित कराई है प्रतिमा स्थापित हो जाने से हमारे पूर्वजों की इच्छा पूरी हुई है जब मैं इसके बारे में सोचा तो मेरे पुत्र सुशील सिंह ने पूर्वजों की इच्छा पूरी करने के लिए पूरी तनमयता से इस कार्य में सहयोग किया। वही भगवान शिव की प्रतिमा बनाने वाले राजस्थान के दौसा जिले के रहने वाले मूर्तिकार शिवकुमार सोनी ने बताया कि भगवान शिव की इस प्रतिमा को बनाने में उन्हें आठ माह का समय लग गया तब जाकर यह 51 फीट ऊंची प्रतिमा पूर्ण रूप से तैयार हो पाई है यह रायबरेली ही नहीं अप की अनोखी प्रतिमा है।

## एक माह पूर्व गायब हुई बालिका का कंकाल मिलने से हड़कंप

**हरचंदपुर रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** एक माह से गायब मासूम बच्ची का कंकाल मिलने से जिले में मचा हड़कंप कपड़े व हेयर बैंड देखकर पिता ने की अपनी मासूम बच्ची की पहचानदय मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जोहवाशरकी गांव का है जहां 24 जनवरी को घर के सामने से खेलती हुई प्रज्ञा पुत्र बिंदादीन उम्र 5 वर्ष अचानक गायब हो गई थीद्य जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों ने थाने में भी लिखवाई थीद्य तब से पुलिस की कई टीमें लगातार मासूम बच्ची की तलाश कर रही थी, लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिलीद्य आज गांव के बाहर एक बाग में एक लड़की का कंकाल और कुछ कपड़े मिलने की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने खेलते समय बच्ची ने जो कपड़े पहने थे उसके कपड़े, बैग, हेयर बैंड से उसकी पहचान की, जैसे ही मासूम बच्ची के शव मिलने की सूचना ग्रामीणों के लिए की घटना स्थल पर भारी भीड़ जुट गई सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने बारीकी से परीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, बेटी का कंकाल मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया।

# गुरुकुल पब्लिक स्कूल में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



23 फरवरी 2024 को गुरुकुल पब्लिक स्कूल पुरासी हलोर रायबरेली में विकासखंड स्तरीय अंतर विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि की भूमिका में विद्यालय प्रबंधक आर. डी. मिश्रा जी एवं उपाध्यक्षा पूजा मिश्रा ने उपस्थित होकर प्रतियोगिता का गौरव बढ़ाते हुए फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया द्य प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी वॉलीबॉल, रस्साकशी, आदि खेलो हेतु आठ टीमों का चयन किया गया था जिनमें विजेता चार टीमों के छात्रों को प्रधानाचार्य बेबी सिंह द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया।

उपाध्यक्षा ने खेल को जीवन के विकास का अहम पहलू बताया तथा छात्रों ,को नियमित योग और खेलों की प्रेक्टिस करने को प्रेरित किया कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के कार्यकर्ता गौरव पांडे एवं आशीष सम्मिलित रहे सभी बच्चों के चेहरे प्रशस्ति पत्र और मेडल पाकर खिल गए।

## खबरें एक नजर में

### सौरभ कुमार का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** महराजगंज तहसील परिसर में समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा नव नियुक्त बछरावां विधानसभा अध्यक्ष सौरभ कुमार एडवोकेट को अधिवक्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता सभा सिकंदर यादव एडवोकेट के निर्देशन में समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा सौरभ कुमार विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नव नियुक्त समाजवादी अधिवक्ता सभा बछरावां विधानसभा अध्यक्ष सौरभ कुमार ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिवक्ता के हित में व उनके सम्मान के लिए हमेशा विधानसभा से लेकर जिला मुख्यालय तक लड़ाई लड़ेंगे किसी भी अधिवक्ता के साथ अन्याय नहीं होने देंगे इस मौके पर अर्जुन सिंह,फिरोज अहमद,विजय कनौजिया,जितेन्द्र गौतम, सर्वेश गौतम,हर्षित चौधरी,राजेंद्र मौर्य,मोहम्मद जावेद,रमेश राजवंशी,बिंदेश राव,कन्धई लाल सहित भारी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटा, पांच सवारियां घायल

**लालगंज (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सड़क हादसों में इजाफा होता दिख रहा है!कहीं तेज रफ्तार अनियंत्रित तेजी तो कहीं वाहन चालकों की लापरवाही इन सड़क हादसों की मुख्य वजह देखने व सुनने में आती है!एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जहां लालगंज से चांदा टीकर जा रहा सवारियों से भरा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया!ई-रिक्शा पलटने से चालक समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये!प्राथमिक उपचार के बाद ई-रिक्शा चालक को जिला अस्पताल रेफर किया गया है!जानकारी के मुताबिक उन्नाव जनपद के बीशेमऊ थाना बीघापुर निवासी राजकली पत्नी शारदा प्रसाद,गुदरा पत्नी रामदास,सोनम पत्नी अवधेश तथा पलक पुत्री अवधेश वैवाहिक समारोह में शामिल होने लालगंज तक परिवहन निगम की बस से आई थी!चारों लोग ई-रिक्शा से चांदा टीकर गांव जा रही थी!चांदा टीकर गांव के निकट ई-रिक्शा नियंत्रित होकर पलट गया,जिससे रिक्शे में सवार चारों सवारियां ई-रिक्शा चालक मोहम्मद सैफ पुत्र जफरुद्दीन निवासी बहाई समेत घायल हो गए!सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद मोहम्मद सैफ को गंभीर दशा में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है!

### वसूली से आक्रोशित बंजारों ने तथाकथित पत्रकारों को पीटा

- ग्रामीणों ने एक बाइक पुलिस को सौंपी, तीन बंजारे हिरासत में

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** अचलगंज थाना क्षेत्र में घुमंतू बंजारों के डेरों पर देररात मवेशी देख पहुंचे बाइक सवारों ने अपने को पत्रकार बताया। उन्होंने बंजारों को मवेशी चोर समझा और रुपये की मांग की। वसूली मांगने पर सभी ने पीटना शुरू कर दिया। भागने में युवकों की बाइक नहर पर बन रहे पुल की सरियों में फंस गयी। ग्रामीणों ने एक युवक को पुलिस को सौंपा। तीन बंजारों को भी पूंछताछ के लिए उठाया गया है। राजस्थानी बंजारों की टोली गुरुवार शाम एक सैकड़ा गोवंशियों के साथ बेहटा नथई गांव के पास रुके हुए थे। ग्रामीणों ने बताया कि देररात तीन बाइको में सवार आठ युवक जो अपने को पत्रकार बता रहे थे। उनके डेरों में घुस आये और मवेशी चोर समझ रुपयों की मांग की। इसपर बंजारों की औरतों ने डरकर चीख-पुकार शुरु कर दी। शोर शराबा सुनकर ग्रामीणों के उन्हें दौड़ाकर पकड़ा और पीटना शुरू कर दिया। जैसे तैसे सभी जान छुड़ाकर बाइकों से भागे। इसमें एक बाइक नहर पर बन रहे पुल की सरियों में फंस गई। यह तो अच्छा हुआ कि बाइक सवार लोग बाल-बाल बच गए। रात में ही पहुंची पुलिस तीन बंजारों को उठाने के साथ बाइक भी थाने लाई। फिलहाल बाइक युवकों को दे दी गई है। बंजारों से पूंछताछ की जा रही है। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि पकड़े गए तीनों बंजारे राजस्थान के जिला बूंदी के डबराना थाने के रहने वाले हैं। इनकी कोई क्रिमिनट हिस्ट्री तो नहीं इसकी जांच चल रही है। अगर कुछ नहीं मिलता तो छोड़ दिया जाएगा। दूसरे पक्ष ने भी कोई तहरीर नहीं दी है।

# किसानों पर हो रहे अत्याचार को लेकर विभिन्न संगठनों ने किया प्रदर्शन



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली के कलेक्ट परिसर में विभिन्न संगठनों ने दिल्ली की सड़कों पर किसानों द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन पर हो रहे अत्याचार को लेकर इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाते हुए किसानों और मजलूमों के नेता विजय विद्रोही के नेतृत्व में जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपा गया है।आपको बता दे कि शुक्रवार को रायबरेली जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न संगठनों धरना प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम का अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा गया है धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांग है कि दिल्ली की सड़कों पर धरना दे रहे किसानों पर हो रहे अत्याचार को रोका जाए और गृहमंत्री इस्तीफा दे। जिस तरह से किसानों पर अत्याचार हो रहा है सीमाओं पर किले गढ़ दिए गए हैं आंसू गैस के गले धागे जा रहे हैं युद्ध जैसा मंजर हो गया है लेकिन सरकार किसानों की समस्याओं पर संज्ञान नहीं ले रही है। इसलिए जिला प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सोपा गया है। और कार्यवाही की मांग की गई है।

# कई पार्टियों में रह चुके सत्य प्रकाश पांडे की नहीं लगी नैय्या पार

- लोकसभा के लिए हैं नेताजी बेकरार
- कांग्रेस, अपना दल, भाजपा में रह चुके हैं सत्य प्रकाश पांडे
- एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी से टिकट की आस



सत्य प्रकाश पांडे ने 89 मे सतांव से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े और इनको हार नसीब हुई वहीं 91 में दोबारा ये सतांव से चुनाव लड़े और फिर हार गए ऊंचाहार से 2007 में अपना दल के टिकट पर चुनाव लड़े और इनका चुनाव निशान जहाज था लेकिन जहाज उड़ नहीं पाया और इस चुनाव मे भी हार का सामना करना पड़ा उसके बाद इन्होंने भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की फिर भारतीय जनता पार्टी छोड़ने के बाद कांग्रेस में आए और कांग्रेस छोड़ने के बाद एक बार फिर घर वापसी करते हुए दिखाई पड़ रहे हैं।

मोदी के सहारे बाराबंकी के जिले रहने वाले रामनरेश रावत को बछरावां की जनता ने विधायक बनाया था लेकिन एक ऐसी जगह बैठना और केवल उन्हीं का साथ रामनरेश रावत को महंगा पड़ गया पार्टी ने इनका टिकट काट दिया भारतीय जनता पार्टी और अपना दल ने गठबंधन का प्रत्याशी बछरावां में उतारा लेकिन उसकी भी हार हो गई क्योंकि पूर्व का विरोध गठबंधन के प्रत्याशी पर भारी पड़ गया था आज सत्य प्रकाश पांडे भी उन्हीं के सहारे अपनी नैय्या पार लगाने में लगे हुए हैं।

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही मौसमी नेता धीरे-धीरे एक बार फिर से हो रहे हैं सक्रिय महराजगंज में इस समय कई पार्टियों में मलाई काटने के बाद टिकट की आस लिए हुए एक नेताजी आज जहां कुछ व्यक्तिगत लोगों को साल भेंट कर भारतीय जनता पार्टी के टिकट की आस लगा रहे हैं और जनता के बीच में ना जाकर केवल ठेकेदारों के सहारे चुनाव जीतने की कोशिश में लगे सत्य प्रकाश पांडे की नैय्या क्या पार हो पाएगी सत्य प्रकाश पांडे कई पार्टियों में गए जब इनको टिकट नहीं मिलता तो पार्टी छोड़ देते हैं और फिर दूसरी पार्टी में सक्रिय नजर आते हैं मूल रूप से प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले सत्य प्रकाश पांडे वर्तमान में रायबरेली में निवास करते हैं और यहां इनका व्यापार भी है। भाजपा सरकार द्वारा तमाम तरह की जनकल्याणकारी योजना चलाई गई जिसमें तमाम नेताओं ने बढ़-चढ़कर जनता के बीच में इन योजनाओं को बताया और जनता को लाभ दिलाया तब सत्य प्रकाश पांडे जी कहीं पर भी नजर नहीं आए लेकिन लोकसभा चुनाव करीब आते ही सत्य प्रकाश पांडे जी अपने काफिले के साथ और कुछ लोगों के सहारे सांसद बनने का ख्वाब देखने लगे हैं ।सत्य प्रकाश पांडे आज जब महराजगंज की धरती पर पधारे तो उनको केवल कुछ विशिष्ट लोग ही नजर आए बाकी जनता से उनका क्या सरोकार पूर्व के हुए विधानसभा चुनाव में इन्हीं नेताओं ने गठबंधन के प्रत्याशी की नैय्या डुबो दी थी अब क्या इन छुट भैय्या नेताओं के सहारे सत्य प्रकाश पांडे लोकसभा में पहुंचेंगे यह तो भविष्य के गर्भ में छिपी हुई बात है लेकिन सत्य प्रकाश पांडे पार्टियां बदलने में इनको महारत हासिल है भारतीय जनता पार्टी से सफर की शुरुआत करने वाले सत्य प्रकाश पांडे कांग्रेस और अपना दल का भी सहारा ले चुके हैं जहां कांग्रेस से टिकट न मिलने की स्थिति में सत्य प्रकाश पांडे ने दोबारा घर वापसी कर ली तो वही ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र से अपना दल से चुनाव लड़ चुके हैं और इनका चुनाव निशान तब जहाज था आज तक किसी भी चुनाव में इनकी नैय्या पार नहीं लगी जनता ने इनको हर तरह से नकारा है लेकिन क्या महराजगंज क्षेत्र में जिस तरह यह लोगों को रिझा रहे हैं इनकी नैय्या पार लगेगी यह बात क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# भाई ने लगाया भाई पर आरोप, बैंक से सेटिंग कर हड़प ली करोड़ों की संपत्ति

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भाई ने लगाया भाई पर आरोप बैंक से सेटिंग कर पिताजी की हड़प ली संपत्ति।

कमलेश कुमार पुत्र कृष्ण कुमार जायसवाल निवासी आर्य नगर पंचायत महराजगंज जनपद रायबरेली पैतृक निवास मैनाहार कटरा पोस्ट इंचौली थाना बछरावां जिला रायबरेली ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि राकेश कुमार जायसवाल पुत्र कृष्ण कुमार जायसवाल निकट नावेल्टी सिनेमा कपूरथला लखनऊ पैतृक निवास ग्राम मैनाहार कटरा शाखा प्रबंधक सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा बछरावां के विरुद्ध लिखित शिकायती पत्र देते हुए कमलेश कुमार जायसवाल ने बताया कि प्रार्थी ने इस प्रकरण से संबंधित प्रार्थना पत्र आपकी सेवा में तथा पीएमओ कार्यालय को प्रेषित किया था जिसके समाधान में प्रतिपक्षी दो ने पांच पृष्ठ ऑनलाइन लगाकर स्वयं को निर्देश करने की कोशिश की है । इन्हीं पांच पृष्ठ साक्ष्य से या स्पष्ट हुआ है की प्रतिपक्षी संख्या एक ने पिता के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर लाकर की संपत्ति हड़प कर लिया है। क्योंकि यह कार्य बिना प्रतिपक्षी संख्या दो के सहयोग से नहीं हो सकता अतः 3 से भी इस जालसाजी का अंग माना जाए। महोदय आपके आदेश से जांच को सीओ महराजगंज को दी गई थी जहां जांच से प्रार्थी को या शिकायत बैंक लोकपाल तथा अन्य अधिकारियों से करने को कहा गया था किंतु बैंक विभाग एवं लोकपाल द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई अतः आपकी सेवा में पुनः प्रार्थना पत्र प्रेषित है फर्जी हस्ताक्षर बनाकर जालसाजी पूर्वक लाकर की संपत्ति हड़पने के विरुद्ध थाना बछरावां को एफआईआर दर्ज करने एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु आदेश करने की अनुकंपा करें ताकि प्रार्थी को न्याय मिल सके ।बैंक द्वारा ऑनलाइन लगाए गए पांच पृष्ठ जिन पर कृष्ण कुमार के फर्जी हस्ताक्षर प्रतिपक्षी एक ने स्वयं बनाए हैं इससे पूर्व आपकी एवं थाना बछरावां को प्रेषित तीन पृष्ठ पत्र क्षेत्रीय प्रबंधक सेंट्रल बैंक को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र दो पृष्ठ है क्षेत्राधिकारी एवं बैंकिंग लोकपाल की जांच से संबंधित दो पृष्ठ आधार कार्ड की छाया प्रति एक पृष्ठ लगा हुआ है। कमलेश कुमार जायसवाल ने निवेदन करते हुए कहा कि कृपया हस्ताक्षर की वैज्ञानिक जांच करवाई जाए।

## चालक को नींद आ जाने के कारण अनियंत्रित डंपर बाग में घुसा

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बांदा बहराइच मार्ग पर ठकुराइन खेड़ा के पास गिट्टी से लदा हुआ डंपर चालक को नींद आ जाने के चलते, अनियंत्रित होकर यूकेलिप्टस के पेड़ों की बाग में जा घुसा। गलीमत यह रही कि पेड़ों के सहारे डंपर रुक गया। नहीं तो आगे खाई में पलट जाता। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं प्राप्त हुई है। 23 फरवरी भोर 4:00 बजे शुक्रवार को बांदा से गिट्टी लाद कर एक डंपर बछरावां की तरफ आ रहा था। सुबह का समय होने के चलते चालक को अचानक नींद की झपकी आ गई। जिसके चलते डंपर ठकुराइन खेड़ा के पास अनियंत्रित हो गया और दाहिनी तरफ एक यूके लिप्टिस की बाग में घुसता चला गया। गलीमत यह रही कि, कई पेड़ों से टकराने के बाद डंपर की रफ्तार कम हो गई, और आगे बड़ी खाई में जाने से बच गया। नहीं तो पलट जाने के बाद बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं प्राप्त हुई है।

# प्रमुख सचिव का एम्स दौरा तैयारियों का लिया जायजा



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सीएम योगी आदित्यनाथ के एम्स रायबरेली दौरे के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा पार्थसारथी सेन शर्मा और एमपी एनएचएम डॉ पिंकी जोवेल एम्स पहुँचे। प्रमुख सचिव ने डीएम हर्षिता माथुर, एसपी अभिषेक अग्रवाल के साथ एम्स के डायरेक्टर और अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों को परखा। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा 25 फरवरी को राजकोट में एम्स के शिलान्यास के साथ निर्मित पाँच एम्स को राष्ट्र को समर्पित करने के कार्यक्रम है।

इस दिन मुख्यमंत्री एम्स में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मवड़िया केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, सहित आधा दर्जन से अधिक मंत्री शामिल होंगे।

# सड़क हादसे मे दंत चिकित्सक की मौत

**सरेनी (रायबरेली ), समृद्धि न्यूज।**




शुक्रवार की पूर्वन्ह महिला को बचाने मे मोपेड से क्लिनिक आ रहे दाँत के चिकित्स्क को डंपर चालक ने रास्ते मे टक्कर मार दिया, इससे उसकी मोके पर ही मौत हो गयी। घटना से कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। चालक सरेनी में डंपर खड़ा कर मौके से फरार हो गया है। लालगंज थाने के पूरे मोहनलाल( पूरे कैथन )मजरे सेमरपहा गांव के रहने वाले शिव बहादुर सुमन उम्र 65 वर्षीय पुत्र स्वर्गीय लक्ष्मण की सरेनी में दांतों का अस्पताल है आज करीब सुबह 11=30 बजे वह मोपेड से घर से क्लिनिक आ रहे थे लेकिन जैसे ही लालगंज सरेनी मार्ग के पंडित का पुरवा मजरे बंडयी गांव के सामने पहुंचे तो सड़क पर एक विक्षिप्त महिला आ गई महिला को बचाने की प्रयास में उनकी मोपेड सड़क के दाहिनी ओर चली गई तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर के चालक ने उसे टक्कर मार दिया इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दिया तो पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेने का प्रयास किया। लेकिन परिजनों ने चालक को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। जब पुलिस ने परिजनों को न्याय का भरोसा दिया ज़ब जाकर परिजनों ने शव को पुलिस को सौपा।घटना से मृतक के बेटे वीरेंद्र बहादुर महेंद्र बहादुर धर्मेंद्र बहादुर हरेंद्र बहादुर सतेंद्र बहादुर बेटी सरोज गुड़िया व पत्नी विद्यावती का रो-रोकर बुरा हाल है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सड़क दुर्घटना में घायल शिक्षामित्र की उपचार के दौरान मौत

- आर्थिक तंगी के कारण नहीं हो पाया पूर्ण उपचार



**बछरावां रायबरेली।** बछरावां विकासखंड की इचौली ग्राम सभा में स्थित प्राथमिक विद्यालय इचौली द्वितीय में कार्यरत शिक्षा मित्र राजेंद्र कुमार निवासी छोटकवा खेड़ा इचौली उम्र 45 वर्ष का बीते 20 दिन पूर्व घर से बछरावां जाते समय नीलगाय से टक्कर हो जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटना के बाद इनका उपचार लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा था आर्थिक स्थिति ठीक ना हो पाने के कारण निजी अस्पताल में पूर्ण रूप से उपचार भी नहीं हो पाया और उपचार के दौरान ही बीते बृहस्पतिवार को उनकी दर्दनाक मौत हो गई। शिक्षामित्र राजेंद्र कुमार के तीनों बच्चों व पत्नी जानकी उम्र 42 वर्ष का रो-रो कर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेंद्र कुमार की दो बेटियां जान्हवी 14 वर्ष व रीतिका 13 वर्ष हाई स्कूल की छात्रा है वहीं एक बच्चा युवराज 10 वर्ष अभी जूनियर हाई स्कूल में पढ़ रहे हैं। उनके निधन पर शैक्षिक संगठनों के पदाधिकारीगण ने दुख व्यक्त किया है। वहीं शिक्षामित्र संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला ने बताया कि आर्थिक स्थिति ठीक ना हो पाने के कारण शिक्षा मित्र साथी की मौत हो गई यह संगठन व शिक्षक समाज की यह एक अपूर्णनीय क्षति है। इस मौके पर संगठन परिवार के साथ हमेशा खड़ा रहेगा।

## पति पर मारपीट व उत्पीड़न का आरोप, पत्नी ने एसपी से की शिकायत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली में घरेलू हिंसा व मानसिक उत्पीड़न के मामले को लेकर पीड़िता पत्नी ने पति के उत्पीड़न व मारपीट किए जाने के मामले को लेकर एसपी कार्यालय पहुंची और शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है आपको बता दे की शुक्रवार को रायबरेली जनपद के बछरावां थाना क्षेत्र के जोहवा हिसार गांव की रहने वाली पीड़िता एक पत्नी ने अपने पति रामखेलावन के खिलाफ शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पति द्वारा अपने भाइयों व बहनों से आए दिन पिटवाया जाता है। और पति द्वारा भी उसके साथ मारपीट की जाती है ।और उत्पीड़न किया जाता है ।जिसको लेकर मामले का शिकायती पत्र संबंधित थाना बछरावां में दिया गया था ।लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई हैं। पीड़िता लक्ष्मी भारती का कहना है ।कि पति रामखेलावन द्वारा उसे घर से बाहर भगा दिया जाता है। जिसको लेकर कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही पीड़िता ने एसपी को बताया कि पति ने थाने में पैसा भर दिया हैं इस लिए कोई सुनवाई नही हो रही है। एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में जांच कर कार्यवाही की मांग हेतु न्याय की गुहार लगाई है।

# स्वास्थ्य का संरक्षण प्रकृति अनुकूल जीवन शैली में निहित : डॉ. राजीव दीक्षित

**लालगंज (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**

**कस्बे के साकेत नगर मोहल्ला स्थित**

श्रीअथर्व आयुर्वेद रसायन शाला परिसर में शुक्रवार को एक स्वस्थ कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेद और पर्यावरण संतुलन विषय पर एक गोष्ठी हुई। जिसमें अनेक पर्यावरणविद्, आयुर्वेदाचार्य और शामिल हुए और अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैसवारे के मूल निवासी व मेरठ में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात विख्यात पर्यावरणविद् डॉ. राजीव दीक्षित ने अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य की समस्याओं के मूल में उसका विकृत चिंतन है। यदि हम अपने चिंतन को नैतिक और आचरण को संस्कारित कर लें तो पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों का संरक्षण स्वाभाविक रूप से हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे



ऋषियों ने प्रकृति के अनुकूल जीवन जीने के वैज्ञानिक तरीके विकसित किए। जिनमें प्रकृति के साथ आदान-प्रदान का संबंध था। आयुर्वेद इसका एक सशक्त उदाहरण है। श्री दीक्षित का हाल ही में पर्यावरण संरक्षण पर एक ग्रंथ प्रकाशित हो चुका है। कार्यक्रम में पंचवटी के संस्थापक डा.महादेव सिंह ने वर्षा जल संचयन के तरीके बताए। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे वैद्य रमाशंकर तिवारी ने कहा कि आज पूरा विश्व आयुर्वेद के महत्व को स्वीकार कर रहा है और इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से किए जा रहे प्रयासों को नजरंदाज नहीं किया जा सकता है। रसायन शाला के संचालक डॉ. आशीष तिवारी ने रसायन शाला द्वारा निर्मित दंत मंजन, एलोवेरा जूस सहित अन्य स्वास्थ्य वर्धक रसायन अतिथियों को भेंट किया। संचालन प्रख्यात शिक्षाविद वीरेंद्र कुमार शुक्ला ने किया। डॉ. अनुश्री, विकल्प पांडेय वंदना तिवारी, एसआई मिठाई लाल यादव, शेर बहादुर सिंह, सत्यम आदि मौजूद रहे।

## पहले धरती को बचाएं

**पवन नागर**

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने वाला भारत जब तकनीक में इतना संपन्न है तो धरती पर यह तकनीक काम क्यों नहीं करती? पिछली गर्मी में बारिश के कारण किसानों की फसलें खराब हो गई थीं, जबकि मानसून में कहीं सूखे के कारण तो कहीं अधिक वर्षा के कारण किसानों की फसलों को बहुत नुकसान हुआ। ऐसे में किसानों के इस नुकसान का पूर्वानुमान लगाने वाली कोई तकनीक अभी तक हमारे पास क्यों नहीं है? जलवायु परिवर्तन ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। आने वाले सालों में यह और भी खतरनाक हो सकता है। अभी हमारे देश के कुछ राज्य सूखे का सामना कर रहे हैं तो कई राज्यों को अधिक वर्षा के कारण बाढ़ और भू-स्खलन की घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन का असर सिर्फभारत में ही हो रहा है। पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन का असर हो रहा है जिसके कारण दुनियाभर के लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं।

गौरतलब है कि जलवायु परिवर्तन से किसानों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ेगा, खासकर उन किसानों को जिनके पास खेती के अलावा और कोई आजीविका नहीं है। मतलब छोटे और मध्यम किसानों पर इसका सीधा प्रभाव पड़ेगा, जिसके कारण न सिर्फइनके परिवार संकट में आएंगे, बल्कि खेती-किसानी से जुड़े सभी लोग प्रभावित होंगे और खाद्यान्न संकट पैदा होगा सो अलग। जलवायु परिवर्तन के कारण किसानों की फसलें खराब हो रही हैं जिससे खाद्य सामग्रियों के दाम अप्रत्याशित रूप से बढ़ रहे हैं। जलवायु परिवर्तन की समस्या से निजात पाने में हर व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। चूंकि इस समस्या के उत्पन्न होने में हर व्यक्ति का हाथ है, इसलिए इसके समाधान में भी हर व्यक्ति को भागीदार होना होगा। जिस प्रकार से हमने पर्यावरण को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, ठीक वैसे ही हम सबको पर्यावरण को ठीक करने के लिए कमर कस लेना चाहिए। यदि अभी भी आप इस समस्या को हल्के में लेना चाहते हैं तो भविष्य में आने वाले खतरों का सामना करने के लिए तैयार रहें। महंगाई से मुकाबला करने के लिए तैयार रहें, खाद्यान्न संकट के लिए तैयार रहें, जल संकट के लिए तैयार रहें, सूखे के लिए तैयार रहें, बाढ़ के लिए तैयार रहें, भीषण गर्मी के लिए तैयार रहें, भू-स्खलन के लिए तैयार रहें, नई-नई बीमारियों के लिए तैयार रहें। दूसरा विकल्प यह है कि आप अपनी जीवन-शैली में परिवर्तन करें और प्रकृति को नुकसान पहुंचाने वाली आदतें त्यागें। विकास का जो बेढंगा मॉडल अभी दुनिया भर में चल रहा है, उस पर पुनर्विचार करें।

# भारत में मीडिया परिदृश्य में क्रांति लाने को चार पोर्टल लॉन्च

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**



**पीआरपी अधिनियम 2023 के तहत डिजाइन किए गए इस पोर्टल का उद्देश्य औपनिवेशिक पीआरबी अधिनियम, 1867 के तहत प्रचलित बोझिल पंजीकरण प्रक्रियाओं को सरल बनाना है।प्रेस सेवा पोर्टल की प्रमुख विशेषताओं में शामिल हैं।ऑनलाइन आवेदन-प्रकाशक आधार-आधारित ई-हस्ताक्षर का उपयोग करके शीर्षक पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन दाखिल कर सकते हैं।संभाव्यता मीटर-शीर्षक उपलब्धता की संभावना को दर्शाता है।एप्लिकेशन स्थिति की वास्तविक समय में ट्रैकिंग -सहज रूप से डिज़ाइन किए गए डैशबोर्ड के माध्यम से पहुंच योग्य। समर्पित डीएम मॉड्यूलः जिला मजिस्ट्रेटों को एक केंद्रीकृत डैशबोर्ड में प्रकाशकों से प्राप्त आवेदनों को प्रबंधित करने में सक्षम बनाता है। नई वेबसाइट जे पोर्टल के साथ, वेबसाइट प्रासंगिक जानकारी तक आसान पहुंच प्रदान करती है, जिसमें उपयोगकर्ता के अनुकूल बातचीत के लिए एआई आधारित चैटबॉट की सुविधा है।**

वैश्विक स्तरपर जिस तेजी से भारत अपने मिशन 2047 पूर्ण विकसित भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है उसके लिए यह जरूरी है कि उसे अनुकूल अपने आधुनिक व्यवहारिक कानून नियमों विनियमों को परिवर्तन, संशोधित कर दिया जाए ताकि वह प्रथाओं, गैर जरूरी बंधनों, छोटी छोटी गलती पर अपराधिक प्रावधानों को समाप्त कर नई दिशा में नया कदम बढ़ातेजाएं। अब इसी कड़ी में प्रेस पुस्तक पंजीकरण अधिनियम 1867 के बदले दिसंबर 2023 को राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षर से कानून बना। जबकि इसके पूर्व पंजीकरण में अलग अलग आठ चरण शामिल थे इस संशोधित कानून को भविष्य में शीघ्र ही अधिसूचित किए जाने की संभावना है। इसी कड़ी में दिनांक 22 फरवरी 2024 को केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री ने चार परिवर्तनगामी पोर्टलो को लांच किया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो सरकार की मीडिया और संचार आवश्यकताओं के 360 डिग्री समाधान के लिए केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित लगभग 1100 ग्राहक मंत्रालयों/विभागोंपीएसयू/संस्थानों के साथ साझेदारी करता है। 7 हज़ार से अधिक प्रकाशक (समाचार पत्र/पत्रिकाएं), लगभग 551 टेलीविजन चैनल, 388 निजी एफएम चैनल और लगभग 360 सामुदायिक रेडियो स्टेशन वर्तमान में सीबीसी के साथ सूचीबद्ध हैं तथा सरकारी निकाय के साथ नियमित व्यापार करते हैं। चूंकि समाचार पत्र प्रकाशकों और टीवी चैनलों के लिए अधिक अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने देंगे।इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से प्रकाशक अब एकल ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकेंगे, कड़े प्रावधानों के स्थान पर गैर अपराधी के प्रावधान होंगे।

साथियों बात अगर हम प्रेस सेवा पोर्टल की करें तो, प्रेस रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया (पीआरजीआई पूर्ववर्ती आरएनआई) द्वारा प्रेस और पत्रिकाओं के पंजीकरण अधिनियम, 2023 (पीआरपी अधिनियम, 2023) के तहत विकसित प्रेस सेवा पोर्टल, पूर्ण स्वचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें समाचार पत्र पंजीकरण और अन्य संबंधित प्रक्रियाएं जुड़ी हैं। पीआरपी अधिनियम 2023 के तहत डिजाइन किए गए इस पोर्टल का उद्देश्य औपनिवेशिक पीआरबी अधिनियम, 1867 के तहत प्रचलित बोझिल पंजीकरण प्रक्रियाओं को सरल बनाना है।प्रेस सेवा पोर्टल की प्रमुख विशेषताओं में शामिल हैं।ऑनलाइन आवेदन-प्रकाशक आधार-आधारित ई-हस्ताक्षर का उपयोग करके शीर्षक पंजीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन दाखिल कर सकते हैं।संभाव्यता मीटर-शीर्षक उपलब्धता की संभावना को दर्शाता है।एप्लिकेशन स्थिति की वास्तविक समय में ट्रैकिंग -सहज रूप से डिज़ाइन किए गए डैशबोर्ड के माध्यम से पहुंच योग्य। समर्पित डीएम मॉड्यूलः जिला मजिस्ट्रेटों को एक केंद्रीकृत डैशबोर्ड में प्रकाशकों से प्राप्त आवेदनों को प्रबंधित करने में सक्षम बनाता है।नई वेबसाइट जे पोर्टल के साथ, वेबसाइट प्रासंगिक जानकारी तक आसान पहुंच प्रदान करती है, जिसमें उपयोगकर्ता के अनुकूल बातचीत के लिए एआई आधारित चैटबॉट की सुविधा है।

साथियों बात अगर हम नेवीगेट भारत पोर्टल की करें तो, भारत का राष्ट्रीय वीडियो गेटवे मंत्रालय के न्यू मीडिया विंग द्वारा विकसित नेवीगेट भारत पोर्टल यानी, नेशनल वीडियो गेटवे ऑफ भारत, एक एकीकृत द्विभाषी मंच है, जो सरकार के विकास-संबंधी और नागरिक कल्याणोन्मुख उपायों की संपूर्ण श्रृंखला पर वीडियो होस्ट करता है। नेवीगेट भारत फिल्टर-आधारित उन्नत खोज विकल्प के साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं, पहलों और अभियानों से संबंधित वीडियो को खोजने, स्ट्रीम करने, साझा करने और डाउनलोड करने के लिए एक इंटरैक्टिव यूजर इंटरफेस के साथ एकल मंच प्रदान करके नागरिकों को सशक्त बनाता है। पोर्टल कई स्रोतों से आधिकारिक और विश्वसनीय जानकारी खोजने की दिक्कतों को खत्म करता है, मीडिया और आम जनता के लिए वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। नेवीगेट भारत कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और उपायों से जोड़ता है,यह सुनिश्चित करता है कि हमारे देश के भविष्य को आकार देने वाली पहलों को समझने में कोई भी पीछे न रहे, क्योंकि यह एक विकसित भारत बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है।नेविगेट भारत पोर्टल की मुख्य विशेषताएं मंत्रालयों, क्षेत्रों, योजनाओं, अभियानों के लिए समर्पित पेज नेवीगेट भारत मंत्रालयों, क्षेत्रों, योजनाओं और अभियानों के लिए समर्पित पेज प्रदान करता है। सभी वीडियो के विस्तृत विवरण के साथ, ये पृष्ठ सरकारी पहलों का समग्र दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।आसान नेविगेशन और खोज उपयोगकर्ताओं के लिए उन वीडियो को ढूंढ़ना आसान है, जिन्हें वे खोजना चाहते हैं- वर्गीकरण एवं टैगिंग श्रेणियां या टैग जो उपयोगकर्ताओं को विषय/कीवर्ड के आधार पर वीडियो खोजने की अनुमति देंगे- निर्बाध वीडियो प्लेबैक और स्ट्रीमिंग वीडियो को निर्बाध रूप से देखने के अनुभव के लिए वीडियो प्लेयर और स्ट्रीमिंग क्षमताएं- डाउनलोड और साझा करने के विकल्प उपयोगकर्ताओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से वीडियो डाउनलोड करने और दूसरों के साथ साझा करने की अनुमति दी जाएगी- उन्नत खोज कार्यक्षमताहोम पेज और पोर्टल के प्रत्येक अनुभाग पर फ़िल्टर-आधारित उन्नत खोज कार्यक्षमता। साथियों बात अगर हम पारदर्शी एम्पैनलमेंट मीडिया योजना और ई-बिलिंग प्रणालीकी करें तो, मीडिया योजना में क्रांतिकारी बदलाव, प्रेस सेवा पोर्टल के अलावा, मंत्रालय केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) के लिए पारदर्शी एम्पैनलमेंट, मीडिया योजना और ई-बिलिंग प्रणाली की शुरुआत कर रहा है। सीबीसी, मंत्रालयों, विभागों, पीएसयू और स्वायत्त निकायों को व्यापक 360 डिग्री मीडिया और संचार समाधान प्रदान करता है। सीबीसी की नई प्रणाली मीडिया नियोजन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन की गई है और मीडिया उद्योग को पेपरलेस और फेसलेस वातावरण में व्यवसाय करने के लिए एंड-टू-एंड ईआरपी समाधान प्रदान करती है। इसकी मुख्य विशेषताओं में निम्नलिखित तथ्य शामिल हैःसुव्यवस्थित एम्पैनलमेंट प्रक्रियाः पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए समाचार पत्र, पत्रिकाओं, टीवी, रेडियो और डिजिटल मीडिया के एम्पैनलमेंट के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली।

### विचार

# अखिलेश और राहुल के गठबंधन से बीजेपी में हड़कंप

**राहुल लाल**



**जाति जनगणना का मामला हो या महंगाई और बेरोजगारी- ये मामले अब उत्तर प्रदेश के मुख्य चुनावी मुद्दे बन गए हैं साथ ही अखिलेश यादव भी लंबे समय से पीडीए अर्थात पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक का मामला उठाते रहे हैं। बीजेपी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को बहुत बड़े इवेंट में बदलने की कोशिश की, लेकिन शंकराचार्यों ने जिस तरह खुलकर आधे अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को धर्म विरुद्ध बताया, उससे यह आयोजन बीजेपी के लिए नुकसान ही कर गया।**

उत्तर प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच गठबंधन की अधिकृत घोषणा के बाद बीजेपी गठबंधन की स्थिति काफी कमजोर हो गई है। बीजेपी ने उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन में टूट के लिए हरसंभव प्रयत्न किया,परंतु 80 लोकसभा सीटों वाली उत्तर प्रदेश में टीम इंडिया अब मूर्तरूप में सामने आ चुकी है। उत्तर प्रदेश में अब सीट शेयरिंग की स्थिति भी स्पष्ट हो चुकी है। कांग्रेस को 17 सीटें मिली हैं और शेष 63 सीटों पर समाजवादी पार्टी अन्य छोटे घटक दलों के साथ चुनाव लड़ेगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन सिर्फ यूपी तक सीमित नहीं है। गठबंधन के तहत कांग्रेस मध्य प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी को एक सीट देगी। बुधवार दोपहर में अखिलेश यादव ने कहा श्हमारे बीच कोई विवाद नहीं है। गठबंधन होगा,जल्द ही सारी चीजें साफ हो जाएंगी। बाकी चीजें तो पुरानी हो गई हैं। अंत भला तो सब भला।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को उत्तर प्रदेश में व्यापक जन समर्थन प्राप्त हो रहा है। कांग्रेस ने जनसरोकार के मुद्दों विशेष कर सामाजिक न्याय और आर्थिक न्याय को काफी जबरदस्त ढंग से उठाया है।

जाति जनगणना का मामला हो या महंगाई और बेरोजगारी- ये मामले अब उत्तर प्रदेश के मुख्य चुनावी मुद्दे बन गए हैं साथ ही अखिलेश यादव भी लंबे समय से पीडीए अर्थात पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक का मामला उठाते रहे हैं। बीजेपी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को बहुत बड़े इवेंट में बदलने की कोशिश की, लेकिन शंकराचार्यो ने जिस तरह खुलकर आधे अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को धर्म विरुद्ध बताया, उससे यह आयोजन बीजेपी के लिए नुकसान ही कर गया। उसके बाद बीजेपी ने काशी और मथुरा के मामले को भी गर्म करने की कोशिश की, लेकिन जनता की समुचित प्रतिक्रिया नहीं मिलने के कारण बीजेपी नित प्रतिदिन अब तक किसी मजबूत मुद्दे की खोज में ही लगी हुई है। उत्तर प्रदेश में जहां टीम इंडिया के पास बेरोजगारी, महंगाई, महिला सुरक्षा, सामाजिक न्याय जैसे गंभीर जनसरोकार वाले मुद्दे हैं, वहीं बीजेपी अब भी किसी भावनात्मक मुद्दे की तलाश में शामिल है।कांग्रेस को यूपी में 17 सीटें मिली हैं। मुरादाबाद सीट पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में गतिरोध की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन इस सीट को समाजवादी पार्टी ने अपने पास रखा है।

समाजवादी पार्टी से कांग्रेस बलिया सीट की मांग कर रही थी, लेकिन समाजवादी पार्टी ने बलिया के बदले में कांग्रेस को वाराणसी सीट दी है। इस सीट पर पहले समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी घोषित कर दिया था। इसी प्रकार हाथरस के स्थान पर कांग्रेस को सीतापुर सीट मिली है। कई लोग वर्ष 2017 के आधार पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी गठबंधन की आलोचना कर रहे हैं। 2017 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी गठबंधन के अंतर्गत कांग्रेस उत्तर प्रदेश की 114 सीटों पर लड़ी थी और शेष सीटों पर समाजवादी पार्टी लड़ी थी। लेकिन तब कांग्रेस को केवल 7 सीटों पर जीत मिली थी। वहीं समाजवादी पार्टी को भी 47 सीटों पर जीत मिली थी। उस समय अखिलेश यादव को सत्ताविरोधी रूझान का सामना करना पड़ा था। इसके अतिरिक्त समाजवादी पार्टी में घर चाचा-भतीजे में भी संघर्ष की स्थिति बनी हुई थी।उत्तर प्रदेश के 2014, 2017, 2019 और 2022 से 2024 का चुनाव पूरी तरह अलग है। इस समय मोदी सरकार के 10 वर्ष पूरे हो चुके हैं और उन्हें भारी सत्ता विरोधी रूझानों का सामना करना पड़ रहा है। मोदी सरकार अब तक अपना रिपोर्ट कार्ड जनता के समक्ष नहीं रख पाई है। उत्तर प्रदेश में 2017 से डबल इंजन की सरकार चल रही है। सरकार भले ही इवेंट मैनेजमेंट कर उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर करने का दावा कर रही हो, लेकिन वास्तव में उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय पड़ोसी पाकिस्तान और कई अफ्रीकी देशों से भी काफी कम है। यही कारण है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में युवाओं का उत्साह अभूतपूर्व रूप से सामने आ रहा है। ऐसे में उत्तर प्रदेश 2024 का चुनाव 2009 की तरह चौंकाने वाला होगा। कांग्रेस को मिली 17 सीटों में रायबरेली और अमेठी पहले से ही कांग्रेस के गढ़ रहे हैं। 2019 में अमेठी में स्मृति ईरानी जीत गई थी, लेकिन अब वहां उनके लिए भारी नाराजगी है। झांसी,बांसगांव, देवरिया, सहारनपुर, महाराजगंज, अमरोहा जैसे सीटों पर अभी से ही कांग्रेस गठबंधन के कारण बढ़त में नजर आ रही है।

कांग्रेस की 17 सीटों में से 11 सीटों पर बीजेपी के लिए संकट के बादल अभी से ही मंडराने लगे है। कांग्रेस के द्वारा प्रत्याशियों के घोषणा के बाद ऐसे सीटों की संख्या में और वृद्धि संभव है वहीं तीन सूचियों में समाजवादी पार्टी अब तक 31 नामों की घोषणा कर चुकी है। इनमें 3 यादव और 3 मुस्लिम चेहरे हैं शेष 25 सीटों पर जो उम्मीदवार उतारे गए हैं, उसमें सपा ने जाति समीकरण विशेषकर पीडीए (पिछड़ा,दलित और अल्पसंख्यक) को साधने का.प्रयास किया है।

## संदेशखाली का संदेश

राजनीतिक संरक्षण में अपराधियों का फलना-फूलना किसी भी समाज के लिये दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही है। लेकिन संगीन अपराध के मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय वास्तविक अपराधियों को दंडित करना ही प्राथमिकता होनी चाहिए। पश्चिम बंगाल की राजनीति में आपराधिक तत्वों का बोलबाला दशकों से जारी रहा है। कभी जो दबंग लोग पश्चिम बंगाल की वामपंथी सरकार के दौरान वोट छापने व बूथ कब्जाने के लिये कुख्यात थे, अब उनके ही चोला बदलकर सत्तारूढ़ टीएमसी के कार्यकर्ताओं के रूप में नजर आने के आरोप लग रहे हैं।

स्थानीय निकाय चुनावों में हुई हिंसा व चुनावों में हेराफेरी इसकी बानगी बतायी जाती है। ताजा मामला पश्चिम बंगाल के उत्तर परगना जिले में स्थित संदेशखाली का है, जो आज राजनीति का अखाड़ा बना हुआ है। दरअसल, एक अनाज घोटाले में ईडी की कार्रवाई पर टीएमसी कार्यकर्ताओं के प्रतिरोध और उसके बाद ईडी अधिकारियों पर हमले के बाद संदेशखाली में नये-नये खुलासे होते रहे हैं। हिंसा व दबंगई के लिये कुख्यात इलाके में दबंग राजनेताओं द्वारा जमीन कब्जाने और आदिवासी महिलाओं के शोषण के मामले उजागर हुए। हालांकि, सत्ता पक्ष और विपक्ष की तरफ से आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला जारी है और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण के आरोप लगाये जा रहे हैं। भाजपा की ओर से जहां महिला मुख्यमंत्री वाले राज्य में महिलाओं का शोषण करने वाले टीएमसी नेताओं को बचाने के आरोप लगाए जा रहे हैं, वहीं सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की ओर से विपक्ष पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के आरोप लगाये जा रहे हैं। कालांतर बढ़ते विवाद के बीच पश्चिम बंगाल के राज्यपाल और राष्ट्रीय महिला आयोग के प्रतिनिधि संदेशखाली का दौरा करके पीड़ितों से मिले भी हैं। निस्संदेह, इस विवाद के राजनीतिक निहितार्थ भी हैं, लेकिन यदि दबंग राजनेताओं द्वारा महिलाओं का सामूहिक शोषण किया जाता है तो निश्चय ही यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। इस मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने भी मुख्य अभियुक्त के खिलाफ कार्रवाई न होने पर राज्य सरकार को फटकार लगाई है। हालांकि, इस प्रकरण में अब तक डेढ़ दर्जन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

बहरहाल, हिंसा और दबंगई के लिये मशहूर पश्चिम बंगाल की राजनीति में संदेशखाली का विवाद लगातार विस्तार लेता प्रतीत हो रहा है। जहां तृणमूल कांग्रेस भाजपा को मामले को तूल देने के आरोप लगा रही है, वहीं भाजपा अपराधियों को बचाने के आरोप सत्तारूढ़ दल पर लगा रही है। आरोप है कि भाजपा आम चुनाव के मद्देनजर ध्रुवीकरण के प्रयासों में लगी है। बाकायदा एक बीस मिनट का वीडियो भी जारी किया गया है जिसमें महिलाएं अपनी आपबीती सुना रही हैं। क्षेत्र की महिलाएं इस मुद्दे को लेकर मुखर हो रही हैं और दोषियों को दंडित करने की मांग को लेकर एकजुट हो रही हैं। विपक्षी नेता इस आंदोलन की तुलना सिंगूर-नंदीग्राम जैसी मुहिम से कर रहे हैं, जो राज्य में सत्ता परिवर्तन की वाहक बनी थीं। सवाल उठाये जा रहे हैं कि इन महिलाओं ने पहले दबंग राजनेताओं के खिलाफ आवाज क्यों नहीं उठाई। कुछ लोगों की दलील है कि मुख्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद वे आवाज उठाने में सक्षम हो पायी हैं। बहरहाल, राशन घोटाले, अभियुक्तों के ठिकानों पर छापे, जमीन हड़पने और सामूहिक उत्पीड़न के आरोपों के बीच संदेशखाली लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। केंद्र सरकार के बड़े नेताओं व विभिन्न आयोगों के प्रतिनिधियों के संदेशखाली जाने की बात की जा रही है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पहले ही संदेशखाली का दौरा कर चुका है। बहरहाल, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोपों से इतर यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आज भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में दबंगों का वर्चस्व बना हुआ है। ऐसे तत्व किसी भी दल में हों, उनके खिलाफकार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन यहां जरूरी है कि किसी भी राज्य में किसी भी दल की सरकार हो, अपराधी बख्शे नहीं जाने चाहिए।



## राशिफल

**मेषः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**बृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः-** अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकरः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**कुंभः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

# उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबन्धन

**आदित्य नारायण**



**इस मोर्चे पर राहुल गांधी जिस जनगणना के कराये जाने की बात कर रहे हैं वह इसी विमर्श की उपज है जबकि इसके विरोध में भाजपा का विमर्श प्रखर राष्ट्रवाद व हिन्दुत्व का है। परन्तु भाजपा के हिन्दुत्व के विमर्श में जिस तरह पिछड़े शामिल हुए हैं उससे राज्य की राजनीति में गुणात्मक परिवर्तन आया है और पिछड़ा समाज ही गैर जाट व गैर यादवों समेत कथित संभ्रान्त ग्रामीण जातियों से अलग से चिन्हित होने लगा है। लोकसभा चुनावों में इन्हीं पिछड़ों को अपने-अपने खेमों में लाने की लड़ाई भी होती नजर आयेगी। इसके साथ ही राज्य के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ की कुशल प्रशासक की छवि भी विपक्षी इंडिया गठबन्धन की राह में कांटे बिछाने का काम करेगी क्योंकि समाजवादी पार्टी के शासन के दौरान अखिलेश बाबू की सरकार की सबसे तीखी आलोचना कानून-व्यवस्था को लेकर ही होती थी।**

उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबन्धन के घटक दल समाजवादी पार्टी से कांग्रेस का समझौता आखिरकार हो ही गया। इसे लेकर पिछले लम्बे अर्से से दोनों पार्टियों के बीच खींचतान चल रही थी। परन्तु अन्त समय में कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी के हस्तक्षेप से यह समझौता हो सका। इससे यह आभास होता है कि प्रियंका गांधी मौजूदा समय की चुनौतियों को समझने में सक्षम हैं और जानती हैं कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में भाजपा का मुकाबले करने के लिए विपक्षी दलों की मजबूत एकता की जरूरत है। राज्य में कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और शेष 63 सीटें सपा के खाते में जायेगी। कांग्रेस के हिस्से में मथुरा, बुलन्दशहर, सहारनपुर, अमरोहा, गाजियाबाद , सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, महाराजगंज, कानपुर, फतेहपुर सीकरी, इलाहाबाद, बनारस, झांसी व देवरिया आदि सीटें आयी हैं। ये सीटें उत्तर प्रदेश के सभी इलाकों का प्रतिनिधित्व करती हैं। अतः कहा जा सकता है कि सीट बंटवारा पूरी ईमानदारी के साथ किया गया है। हालांकि कांग्रेस को अपेक्षा से कम सीटें दी गई हैं। इंडिया गठबन्धन से राष्ट्रीय लोकदल के अलग हो जाने और भाजपा के खेमे में जाने के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश का राजनैतिक समीकरण इंडिया गठबन्धन के नजरिये से जिस तरह गड़बड़ाया है और पलड़ा भाजपा के पक्ष में झुका हुआ दिख रहा है उसे यह सीट बंटवारा किस तरह सन्तुलित कर पायेगा, यह देखने वाली बात होगी। मगर चुनाव लोकसभा के हो रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के विमर्श के मुकाबले कांग्रेस का विमर्श ही चल सकता है अतः समाजवादी पार्टी को भी केवल जातिगत समीकरणों से ऊपर जाकर सोचना पड़ेगा क्योंकि मतदाताओं की बुद्धिमत्ता पर शक करने की कोई वजह नहीं है। कांग्रेस व सपा को मिलकर एक मत से उस विमर्श को पकड़ना होगा जो कांग्रेस भाजपा के खिलाफखड़ा कर रही है। श्री राहुल गांधी की न्याय यात्रा आजकल उत्तर प्रदेश में ही चल रही है अतः सपा प्रमुख अखिलेश यादव को इसमें शामिल होकर लोगों को सन्देश देना पड़ेगा कि दोनों पार्टियों का लक्ष्य एक ही है। वैसे सपा और कांग्रेस के नेता क्रमशः अखिलेश यादव और राहुल गांधी जो राजनैतिक विरासत थामे हुए हैं उसका विमर्श सांझा ही रहा है और वह धर्मनिरपेक्षता व समावेशी सामाजिक विकास के साथ पिछड़ों व दलितों के उत्थान का है। इस मोर्चे पर राहुल गांधी जिस जनगणना के कराये जाने की बात कर रहे हैं वह इसी विमर्श की उपज है जबकि इसके विरोध में भाजपा का विमर्श प्रखर राष्ट्रवाद व हिन्दुत्व का है। परन्तु भाजपा के हिन्दुत्व के विमर्श में जिस तरह पिछड़े शामिल हुए हैं उससे राज्य की राजनीति में गुणात्मक परिवर्तन आया है और पिछड़ा समाज ही गैर जाट व गैर यादवों समेत कथित संभ्रान्त ग्रामीण जातियों से अलग से चिन्हित होने लगा है। लोकसभा चुनावों में इन्हीं पिछड़ों को अपने-अपने खेमों में लाने की लड़ाई भी होती नजर आयेगी। इसके साथ ही राज्य के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ की कुशल प्रशासक की छवि भी विपक्षी इंडिया गठबन्धन की राह में कांटे बिछाने का काम करेगी क्योंकि समाजवादी पार्टी के शासन के दौरान अखिलेश बाबू की सरकार की सबसे तीखी आलोचना कानून-व्यवस्था को लेकर ही होती थी। योगी जी ने अपनी सरकार की छवि को पूरी तरह इसके उलट बनाने में कामयाबी हासिल की है। मगर भाजपा लोकसभा चुनाव अपने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और अयोध्या में राम मन्दिर निर्माण से उपजी हिन्दू धारा के बलबूते पर जीतने का प्रयास करेगी जिसका जवाब अखिलेश व राहुल गांधी की जोड़ी को जल्दी ही ढूंढना होगा। कांग्रेस के साथ इन चुनावों में अल्पसंख्यक वर्ग आंख बन्द करके खड़ा नजर आ रहा है जबकि पिछड़ों में अगड़ा कहे जाने वाला वर्ग अखिलेश यादव के साथ माना जा रहा है। परन्तु विजय के लिए यह समीकरण काफी नहीं है क्योंकि राज्य का 18 प्रतिशत दलित मतदाता अभी भी भ्रम की स्थिति में है। पिछले विधानसभा चुनावों में इसके पचास प्रतिशत मतदाता भाजपा के साथ चले गये थे। बसपा नेता मायावती राज्य में इस दलित वर्ग की मसीहा मानी जाती हैं मगर पिछले विधानसभा चुनाव में उनकी शक्ति इतनी क्षीण हो गई कि उनकी पार्टी केवल एक ही विधायक चुनवा सकी। जबकि इससे पहले हुए लोकसभा चुनावों में बसपा के दस सांसद चुने गये थे परन्तु तब मायावती और अखिलेश बाबू में गठबन्धन था। मायावती अब अकेले चुनाव लड़कर कहीं न कहीं भाजपा की ही मदद करेंगी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# पंचामृत व फलों के रस से हुआ नित्यानंद महाप्रभु का अभिषेक





इटावा, समृद्धि न्यूज।

भगवान श्री कृष्ण के अग्रज व शेषावतार बलराम के अवतारी नित्यानंद महाप्रभु का अवतरण दिवस गौर निताई परिवार के तत्वाधान में श्रद्धाभाव के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया।

इस मौके पर हरिनाम के बीच महाप्रभु का पंचामृत, फलों के रस व नारियल पानी से महाभिषेक किया गया। इस दौरान भक्तो के द्वारा भगवान पर खूब पुष्प वर्षा भी की गयी। हरिनाम संकीर्तन पर श्रद्धालु खूब झूमें वही नित्यानंद महाप्रभु के जयघोष गुंजायमान होते रहे।

माघ मास की त्रयोदशी पर भगवान नित्यानंद महाप्रभु का अवतरण दिवस मनाया जाता है। श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वाधान में पक्का तालाब के किनारे स्थित सत्संग स्थल पर अवतरण दिवस आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। यहां पर परिवार के मुखिया व सनातन धर्म प्रचारक पंडित मनुपुत्र दास ने श्रद्धालुओं के साथ पंचामृत ,फलों के रस व नारियल पानी से नित्यानंद महाप्रभु का अभिषेक किया और भगवान का श्रृंगार कर भोग अर्पित किया और आरती भी उतारी। अभिषेक के बीच में हरी नाम संकीर्तन चला रहा जिस पर श्रद्धालु झूमते रहे भगवान के अवतरण दिवस की खुशी में पंडित मनुपुत्र दास के द्वारा भक्तों के ऊपर जमकर फल फूल मेवा व अन्य सामानों की लुटाई भी की गई।

इस मौके पर पंडित मनुपुत्र दास ने भक्तों को भगवान के अवतरण दिवस पर वताया कि नित्यानंद महाप्रभु का अवतरण पश्चिम बंगाल के गांव एक चक्र में हुआ था। कलयुग में गौरांग महाप्रभु जिन्हें चैतन्य महाप्रभु के नाम से भी जाना जाता है उन्होंने भी अवतार लिया था जो कि भगवान कृष्ण का ही अवतार है और उन्ही के साथ ही उनके भाई बलराम जी ने भी नित्यानंद रूप में अवतार लिया था। कलयुग में लोगों तक भगवान कृष्ण के नाम का प्रचार करने के लिए उन्होंने ये अवतार लिया था और उन्होंने अपना जीवन भगवान का स्मरण व उनके नाम का प्रचार करने में ही व्यतीत किया था। यदि आप भगवद्धाम में श्री श्री राधा-कृष्ण के संग के लिए व्याकुल हैं, तो सर्वोत्तम युक्ति यह है कि आप श्री नित्यानंद प्रभु का आश्रय लें।

उन्होंने बताया कि नित्यानंद नाम ही सूचक है,नित्य अर्थात शाश्वत, आनंद अर्थात सुख। भौतिक सुख शाश्वत नहीं होता, यही अंतर है। इसलिए जो बुद्धिमान हैं वे इस भौतिक संसार के क्षणिक सुख में रूचि नहीं लेते। जीवात्मा होने के नाते हम सभी सुख की खोज में हैं, परन्तु जो सुख हम खोज रहे हैं वह क्षणिक है अस्थायी है यह सुख नही है। वास्तविक सुख है नित्यानंद, शाश्वत सुख। जो नित्यानंद महाप्रभु के संपर्क में नहीं है उनके लिए ऐसा समझना चाहिए कि उनका जीवन व्यर्थ है। कार्यक्रम के बाद सभी भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया गया।

# पेट्रोल पम्प से कैशबॉक्स चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

इटावा, समृद्धि न्यूज।



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बसरेहर पुलिस ने पेट्रोल पम्प कैशबॉक्स से नकदी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी किये गये 40,550 रूपये व चोरी में प्रयुक्त कार बरामद की।

वादी रामबहादुर पुत्र श्यामसुंदर मैनेजर फिलिंग पेट्रोल पम्प बसरेहर इटावा द्वारा थाना बसरेहर पर 2 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोबिल आयल खरीदने के बहाने कैश बॉक्स से 83,600 रूपये चोरी कर लेने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में ऑपरेशन दृष्टि के तहत जनपद में लगाये कैमरों की सीसीटीवी फुटेज को चैक किया जा रहा था जिसमें आरोपियों की कार फुटेज में आयी। इसी के क्रम में थाना बसरेहर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि पेट्रोल पम्प के कैश बॉक्स से रूपयों को चोरी करने वाले आरोपी सैफई से लोहिया पुल की ओर आ रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना बसरेहर पुलिस टीम द्वारा गाड़ी संख्या एच आर 01 ए यू 0696 को चालक फकीर चन्द्र उर्फ शिवा पुत्र करमचन्द्र निवासी रामनगर उर्फ जटवाली जिला फजलका पंजाब सहित लोहिया नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।पकड़े गये आरोपी की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 40,550 रूपये नकद बरामद किये गये।

इस सफलता में कपिल चौधरी थानाध्यक्ष बसरेहर, उ.नि. उमेश कुमार, उ.नि. राजेन्द्र सिंह, का. अवनीश कुमार, का. शुभम, का. चालक उपेन्द्र शर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

## खबरें एक नजर में

### संत शिरोमणि गाडगे को किया नमन

इटावा, समृद्धि न्यूज। संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती संत गाडगे आश्रम इटावा में श्रद्धा पूर्वक मनायी गयी। इस अवसर पर सदर विधायक सरिता भदौरिया, समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आलोक दीक्षित, भाजपा नेता सागर दुबे, सपा शहर उपाध्यक्ष राम प्रकाश वर्मा, अनिल दिवाकर, राजेश प्रजापति ,अवनीश कुशवाहा आदि ने संत गाडगे के व्यक्तित्व पर चर्चा कर उनके दिखाये रास्ते पर चलने का आह्वान किया, एवं उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धान्जली अर्पित की।

### छात्र की मौत के बाद ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज

महोबा, समृद्धि न्यूज। ट्रक की टक्कर से परीक्षा देने जा रहे छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। उसके चाचा की सूचना पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279 304-ए, 177 व 184 के तहत मामला दर्ज किया है। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खन्ना थाना क्षेत्र के ग्राम कुलकुआ निवासी कपिलमुनि तिवारी ने कबरई पुलिस को दी सूचना में बताया कि उसका 18 वर्षीय भतीजा हिमांशु तिवारी ग्राम बरबई के इंटर कालेज में कक्षा 10 का छात्र था। बोर्ड परीक्षा के लिए उसका परीक्षा केंद्र ग्राम नहदौरा इंटर कालेज था। 22 फरवरी को वह सुबह करीब साढ़े 7 बजे पैदल मुख्य सड़क से केंद्र की ओर जा रहा था। तभी कबरई की ओर से आ रहे ट्रक चालक ने तेजी और लापरवाही से उसे टक्कर मार दी। जिससे हिमांशु ट्रक के सामने गिरा और चालक उसके रौंदते हुए मौके से भाग निकला। उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। चाचा ने सूचना कबरई थाने में दी। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279 304-ए, 177 व 184 के तहत मामला दर्ज किया है। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### न्यायालय परिसर में हुई सघन चेकिंग

महोबा, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर एएस चेक टीम बांदा, डॉग स्क्वॉयड एवं एलआईयू महोबा व न्यायालय सुरक्षा की संयुक्त टीम द्वारा सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत न्यायालय परिसर महोबा में सघन चेकिंग की गई। न्यायालय परिसर के सभी गेटों पर पुलिस बल तैनात कर हर आने-जाने वाले शख्स की जांच कराई गई। संदिग्धों की तलाशी लेते हुए उनसे आने का कारण पूछा गया। न्यायालय परिसर में लॉकअप, पार्किंग,एवं मैन गेट पर आने जाने वाले लोगों से पूछताछ कर उनका वैरीफिकेशन कराया गया। वहीं आने जाने वाले वाहनों को वैरियर लगाकर चैक किया जा रहा था। इसके अलावा स्कैनर से बैग/वस्तुओं व अन्य सामान की चैकिंग करने के बाद ही व्यक्तियों को अंदर प्रवेश दिया जा रहा है । वहीं न्यायालय के बाहर खड़ी गाड़ियों को भी चेक किया गया, चेकिंग के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक/संदिग्ध वस्तु बरामद नही हुई।

### बालिका ने निगला सिक्का, हालत गंभीर

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फरीदपुर कट्टर के मजरा मल्लाहन पुरवा निवासी राकेश की अबोध बच्ची सहजल 06 वर्ष ने आज खेल-खेल में पांच रुपए का सिक्का निगल लिया। सिक्का बच्ची के गले में फंस गया। परिजन उसे आनन-फानन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखकर बच्ची को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### विवाहिता का पंखे से फांसी पर लटका मिला शव

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। ब बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गिरजा नगर निवासी पूनम पत्नी मनोज ने गुरुवार रात कमरे में लगे पंखे से साड़ी से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। गिरिजा नगर निवासी मनोज की पत्नी पूनम ने गुरुवार रात घर में मौजूद सास ससुर जेठ को खाना खिलाने के बाद लगभग 9 बजे सोने चली गई। 9.30 बजे पूनम का बेटा अयांश डेढ़ वर्ष की रोने की आवाज पर घर में मौजूद सास रामदुलारी ने बहू को आवाज दी। बहू पूनम के न बोलने पर सास कमरे में पहुंचकर किवाड़ खोलकर देखा तो अवाक रह गई। बहू पंखे से लड़की हुई थी। सास के चीखने पर घर में मौजूद ससुर राम आधार व जेठ दिनेश मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पंखे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक पूनम का विवाह 7 वर्ष पूर्व भगवानखेड़ा में हुआ था। मृतका के एक 6 वर्षीय पुत्री मान्या डेढ़ वर्ष का आयांश है। पति मनोज लखनऊ के कृष्णा नगर में प्राइवेट काम करता है। सूचना पर रात में पति मनोज घर पहुंचे और बदहवास हो गए। मृतका के पिता शिवबहादुर व भाई विकास भी पहुंचे। थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मायका पक्ष के लोगों की ओर से अभीतक किसी तरह के कोई आरोप नहीं लगाए गए है। आत्महत्या का कारण परिजन नहीं बता सके।

### अभियान चलाकर काटे कनेक्शन, वसूला राजस्व

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। ब शुक्रवार को बिजली विभाग की टीमों ने शुक्लागंज नगर के पांच मोहल्लों में बड़े बकायेदारों के खिलाफचेकिंग अभियान चलाया। जहां टीम ने कई बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे। इसके साथ ही उनसे राजस्व भी वसूला। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद के निर्देश पर शुक्रवार को बिजली कर्मियों की टीम ब्रह्मनगर, श्रीनगर, बिन्दा नगर, गंगानगर, चंपापुरवा, आजाद नगर, ऋषिनगर पहुंची। जहां टीम ने पांच हजार से अधिक के बकायेदारों के बिजली के बिल चेक किये। जहां कई कनेक्शन काटे। इसके साथ ही उनसे राजस्व वसूला। वहीं जिनके कनेक्शन काटे, उन्हें दोबारा तार न जोड़ने की हिदायत भी दी। जेई ने बताया कि अभियान के दौरान 50 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे गये हैं। इसके साथ ही करीव सवा आठ लाख रुपये का बकाया राजस्व भी वसूला गया है।

# मौसम बदलते ही बीमारियों ने पसारे पैर, पीएचसी में ओपीडी फुल

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

अचानक मौसम में परिवर्तन होने से तमाम प्रकार की बीमारियों ने पैर पसार दिये हैं। शुक्रवार को सुबह से ही पीएचसी, सीएचसी के अलावा प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों की क्लीनिक में मरीजों की भारी भीड़ रही। अधिकांश मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार, चर्म रोगों के अलावा अन्य प्रकार की बीमारियों से परेशान होकर दवाइयां लेने पहुंचे। जिस कारण पीएचसी में सुबह से दोपहर तक भारी भीड़ रही।

जनवरी माह में पड़ी कड़ाके की सर्दी के बाद फरवरी में मौसम सामान्य हुआ। जिसके बाद इधर दो दिनों से सुबह शाम की सर्दी है। दोपहर के समय चिलचिलाती धूप निकल रही है। बदलते मौसम के कारण न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सुबह नौ बजे से ही मरीजों की लंबी कतारें लग गई। दस बजे ओपीडी शुरू हुई। जहां मरीजों ने पर्चा बनवाने के बाद डॉक्टरों को दिखाने के लिये लाइनों में खड़े हो गये। अस्पताल में मौजूद डा. शिप्रा झा ने मरीजों का परीक्षण किया। जिसमें अधिकांश मरीज बुखार, जुकाम, सर्दी, चर्म, शरीर में दर्द और अकड़न के अलावा अन्य रोगों से ग्रसित पहुंचे। जहां मौजूद डॉक्टरों ने उनका परीक्षण किया। जिसके बाद उन्हें दवाइयां दी। पीएचसी में दो सौ से अधिक मरीजों की ओपीडी की गई। जिसमें अधिकांश बुखार, सर्दी, जुखाम व पेट सम्बंधित बीमारियों से ग्रसित रहे। डॉक्टर ने बताया कि चर्म रोग के मरीज भी बढ़े हैं। इस समय तापमान के उतार चढ़ाव के कारण लोग बीमार हो रहे हैं।

# एसपी ने वर्चुअल गोष्ठी कर की लंबित प्रकरणों की समीक्षा

- लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

महोबा, समृद्धि न्यूज।



पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा गूगलमीट के माध्यम से वर्चुअल गोष्ठी कर जनपद में सीएम डैशबोर्ड पर लंबित प्रकरणों (हत्या, दहेज हत्या, शीलभंग, पाक्सो एक्ट, एससी/एसटी एक्ट) जैसे अपराधों में पंजीकृत अभियोगों की समीक्षा कर सभी संबंधित को लम्बित प्रकरणों से अवगत कराते हुये उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किये जाने को कहा। आगामी त्योहारों व लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाये रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सीएम डैशबोर्ड (दर्पण) के प्रकरणों से अवगत कराते हुए उनका त्वरित निस्तारण पूर्ण करने हेतु प्रत्येक दिवस पोर्टल पर अपने लंबित प्रकरणों से संबंधित डैशबोर्ड की स्थिति को देखते हुए यथाशीघ्र समस्त कार्यवाहियों के किये जाने के संबंध में सख्त निर्देश दिए गए। इस वर्चुअल गोष्ठी के दौरान सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक सहित सभी सीओ, प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष मौजूद रहे।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा ने किया चौपाल कार्यशाला का आयोजन

इटावा, समृद्धि न्यूज।



भाजपा युवा मोर्चा के तत्वाधान में गांव चलो अभियान के अंतर्गत देशभर में युवा चौपाल घका आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है जिसकी श्रृंखला में आज भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा इटावा की कार्यशाला सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस इटावा में संपन्न हुई।

इस कार्यशाला में युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री सौरव भूषण शर्मा ने बताया कि युवा मोर्चा देश भर में भारत सरकार की उपलब्धियां बताने के लिए युवा चौपाल का आयोजन करने जा रहा है। युवा चौपाल के माध्यम से केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां जन जन तक पहुंचाने का कार्य युवा मोर्चा के कार्यकर्ता करेंगे। आगामी 24 फरवरी से 5 मार्च तक प्रत्येक मंडल पर युवा चौपाल का आयोजन किया जाएगा जिसके माध्यम से देश भर के युवाओं को भारतीय जनता पार्टी और मोदी जी की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत करके भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने का आवाहन किया जाएगा ।युवा मोर्चा के कार्यकर्ता युवा चौपाल के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे युवाओ, चाहे वह खेल जगत से जुड़े हो चाहे वह इंजीनियर मेडिकल साइंस से जुड़े हुए युवा हूं चाहे वह पढ़ने वाले विद्यार्थी हो इन सभी युवाओं को भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत कराते हुए भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने का कार्य युवा मोर्चा के द्वारा किया जाएगा। जनपद स्तरीय युवा चौपाल कार्यशाला में मुख्य रूप से क्षेत्रीय शोध विभाग प्रमुख अभिषेक मिश्रा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विवेक चौधरी संजू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री मोनू चौहान ने किया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष कुशल चौधरी, मृत्युंजय चौधरी, डंपी चौहान, सौरभ भदौरिया, बंटू चौहान, प्रीती दुबे, अंकित सैनी, सूरज चौधरी, श्रेयश मिश्रा, मीडिया प्रभारी अनुरुद्ध गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी गिर्राज चौधरी, तरुण, रंजन गुप्ता, एकलव्य भदौरिया, मंडल अध्यक्ष सार्थक सक्सेना, अर्पित तिवारी सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने दिखाया हुनर

- पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हुई विज्ञान प्रदर्शनी

इटावा, समृद्धि न्यूज।



पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आज विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बच्चों ने विज्ञान विषय के अलावा गणित, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी एवं संस्कृति के भी चार्ट व मॉडल तैयार किए।

आजादी का अमृत महोत्सव की थीम वाला यह कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत दिखा। बच्चों ने मॉडल बनाकर भविष्य के वैज्ञानिक होने की बात साबित की। इस कार्यक्रम का प्रारंभ कार्यक्रम के अतिथि डॉक्टर उमेश प्रधानाचार्य चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, आनंद मित्तल, पवन कुमार चेयरमैन एच एन स्कूल एवम पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक डॉ कैलाश चंद्र यादव ने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर शुरुआत की। इस अवसर पर बोलते हुए डॉक्टर कैलाश यादव ने कहा कि बच्चे कक्षाओं में थ्योरी पढ़ते हैं किंतु मॉडल के माध्यम से वे इस थ्योरी को साकार रूप प्रदान करते हैं। जिससे विषय को समझने में एवं समझाने में आसानी होती है। आनंद मित्तल और उमेश कुमार ने बच्चो की सराहना की। पवन कुमार ने प्रबंधक कैलाश चंद्र यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में विगत 20-22 वर्षों में सैकड़ो बच्चों ने शिक्षा ग्रहण की है और वह आज समाज में अपना नाम रोशन कर रहे हैं । विभिन्न जगह पर उच्च पदों पर आसीन है।

### समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में तीन लोग घायल

महोबा, समृद्धि न्यूज। समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग हुई और गोली लगने से तीन लोग घायल हो गए। इससे शादी की खुशियों के दौरान हड़कंप मच गया। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना कबरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बम्हौरी काजी गांव की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां के प्रधान रामदयाल के पुत्र रविंद्र की शादी का कार्यक्रम था। कुछ लोग भोजन कर रहे थे तो कुछ रश्मों में शामिल थे। तभी किसी ने हर्ष फायरिंग कर दी और जिससे वहां मौजूद हरिदास निवासी गहरा, पप्पू श्रीवास निवासी लिलवाही व देवीदीन श्रीवास गंभीर रूप से घायल हो गए। इससे खुशी के माहौल में हड़कंप मच गया और भगदड़ मच गई। ग्रामीणों ने तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां तीनों की हालत में सुधार न होने पर उन्हें रिफर किया गया है। उधर सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# समस्त थानों की हेल्प डेस्क पर चस्पा किये गए पोस्टर

महोबा, समृद्धि न्यूज।






अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उप्र लखनऊ के आदेश के क्रम में एसपी अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत निः शुल्क विधिक सहायता हेतु सर्वसामान्य को सूचनात्मक पोस्टर पर पूर्ण विवरण तैयार किया गया। जिसे पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित महिला सहायता प्रकोष्ठ अवस्थित महिला हेल्प डेस्क पर चस्पा कर शुभारंभ किया गया।

सभी थानों पर भी निः शुल्क विधिक सहायता संवैधानिक अधिकार के पोस्टर/ बैनर चस्पा किया गया। जिससे पीडित महिलाओं/ बालिकाओं व बच्चों के द्वारा किसी भी प्रकार के अपराध में निःशुल्क विधिक सहायता हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नामित विधि परामर्शदाताओं से संपर्क किया जा सकता है। भारत के संविधान अनुच्छेद 39 (क) समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करता है और सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करता है। इसके अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के अपराध में निःशुल्क विधिक सहायता हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नामित विधि परामर्शदाताओं से संपर्क किया जा सकता है । समस्त थानों की हेल्प डेस्क पर चस्पा किये गए पोस्टर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सूचीबद्ध अधिवक्तागण का विवरण मय मोबाइल नम्बर के दिया गया है जिनसे किसी भी पीड़िता द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता हेतु सम्पर्क किया जा सकता है । कानूनी कार्यों हेतु वकील की सुविधा आदि की जानकारी दी जा रही है।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी

- व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए निर्देश



महोबा, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस लाइन में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गई व टोलीवार परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक एवं मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़/परेड ड्रिल कराई गई। पुलिस कर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर कार्यालय भोजनालय, बैरक व शौचालय का साफ सफाई के दृष्टिगत किया निरीक्षण। स्वयं भोजन ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता को परखा गया, सभी कर्मचारियों को मिलने वाले भोजन में गुणवत्ता के सम्बन्ध में प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए गए साथ ही निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर निर्माणकार्य में पूर्ण गुणवत्ता बनाए रखने के दिए निर्देश। पीआरवी चालकों को प्राप्त इवेंट में अति शीघ्र पहुंचते हुए प्राथमिक उपचार एवं क्राइम प्रोटेक्शन किट का प्रयोग करते हुए घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए सही फोटोग्राफी करने एवं आग लगने पर फायर सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग किए जाने एवम रात्री 10.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे के बीच पीड़ित एवम् असहाय महिला की मदद नियमानुसार करने तथा आवश्यक पुलिस सेवाओं को प्रदान करने हेतु ट्रोल फ्री नंबरों को दिए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया गया तथा उनकी व्यक्तिगत व सामूहिक समस्या पूछी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश कक्ष में रजिस्टर पेशी के दौरान विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन कर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए गए। साप्ताहिक अर्दली रूम कर सम्बन्धित कर्मी को उच्च कोटि का अनुशासन बनाये रखने तथा निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किए जाने के दिए निर्देश। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सहित पुलिस लाइन एवं पुलिस कार्यालय के सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिव शोभायात्रा की स्मारिका शिवांजलि के 41वें अंक का विमोचन

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।





शिवरात्रि के पावन पर्व पर जनपद में निकलने वाली विशाल शिव शोभायात्रा की स्मारिका शिवांजलि पुस्तिका के 41वें अंक का विमोचन यात्रा प्रभारी धीरेंद्र प्रताप सिंह के सिविल लाइंस स्थित आवास पर संपन्न हुआ।

यात्रा संयोजक चंद्रप्रकाश गुप्ता ने बताया कि वर्ष 1982 से शिव की कृपा से अनवरत यात्रा हर साल अधिक भव्य रूप लेते हुए निकलती चली आ रही है। यात्रा संस्थापक स्वर्गीय राजकुमार निगम ने यात्रा को इस मुकाम तक पहुंचाया है और हम सभी समिति के सदस्य मिलकर उनके पावन कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं।

यात्रा प्रभारी धीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 8 मार्च दिन शुक्रवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गाजे-बाजे 551 झांकियों के साथ पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ विराट शिव शोभायात्रा निकलेगी जो कि जनपद ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का गौरव व निकलने वाली सबसे बड़ी शिव बारात है। यात्रा सह संयोजक अरुण सिंह चौहान मुन्ना ने कहा कि यात्रा 11 बजे आईबीपी टंकी चौराहे से शुभारंभ होकर परंपरागत रूप नगर से नगर भ्रमण करेगी। इस अवसर पर समिति ने समस्त जनपदवासियों से यात्रा में सपरिवार ईस्ट मित्रों संग शामिल होते हुए एकता शक्ति व भक्ति का परिचय देते हुए महान पुण्य के भागी बनने की अपील की। इस अवसर पर यात्रा संरक्षक सुरेश चंद्र पांडेय, सत्येंद्र सिंह, विनोद शर्मा, रेखा शुक्ला, जया सिंह, आकांक्षा सिंह, सुरेश मिश्रा, अजीत सिंह, नीरज शुक्ला, अभिषेक सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एसपी ने माखी थाने का किया निरीक्षण

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।



आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देशानुसार आज रिजर्व पुलिस लाइन व सदर कोतवाली व थाना माखी व थाना फतेहपुर 84 एवं समस्त थानों में दंगा नियंत्रण उपकरणों एवं अन्य शस्त्रों की साफ सफाई की गई तथा शस्त्रों की क्रियाशीलता को जांचा।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा ने माखी थाना के निरीक्षण के दौरान कार्यालय महिला हेल्प डेस्क मालखाना साइबर हेल्प डेस्क हवालात सीसीटीएनएस के साथ ही अभिलेखों का अवलोकन किया और खामियों को दूर करने का निर्देश दिया। थाना परिसर में गंदगी देख उन्होंने मातहतो को कड़ी फटकार लगायी और साफ सफाई का निर्देश दिया।

### मधुमक्खियों के हमले से युवती घायल

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। फतेहपुर-84 थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम माढ़ापुर के मजरा खजुरिया निवासी पिंटू की पुत्री प्रीती 20 वर्ष आज अपने खेत जा रही थी तभी रास्ते में अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उसपर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के जहरीले डंक से प्रीती गंभीर रूप से घायल हो गई। पिता पिंटू आनन-फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत देखकर घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



# निकाय राजस्व वसूली लक्ष्य के अनुरूप सुनिश्चित करें: डीएम

- जहां पर भी अतिक्रमण की शिकायत मिले उसे तत्काल हटवायें

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



निकाय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में नगर निकायों में राजस्व प्राप्ति एवं प्रचलित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने नगर पंचायत एवं नगर पालिका में साफ सफाई के साथ-साथ शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पत्रों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। उन्होंने निकायों में चल रहे लंबित निर्माण कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर निर्देशित किया कि ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से सभी लंबित कार्यों को पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने नगरीय निकायों में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ रहे इसके लिए सर्वे कराया जाए। जो भी हेड पंप खराब मिले उन्हें त्वरित सही कराया जाए, गर्मी का समय आने वाला है, अभी से ही सभी तैयारियां पूर्ण रहे, हेंड पंप से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त न हो इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने निकायों की राजस्व एवं करकरेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा कर निर्देशित किया कि राजस्व वसूली में शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में लक्ष्य तक ही सीमित न रहे लक्ष्य को पूर्ण करते हुए अधिक से अधिक राजस्व वसूली सुनिश्चित कराई जाए, साथ ही निकायों को आय के स्रोत बढ़ाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव व समस्त अधिशाषी अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## रोड रेस्टोरेशन का कार्य एजेंसियां 31 मार्च तक पूर्ण करायें: डीएम

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शासन की महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन, हर घर जल परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की अध्ययन प्रगति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सला ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, रामपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, मढ़ेपुरा ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना, कोटा मुस्तकिल ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना व नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना की बिंदुवार समीक्षा करते हुए खराब प्रगति पर एजेंसियों को चेतावनी देते हुए जल जीवन मिशन के कार्यों में मैन पावर व मशीनरी बढ़ाकर तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी लंबित परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर कार्य कर पूर्ण किया जाए, शासन की प्राथमिकता के कार्य में लापरवाही क्षम्य में नहीं होगी। उन्होंने बीजीसीसी व जीवीपीआर कांट्रैक्टिंग एजेंसियों द्वारा किए जा रहे रोड रेस्टोरेशन का कार्य की गति अत्यधिक धीमी है, जिस पर संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया कि 31 मार्च तक शत प्रतिशत गांव की रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि रोड रेस्टोरेशन का कार्य ससमय व गुणवत्तापूर्ण न करने पर संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध कार्यवाही कराने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी व कर्मचारी जल जीवन मिशन के कार्यों के प्रति रुचि न लेने पर दायित्व निर्धारित करते हुए उनके भी विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को निर्देशित किया कि संबंधित एजेंसी के पदाधिकारी व विभागीय अधिकारियों के साथ प्रतिदिन समीक्षा बैठक करेंगे साथ ही रोड रेस्टोरेशन में किए जा रहे कार्यों की प्रतिदिन फीडबैक देंगे।

रोड रेस्टोरेशन कार्यों का प्रतिदिन दें फीडबैक

## पीड़ित किसानों ने एसडीएम से लगायी बीमा क्लेम दिलाने की गुहार

**जालौन (उरई)।** बीमा कंपनी द्वारा फसल का बीमा शुल्क लेने के बाद भी फसल खराब होने पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। पीड़ित किसानों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बीमा क्लेम दिलाने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम हरीपुरा निवासी किसान मिथलेश कुमार व प्रतापपुरा निवासी सुधीर कुमार, सूर्यकांत ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनकी खरीफ की फसल का बीमा कंपनी द्वारा वर्ष 2023 में किया गया था। इसके बाद उनकी खरीफ की फसल नष्ट हो गई। जिसकी जांच लेखपाल द्वारा की गई थी। जांच के बाद लेखपाल ने रिपोर्ट भी भेज दी थी। रिपोर्ट भेजने के बाद भी बीमा कंपनी द्वारा क्लेम का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

## पुरानी जर्जर टंकी को गिराने का कार्य शुरू

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

नगर में पेयजल आपूर्ति के लिए जल संस्थान द्वारा छह दशक पूर्व पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। कार्यालय परिसर में बनी पानी की टंकी जर्जर हो चुकी थी। जर्जर टंकी को तोड़ने का काम शुरू करा दिया गया है। टंकी तोड़ने के बाद नयी टंकी बनाने की योजना है।

नगरवासियों को नल से जलापूर्ति कराने के लिए वर्ष 1964 में जल संस्थान की स्थापना की गई थी। जल संस्थान की स्थापना के साथ ही कार्यालय परिसर में ढाई लाख लीटर क्षमता की टंकी का निर्माण कराया गया था। लगभग 40 वर्षो तक इसी टंकी से नगर में पानी की आपूर्ति की जाती रही।

उस समय नगर का क्षेत्रफल भी कम था। नगर का क्षेत्रफल बढ़ने के साथ ही इसी टंकी के पास ही एक दूसरी बड़ी टंकी का निर्माण कराया गया। बड़ी टंकी का निर्माण होने के बाद इसी बड़ी टंकी से नगर में पानी की आपूर्ति की जाने लगी। धीरे धीरे पुरानी टंकी का उपयोग बंद हो गया और समय के साथ यह टंकी खराब होकर जर्जर हो गई। जर्जर हो चुकी टंकी के स्थान पर एक और नई बड़ी टंकी का निर्माण कराने की योजना था। इस योजना पर कार्य शुरू हो चुका है और कार्यालय परिसर में जर्जर पड़ी टंकी को तोड़ने का कार्य भी शुरू करा दिया गया है।


जल संस्थान परिसर में तोड़ी जा रही पुरानी टंकी।

इसके स्थान पर एक और बड़ी टंकी का निर्माण कराने की योजना है। बड़ी टंकी का निर्माण होने के बाद नगर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था और दुरूस्त हो सकेगी। जिन स्थानों पर अभी पानी कम पहुंचता है उन स्थानों पर भी पानी आसानी से पहुंच सकेगा। इसको लेकर जल संस्थान के जेई आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि पुरानी टंकी को तोड़ने का कार्य चल रहा है। यह काम पूरा होने के बाद नई टंकी का निर्माण कराने की योजना है।

## बोर्ड परीक्षाओं की सुचिता परखने शेखपुर बुजुर्ग कालेज पहुंचे एसडीएम



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं की शुचिता परखने के लिए एसडीएम ने कर्नल ईश्वरी सिंह इंटर कॉलेज शेखपुर बुजुर्ग का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

गुरूवार से माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हो चुकी है। इन परीक्षाओं को लेकर क्यूआर कोड लगी हुई उत्तर पुस्तिकाएं, एमआर शीट और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी हो रही है। ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो सके। शुक्रवार को एसडीएम अतुल कुमार परीक्षा की शुचिता को परखने के लिए शेखपुर बुजुर्ग स्थित कर्नल ईश्वरी सिंह इंटर कॉलेज पहुंचे। उन्होंने प्रधानाचार्य कक्ष में बनी सीसीटीवी कंट्रोल रूम में बैठकर परीक्षा नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए कक्ष निरीक्षकों को ओएमआर शीट त्रुटिहीन तरीके से भरवाने के निर्देश दिए।

## ई-रिक्शा से बैट्री चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली पुलिस ने ई रिक्शा से बैट्री चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 4 बैटरियों के तमंचा व कारतूस भी बरामद हुए हैं।

क्षेत्र में काफी दिनों से खड़े ई-रिक्शा से बैटरिया चोरी हो रही थी जिसकी शिकायते पुलिस के पास आ रही थी। चोरों की इस हरकत से हो रही किरकिरी के चलते पुलिस सतर्क थी इसी दौरान शुक्रवार को टरननगंज चौकी इंचार्ज अभिलाख सिंह को सूचना मिली थी कि नगर स्थित बनखण्डी देवी रोड पर कुछ युवक खड़े है जिनके पास 4 बैटरी भी है। सूचना को संज्ञान में लेकर कोतवाली पुलिस ने बताए स्थल पर छापामारी की तो बैटरियों के साथ मौजूद युवक पुलिस की देखकर खिसकने लगे थे लेकिन वह भाग पाते कि इससे पहले पुलिस ने उन्हें धर दबोचा और बैटरियों के साथ उन्हें कोतवाली ले आए थे। पूंछतांछ के दौरान ली गई तलाशी में तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के अनुसार पूंछतांछ के दौरान पता चला कि युवक अरशद पुत्र जाविद, मेराज पुत्र मेहराब और नौशाद उर्फ शाहमुखी पुत्र मुहम्मद अशफाक सभी नगर स्थित काँशीराम कालोनी के निवासी है और वह सभी मोटर मैकेनिकों की दुकानों पर काम करते हैं जिससे उन्हें ई रिक्शा में बैटरी संबंधी सम्पूर्ण जानकारी भी है और वह मौका मिलते ही काम कर देते हैं। वही पुलिस ने तीनों के खिलाफ धारा 379, 411 तथा आयुध अधिनियम की धारा 25 के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।


पुलिस शिकंजे में आये ईरिक्शा की बैटरी चुराने वाले चोर।

## खबरें एक नजर में

### सामान लेने गयी युवती लापता, पिता ने दी तहरीर

**जालौन (उरई)।** गांव में सामान लेने गई युवती वहीं से लापता हो गई। शाम तक वापस न आने पर पिता ने बेटी की गुमशुदगी की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस युवती की तलाश कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पर्वतपुर निवासी एक पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 18 वर्षीय बेटी शुक्रवार की सुबह गांव में स्थित एक दुकान से घर का सामान लेने के लिए निकली थी। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की। गांव में सभी जगह तलाशने और नाते रिश्तेदारी में पता करने के बाद भी बेटी का कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद उसने बेटी के लापता होने की सूचना पुलिस को दी है। पिता की तहरीर पर पुलिस युवती की तलाश कर रही है।

### संविधान बचाओ अभियान के तहत सपा का सम्मेलन आज

**उतरौला,बलरामपुर।** शनिवार 11 बजे फक्कड़ दास चौराहे के निकट समाजवादी पार्टी द्वारा संविधान बचाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक एलाइंस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में गोंडा लोकसभा से समाजवादी कांग्रेस की घोषित संयुक्त प्रत्याशी श्रेया वर्मा भी सम्मिलित होंगे जानकारी देते हुए विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि जिला अध्यक्ष गोंडा बलरामपुर समेत सम्मेलन में विधानसभा क्षेत्र के सभी जोनल अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष बूथ अध्यक्षों वह सक्रिय कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

### एम्बुलेंस चालक दल के सदस्यों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**कालपी (जालौन)।** 102 व 108 एम्बुलेंस के चालक दल के सदस्यों को बेहतर सेवा के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 10 दिवसीय इस कार्यशाला में उन्हें को विभिन्न तरह की जानकारियां दी जा रही है। उप्र के सभी सरकारी अस्पतालों में 102 व 108 एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने वाली संस्था ग्रीन हेल्थ सर्विस ने एम्बुलेंसों में मरीजों को प्राथमिक उपचार व उन्हें समय से अस्पताल तक पहुंचाने के को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चयनित किये गये 40 चालकों को मिनी चिकित्सक के रूप में 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिले की एम्बुलेंस सेवा के जिला प्रोग्राम मैनेजर व जिला प्रभारी संतोष विश्वकर्मा, राजन यादव, प्रमोद अहिरवार की देखरेख में लखनऊ से आये ट्रेनर राम किशुन व आशीष द्वारा चालकों को प्रशिक्षण दिया जारहा है।

### एक्सईएन के निर्देश पर भी सड़क की मरम्मत नहीं करायी

**जालौन (उरई)।** चुर्खी रोड पर जालौन से कुसमरा के बीच सड़क पर जगह जगह गड्ढे हो गए हैं। इस सड़क की मरम्मत कराने की मांग ग्रामीण ने लोक निर्माण विभाग में की थी। अधिशाषी अभियंता के निर्देश के बाद भी अब तक काम शुरू नहीं हो सका है। नगर से चुर्खी बाबई को जाने वाले मार्ग से हरदोई राजा, कुसमरा, कुठौंद बुजुर्ग, काशीपुरा, दहगुवां, बाबई, गढ़गुवा, गधेला, काशीपुरा, आदि गांव के ग्रामीण प्रतिदिन यात्रा करते हैं। नगर क्षेत्र में देवनगर चौराहे से बालाजी मंदिर तक लगभग डेढ़ किमी सड़क नाला निर्माण के दौरान खराब हो चुकी है। इसके अलावा बंबा से लेकर ग्राम कुसमरा तक भी सड़क पर जगह जगह गड्ढे हो गए हैं। सड़क में जगह-जगह बने गड्ढों के चलते वाहन चालक परेशान होते हैं। एक ओर जहां पानी बरसने पर इन गड्ढों में कीचड़ जमा हो जाता है तो दूसरी ओर वाहनों पर भी डेंट लग जाते हैं।

## दस मौजों के किसानों की बनायी जा रही रियल टाईम खतौनी

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के 10 मौजों के किसान अभी खतौनी नहीं ले सकेंगे। इन गांवों की रियल टाईम खतौनी बनाई जा रही है जिसके चलते राजस्व परिषद ने अभिलेखों पर डिजिटल ताला लगा दिया। राजस्व विभाग का सभी कामकाज आनलाईन हो गया है न्यायालय से लेकर भू अभिलेख भी एक क्लिक पर उपलब्ध है तो लेखपाल सहित विभाग के अन्य कर्मचारी सभी रिपोर्ट मोबाइल से ही दे रहे हैं।

लेकिन अब आनलाईन हो चुका विभाग अब अपनी सेवाओं में सुधार और पारदर्शिता लाना चाह रहा है जिससे जनता को कामकाज के लिए परेशान न होना पड़े और शायद इसी योजना के तहत अब खतौनी उद्धरण की कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था में और सुधार हो रहा जिसके तहत तहसील क्षेत्र के 246 मौजो में रियल टाईम खतौनी का निर्माण हो रहा है हालांकि काफी दिनों से जारी इस अभियान में लगभग दो सैकड़ा मौजों में रियलटाईम खतौनी का काम पूरा हो गया है हालांकि अभी लगभग आधा सैकड़ा मौजों में यह व्यवस्था लागू नहीं है। राजस्व विभाग के जिम्मेदारों की माने तो इस समय शाहजहांपुर, नूरपुर, लौना, खड़गुई मुस्तिकल, कोड़ा किर्राही, पाल, निवहना, बैरई, जकसिया, अकबरपुर सहित 10 गांवों में रियल टाईम खतौनी का काम चल रहा है जिसके तहत इन गांवों के राजस्व अभिलेखों में राजस्व परिषद ने ताला लगा दिया है जिससे अब कुछ दिनों तक इन गांवों के किसान खतौनी नही निकाल सकेंगे। तहसीलदार अभिनव तिवारी के अनुसार अब भू अभिलेखों में भूमि संबंधी जानकारी सरल हो जा रही है जिसमे सहखातेदारों के हिस्से के अलावा गाटावार सभी जानकारिया दर्ज की जा रही है। जिन्हें किसानों के लिए समझना आसान होगा।

### खसरे की भी व्यवस्था हो रही ऑनलाईन

**कालपी।** अभी तक खतौनी ही एक क्लिक पर मिलती है पर खेतों में क्या बोया गया है इसके लिए लेखपालों की परिक्रमा और खुशामद करनी होती थी और खेतो मे कोई फसल खड़ी होती थी तो अभिलेखों में कुछ और होता है। लेकिन राजस्व विभाग अब किसानो को इस समस्या से मुक्त करने जा रहा है इसके लिए शासन द्वारा खेतों का क्राप सर्वे किया जा रहा है जिसमे लेखपाल के साथ पंचायती राज विभाग के कर्मचारी भी लगाये गए है और मौके पर ही फसल संबंधी जानकारी आनलाईन दर्ज हो रही है।

## तालाब सुंदरीकरण के बाद दबंग ने शुरू किया अतिक्रमण

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

मोहल्ला चुर्खीबाल में तालाब का सुंदरीकरण कराने के लिए तालाब को अतिक्रमणमुक्त किया गया था। सुंदरीकरण के बाद तालाब की जगह पर एक व्यक्ति ने पुनः अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है। मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। एसडीएम ने नगर पालिका को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

नगर क्षेत्र के मोहल्ला चुर्खीबाल निवासी अंबिका, अरविंद कुमार, प्रदीप कुमार, कन्हैया आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि पिछले वर्ष मोहल्ले में स्थित तालाब का सुंदरीकरण कराया गया था। सुंदरीकरण से पूर्व तालाब की जगह पर हुए अतिक्रमकण को हटवाया गया था। जिसमें अतिक्रमणकारियों के अतिक्रमण हटवाए गए थे।

तालाब का सुंदरीकरण होने के बाद अब एक व्यक्ति ने अस्थाई अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है। अभी एक व्यक्ति ने अतिक्रमण करना शुरू किया है इसको देखकर आगे अन्य लोगों द्वारा भी अतिक्रमण करने की आशंका है। ऐसे में तालाब को अतिक्रमणमुक्त कराया जाए। मोहल्ले के लोगों की शिकायत पर एसडीएम ने नगर पालिका को कार्रवाई करने के लिए आदेशित किया है।

## कैंसर पीड़ित मां अपने पुत्र-पुत्रवधू की हरकतों से परेशान

**जालौन (उरई)।** कैंसर से पीड़ित मां अपने पुत्र व पुत्रवधू से परेशान हैं। मां ने पुत्रवधू द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने की शिकायत उच्चधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी रिहाना ने मानवाधिकार आयोग समेत उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि बताया कि उनके पति साबिर की मृत्यु हो चुकी है। उनके दो पुत्र और एक पुत्री है। बड़ा पुत्र अपनी पत्नी के साथ रह रहा है। जबकि वह अपनी अविवाहित पुत्री के साथ छोटे पुत्र के साथ रह रही हैं। वह कैंसर पीड़ित है किसी तरह परिवार का भरण-पोषण कर जीवन यापन कर रही है। उसे अविवाहित पुत्री का विवाह भी करना है। ऐसे में बड़ा पुत्र व पुत्रवधू सहयोग करने की जगह उनसे रुपयों की मांग करते हैं।

## बीडीओ की उदासीनता से लोगों को नहीं मिल रहे दस्तावेज

- जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से लेकर परिवार रजिस्टर की नकल के लिए तरसे ग्रामीण

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**




विकास खंड महेवा के अंतर्गत आने वाले कई गांव में ग्रामीण ब्लॉक का चक्कर लगा लगा कर काफी परेशान हो गए हैं बताया जाता है कि ब्लॉक महेवा में 59 गांव आते हैं जिसकेलिए स्थाई एवं अस्थाई तौर पर पंचायत सचिवों को खोलने की व्यवस्था की गई है लेकिन इसके बाद भी सभी गांवों में सचिवालय बिना कोई काम के चल रहे हैं सचिवालय में केवल पंचायत सहायकों की तैनाती कर उन्हें कोई भी काम नहीं दिया जा रहा है सतो कहीं-कहीं पंचायत सहायक ऑफिस में बैठते कभी नजर नहीं आते हैं उनमें अधिकांश ताले जड़े रहते हैं। जिससे ग्रामीण ब्लॉक का चक्कर लगा लगा कर थक चुके हैं शाहजहांपुर, चुर्खी, अभेदेपुर, खड़गुई सिम्हारा, सरेनी पाल, कोड़ा किर्राही, जरारा आदि गावों के लोगों ने बताया कि मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कई महिने से ज्यादा हो गया है लेकिन अभी तक बना नहीं है। परिवार रजिस्टर की नकल निकलवानी है आय, जाति, निवास हेतु परिवार रजिस्टर की नकल निकलवानी है लेकिन नहीं निकल रही है ससचिव से बात करते हैं तो रोज टाल देते हैं कल आएंगे दे देंगे लेकिन उनका इंतजार करते करते महिना बीत जाता है लेकिन परिवार रजिस्टर की नकल नहीं मिली। कई गावो में मृत्यु होने के 1 साल से ज्यादा हो गया है कोर्ट में तारीख चल रही है तथा किसी को तहसील में जमीन का दाखिल खारिज करवाने के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र मांग रहे हैं पर महीनों के हिसाब से समय बीत जाने पर भी मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बने है। खाखरी तथा बीजापुर निवासी एक वृद्ध ने बताया कि वृद्धा पेंशन हेतु आवेदन करवाया था लेकिन ब्लॉक में फार्म जमा करने आते हैं।

तो ब्लॉक में अधिकारी गांव के पंचायत सहायक को फार्म देने को बोल देते हैं 7 महीने से ज्यादा समय बीत गया है लेकिन फार्म अभी तक जमा नहीं हुआ है वही मंगरोल निवासी कल्लू ने बताया कि उसकी पेंशन कट गई है ऊपर से वह अंधा है उसे दिखाई भी नहीं देता वह बराबर चक्कर लगा रहा है लेकिन उसकी पेंशन नही बन रही है।

## अखिलेश के निर्देश पर राकेश यादव बने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेता विपक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी युवजनसभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद ने राकेश यादव निवासी ग्राम प्याला जोत पोस्ट उतरौला को समाजवादी युवजनसभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नामित किया है। राकेश यादव को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य बनायें जाने पर पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी, जिलाध्यक्ष माणिकलाल कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश यादव जिला उपाध्यक्ष एजाज़ मलिक, अल्पसंख्यक सभा जिला अध्यक्ष



बहलोल नियाजी, पूर्व चैयरमेन गन्ना अतीक अहमद खां,अवकात अनस ,विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, मोहम्मद असलम उर्फ बब्बू भाई विधानसभा अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा,नगर अध्यक्ष मोहम्मद शकील इदरीशी, नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा मोहम्मद समीम खान (लम्बू भाई) छब्बू शाह पूर्व प्रधान,हाजी जहूर खान उर्फ छन्नन आदि ने बधाई दिया।

## रामभक्त बनकर श्रद्धालुओं को बनाते थे निशाना

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद अपने आराध्य की एक झलक पाने को आतुर रामनगरी आये श्रद्धालुओं को चोरी का शिकार बनाने वाले सोलह अंतर्राज्यीय चोर शुक्रवार को अयोध्या पुलिस के शिकंजे में आ गए। इनमें से दो चोर गोरखपुर जिले के तथा शेष 14 बिहार प्रांत के अलग अलग जिलों के रहने वाले हैं। इन शातिर अंतर्राज्यीय चोरों के कब्जे से तीन स्कॉर्पियो व एक इनोवा कार के अलावा 11 सोने की चेन बरामद की गई है जिसकी कीमत करीब 21 लाख रुपए बताई जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर की ओर से इन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने वाली



पुलिस टीम को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की गई है। शुक्रवार को थाना राम जन्मभूमि पुलिस की इस सराहनीय उपलब्धि को प्रेस वार्ता के जरिए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने बताया कि बीती 10 फरवरी को तमिलनाडु व कर्नाटक के श्रद्धालुओं को निशाना बनाकर हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन मार्ग पर चोरी किए गए सोने की चेन व मंगलसूत्र के संबंध में थाना राम जन्मभूमि पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इस घटना के अनावरण,माल की बरामदगी और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी अयोध्या आशुतोष मिश्रा के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी।

## बैनामे की जमीन सरकार के नाम दर्ज करने का आदेश पारित

**बलरामपुर।** जिला प्रशासन द्वारा जमीदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम-167 के तहत बड़ी कार्यवाही करते हुए तहसील सदर अन्तर्गत 1.542 हेक्टेयर भूमि को राज्य सरकार के पक्ष में दर्ज करने का आदेश पारित किया गया है। मामला तहसील सदर बलरामपुर के ग्राम लखनीपुर परगना तुलसीपुर तहसील बलरामपुर का है जहां पर राज्य सरकार के नाम दर्ज भूमि गाटा संख्या 805 को अवैध तरीके से विधिमान्यकरण कराये गये बैनामे के आधार पर अपना नाम दर्ज करा लिया गया था। मामले में जिलाधिकारी न्यायालय पर योजित वाद में डीजीसी राजस्व की प्रभारी पैरवी के चलते हुए अपर जिलाधिकारी द्वारा पारित आदेश के अनुसार गाटा संख्या 805 की 1.542 हेक्टेयर जमीन को पूर्व की भांति राज्य सरकार के नाम दर्ज करने का आदेश जिला कलेक्टर द्वारा पारित किया गया है।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिए डीएम अरविंद सिंह द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं की समीक्षा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में विस्तृत रूप से की गई। बैठक में डीएम ने नियमित टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं में एचआरपी चिन्हीकरण,ई कवच, संस्थागत प्रसव, आयुष्मान भारत, आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर की क्रियाशीलता एवं निर्माण की प्रगति, आशा भुगतान, 102 नेशनल एंबुलेंस सेवा की स्थिति, 108 इमरजेंसी मेडिकल ट्रांसपोर्ट सर्विसेज एंबुलेंस सेवाओं की स्थिति, जननी




सुरक्षा योजना का भुगतान, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम,एनीमिया मुक्त भारत, दवाओं की उपलब्धता,परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि की गहन समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने विकासखंड गैंसडी एवं पचपेड़वा में संस्थागत प्रसव कम होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विशेष प्रयास करते हुए शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए। यदि आशा द्वारा प्राइवेट अस्पतालों में प्रसव कराया जा रहा है तो ऐसी आशाओं को चिन्हित करते हुए सेवा समाप्ति की कार्रवाई करें। निष्क्रिय एवं लापरवाह आशाओं के विरुद्ध भी सेवा समाप्ति की कार्रवाई अमल में लाए। ग्राम स्तर पर होने वाले वीएचएसएनडी सत्र में गर्भवती महिलाओं की जांच एवं टीकाकरण बेहतर तरीके से हो इसके लिए सत्र पर समस्त आवश्यक मेडिकल उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया।

## सम्पर्क अभियान मण्डल कार्यशाला का आयोजन

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** 23 फरवरी को विधानसभा बलरामपुर सदर के अंतर्गत श्रीदत्तगंज मंडल में आयोजित लाभार्थी संपर्क अभियान मंडल कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष /मंडल प्रवासी विजेन्द्र तिवारी,विशिष्ठ अतिथि के रूप में लोकसभा श्रावस्ती विस्तारक मृत्युंजय सिंह ,और विधानसभा बलरामपुर के विस्तारक विवेक सिंह,रहे।बैठक में भाजपा वरिष्ठ नेता रणविजय सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष ,मंडल महामंत्री प्रभात सिंह आदर्श प्रताप सिंह ,रामफेरन चौहान जिला कार्यसमिति सदस्य ,व मंडल पदाधिकारी एवं बूथ अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टीम बनाकर घर-घर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए: डीएम

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

- जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक मे डीएम ने दिए निर्देश
- जिन सैम व मैम बच्चो का वजन कम है उन्हे सरकारी अस्पताल में 14 दिनो के लिये भर्ती कराकर स्वास्थ्य चिकित्सा मुहैया कराए जाने के निर्देश



**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक में कहा कि माह जनवरी में सैम 805 और मैम 2363 बच्चे मिले हैं, जिनकी देखभाल के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं जिससे बच्चों का विकास किसी भी रूप में बाधित न हो।

डीएम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सीडीपीओ, सुपरवाइजर, आंगनवाडी सहायिका की टीम बनाकर जिस ग्राम में ज्यादा संख्या में सैम बच्चे मिल रहे है, उस ग्राम का घर-घर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। बच्चों का चिन्हांकन कर लंबाई, वजन, स्वास्थ्य परीक्षण आदि सही से होना चाहिए। उन्होने कहा कि जिन सैम व मैम बच्चो का वजन कम है उन्हे सरकारी अस्पताल में 14 दिनो के लिये भर्ती कराकर स्वास्थ्य चिकित्सा मुहैया करायी जाये। बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराते समय वजन किया जाए और डिस्चार्ज करते समय भी वजन किया जाए। कहा कि वजन बढ़ने पर ही डिस्चार्ज किया जाये। सैम और मैम बच्चों का ट्रीटमेंट समय से हो इसके लिए सबको जागरूक होना चाहिए। डीएम ने कहा कि परियोजना पोषण ट्रेकर पर आधार वैरीफाई कुल 202292 लाभार्थियो के सापेक्ष 201886 लाभार्थियो का हुआ है, शेष 406 आधार वैरीफाई पेडिंग है, जिसे समय से शतप्रतिशत कराया जाये। उन्होने निर्देश दिये कि पोषण ट्रैकर पर आधार अनवैरिफाई 247 रह गये है और 144 एरर दिख रहे है तथा मोबाइल नम्बर सत्यापन हेतु 68101 का होना है, जिसे शीघ्र पूर्ण किया जाये। उन्होंने निर्देश दिए की लेक्टिंग मदर और 0 से 6 माह के बच्चों में जो 784 का अंतर है उसे सही से ठीक किया जाए। श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि आरबीएसके टीम द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रो का समय-समय से भ्रमण किया जाए और जिन केंद्रो में बच्चों की उपस्थिति कम पाई गई है उनमें उपस्थित पढ़ाई जाए। बच्चों की उपस्थित 90 प्रतिशत होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की फर्जी रिपोर्ट न बनाई जाए। कहा कि 1579 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र और 36 नॉन को-कोलोटेड आँगनवाड़ी केन्द्र संचालित है, जिसमें कन्वर्जन काष्ट, बच्चो की उपस्थित, राशन की उपलब्धता, आदि की रिपोर्ट माह वाइज सूचना बनाकर दी जाए। कहा कि आँगनवाडी केन्द्र से समन्वय स्थापित कर 11 से 14 वर्ष की 701 किशोरियों को जो विद्यालय नही जाती है उन्हें चिन्हित कर आयरन सप्लीमेंट की किट उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच कर दवाये व पोषाहार उपलब्ध कराये, जिससे होने वाला बच्चा कुपोषण मुक्त हो। हॉट कुक्ड मील के अंतर्गत 03-06 वर्ष के बच्चों को गर्म पका भोजन पी0एम0 पोषण योजना के मेन्यू की भांति ही दिया जाए। कहा कि सभी केंद्रों में राशन वितरण समय से होना चाहिए। समस्त सीडीपीओ रिव्यू करें कि किस दिनांक तक राशन मिलेगा। एक सिस्टम बनाएं और सिस्टम के आधार पर राशन वितरण किया जाए। एएए की मीटिंग में सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

# पिकअप चालक ने दो बाइक सवारों को मारी टक्कर, बच्ची की मौत

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**पिकअप सवार** ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिससे आधा दर्जन लोग घायल हो गये, जबकि एक की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने भाग रहे पिकअप चालक को पकड़ लिया और पुलिस हवाले कर दिया।

जानकारी के अनुसार फैजबाग शमशाबाद होते हुए देर शाम मदारपुर कायमगंज निवासी अजय अपनी पत्नी ज्योति व साली पूनम को बाइक पर बैठालकर अपनी ससुराल से वापस घर जा रहे थे। वहीं वलीपुर जिला एटा निवासी मोहित अपनी पत्नी उपासना व एक वर्षीय पुत्री नव्या को बाइक पर बैठालकर अपनी ससुराल जा रहा था। मुरैठी गॉव के पास फैजबाग जा रही तेज रफ्तार पिकअप चालक ने दोनों बाइकों में टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइकों पर सवार लोग घायल हो गए। मौके से पिकअप चालक पिकअप लेकर भगा, तो गॉव के ग्रामीणों ने पिकअप चालक को घेरकर पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। घायलों को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर अलीम अंसारी ने एक वर्षीय नव्या को मृत घोषित कर दिया। मोहित व उपासना को लोहिया के लिए रिफर कर दिया।



रोते बिलखते बच्ची के परिजन — समृद्धि न्यूज

# एंटीरोमियो टीम ने चलाया मिशन शक्ति अभियान फेज-4

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**उत्तर प्रदेश** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति अभियान फेज-4 के तहत कन्नौज पुलिस द्वारा समस्त कोतवाली में गठित एण्टीरोमियो टीम व महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा बालिकाओं/छात्राओं को महिला सुरक्षा/नारी स्वावलंबन एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक करने के लिये विशेष अभियान चलाया गया।

शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं के लिये जागरुकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों एवं उनके उत्पीड़न की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेज - 4 के स्थानीय कोतवाली में गठित एण्टीरोमियो टीम व महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा नगर व क्षेत्र के बस अड्डा, सार्वजनिक स्थानों, चौराहा, कस्बा, बाजारों, मन्दिर, शिवालयों आदि के आस-पास गश्त करते हुए महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरूक किया गया तथा उनसे वार्ता कर आवश्यक हेल्पलाईन नम्बरों की जानकारी दी गयी। साथ ही एण्टीरोमियो टीम द्वारा नगर एवं सार्वजनिक स्थानों, मिशन शक्ति कक्ष पर उपस्थित बालिकाओं/महिलाओ को उच्चाधिकारियों के नम्बर व नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 थाना के सीयूजी नम्बर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी के पम्पलेट चस्पा किये गये। इस दौरान महिला कांस्टेवल विजय सिंह, अपूर्वा सिंह, प्रियंका, रोशनी बॉलियान, महिला होमगार्ड सुखदेवी आदि मौजूद रहे।



जानकारी व नम्बर लिखे पोस्टर चस्पा करती पुलिस

# पीएम मोदी करेंगे रेलवे स्टेशन का वर्चुअल शिलान्यास

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्थानीय रेलवे स्टेशन का करीब आठ करोण नब्बे लाख रुपयों की लागत से कायाकल्प किया जा रहा है। इज्जतनगर मण्डल के पीआरओ राजेन्द्र सिंह नें दूरभाष पर जानकारी देते हुये बताया कि आगामी 26 फरवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्थानीय रेलवे स्टेशन का वर्चुअल शिलान्यास करेंगे। बताया कि अमृत भारत स्टेशन के तहत यात्रियों की सुविधाओं के लिये मॉर्डन टायलेट ब्लाक का निर्माण, दिव्यांगजनों के लिये रैम्प की व्यवस्था, लो लेवल वॉटर टैप तथा व्हील चेयर आदि की सुविधा में सुधार किया जायेगा। स्टेशन पर कॉनकोर्स के विस्तार के साथ साथ बुकिंग हॉल, यात्री प्रतीक्षालय, अल्पाहार कक्ष तथा विश्रामालय कक्ष विकसित किया जायेगा। यात्रियों को ट्रेनों की जानकारी के लिये कोच गाईडेंस प्रणाली व ट्रेन इंण्डिकेटर बोर्ड लगाया जायेगा। स्टेशन भवन के फसाड में सुधार कर प्लेटफार्म संख्या एक व दो को ऊंचा कर फोर वे यात्री प्लेटफार्म छाजन के निर्माण के साथ साथ प्लेटफार्म बाड को लगाया जायेगा। स्टेशन परिसर में वाहनों के लिये पार्किंग स्थल का विकास, चार मीटर ऊंचा अष्टकोणीय पोल लगाकर एलईडी न्यूमिनेयर फिटिंग्स एवं परिसर में बागवानी का विकास किया जायेगा। जिससे स्टेशन परिसर का दृश्य आकर्षक एवं मनमोहक दिखेगा।

## खबरें चलते-चलते

### तालाब भूमि का मामला पहुंचा प्रशासनिक पटल पर



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** विगत दिनों पूर्व समधन नगर पंचायत प्रशासन द्वारा तालाब की भूमि पर बसपा नेता द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य को अवैध बताते हुए पंचायत कर्मियों द्वारा जेसीबी ले जाकर ध्वस्त करने के मामले में बसपा नेता के शिकायती पत्र पर उप जिलाधिकारी द्वारा नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम का गठन कर विवादित भूमि की पैमाइश कराई गई। शुक्रवार को क्षेत्र के कस्बा समधन में उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी के निर्देश पर राजस्व टीम के साथ पहुंचे तिर्वा नायब तहसीलदार भारत कुमार मौर्य एवं कानून-गो प्रेम कृष्ण मिश्रा ने समधन की सीमा पर पहुंचकर कर्मियों द्वारा जरीब डलवा कर पैमाइश कराई गई। इस दौरान जिम्मेदार अधिकारी बयान देने से कतराते रहे। फिलहाल उनके द्वारा अपनी रिपोर्ट शाम तक एसडीएम को प्रेषित करने की बात कही गई। इस दौरान लेखपाल कौशल पाण्डेय, गुफरान, अमित दुवे मौजूद रहे। वहीं पीड़ित पक्ष बसपा विधानसभा प्रभारी सैयद अहमद उसैब ने कहा कि उन्हें न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है। प्रशासन के आदेश का पूर्णतयः पालन किया जाएगा।

### विकास राजपूत ने जिला प्रभारी को सौंपा लोकसभा सीट से आवेदन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा नेता विकास राजपूत ने फर्रुखाबाद लोकसभा सीट से अपना आवेदन शुक्रवार को जिला प्रभारी शिव महेश दुबे को सौंपा। विकास राजपूत ने कहा कि जिले की जनता की परेशानियों को दूर करने के लिए पहला कदम उठा लिया है। भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जहां साधारण कार्यकर्ता प्रधानमंत्री तक बन जाता है। पीएम मोदी मेरे आदर्श है, उनको मार्गदर्शक मानकर ही जनता के बीच आया हूं। इस दौरान लोकसभा प्रभारी अजय धाकरे, हिमाशु गुप्ता, सुनील रावत, राहुल सिंह गंगवार, सुरजीत कटियार, प्रदीप सिंह, प्रदीप सिंह, डॉ0 अरुण ठाकुर, डॉ0 गौरव श्रीवास्तव, दीपक सिंह, प्रशांत पांडे, रजत राजपूत, अमन राजपूत, प्रियंक दुबे, रणजीत राजपूत, विक्रम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### पैसे मांगने पर भाई व भतीजों ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम सोना जानकीपुर निवासी भारत सिंह पुत्र धनपाल ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हमारे ही बड़े भाई रामनरेश पुत्र अजय कुमार निवासी सोना जानकीपुर ने दो वर्ष पहले शराब शराब पिलाकर मेरा एक बीघा खेत अपने नाम कर लिखवा लिया था। जिसका पैसा नहीं दिया था। आज पीड़ित जब प्रातः 7.00 बजे पैसे मांगने गया, तो बड़े भाई एवं उसके पुत्र ने लात-घूसों, लाठी-डंडों से मारा पीटा। जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

### प्राधिकरण की सचिव ने राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने आगामी 09 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा हेतु बाह्य न्यायालय छिबरामऊ के न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा वाद लोक अदालत में निस्तारण हेतु चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया।

# सपा नेता का पार्टी की नीतियों से हुआ मोहभंग



अनिल आर्य व धीरेन्द्र आर्य के फाईल फोटो — समृद्धि न्यूज

- प्रदेश स्तरीय भाजपा नेताओं से वार्ता की चर्चायें हुई तेज

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी** के निष्ठावान सिपाही व अखिलेश यादव के बेहद करीबी एवं फ्रंट संगठन के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी अनिल आर्य ने सपा की वर्तमान नीतियों में अविश्वास जताया। जिस पर उनके समर्थकों में भाजपा में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं। बताते चलें कि समाजवादी पार्टी के पक्ष में पिछड़ा वर्ग से लेकर सामान्य वर्ग तक के लोगों को समाजवादी पार्टी की उपलब्धियां व नीतियां गिनाकर पार्टी के पक्ष में करने की महारत रखने वाले समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता अनिल आर्य एवं उनके अनुज भ्राता पूर्व पालिकाध्यक्ष धीरेंद्र आर्य द्वारा समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं जनपद में वंशवाद का आरोप लगाकर असंतुष्टि जताई गई है। जिससे उनके समर्थको एवं शुभचिंतकों द्वारा भाजपा में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे हैं।

# प्राधिकरण की सचिव ने वन स्टाप सेंटर का किया निरीक्षण

- सचिव ने वन स्टाप सेन्टर में आने वाली पीड़ित महिलाओं एवं बच्चियों की समस्याओं के निवारण के लिये चल रही योजनाओं की समीक्षा की

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



शुक्रवार को अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विनोद दीक्षित अस्पताल परिसरं स्थित वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने वन स्टाप सेन्टर में आने वाली पीड़ित महिलाओं एवं बच्चियों की समस्याओं के निवारण के लिये चल रही योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने वन स्टाप सेन्टर पर लम्बित प्रकरणों में पीड़िताओं के लिये उपलब्ध सुविधाओं, स्वास्थ्य तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सीय सुविधाओं, पुलिस सुरक्षा, कानूनी सलाह व अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान यहां मौजूद दो पीडिताओं को विधिक सहायता प्राधिकरण के अधिवक्ता अभिषेक कुमार ने उन्हें निशुल्क विधिक जानकारी दी। सचिव ने सेन्टर की प्रबन्धक विनीता कुमारी को निर्देशित करते हुए कहा कि संस्था में आश्रय लेने वाली महिला और बच्चियों जिनको विधिक सहायता की आवश्यकता हो उनके मामले को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में सूचित करे ताकि उनको विधिक सहायता दी जा सके। उन्होंने सेंटर में स्थापित महिला पुलिस रिर्पोटिंग चौकी में स्वीकृत पद से कम महिला पुलिस की नियुक्ति पाये जाने परं पुलिस अधीक्षक से आवश्यक पत्राचार करने हेतु हेड कांस्टेबिल रंजना को निर्देशित किया। सेन्टर की प्रबन्धक विनीता ने बताया कि संस्था में मौजूद पीड़िताओं के खान-पान हेतु शासनादेश के अनुसार जब तक कुक नहीं रखा जाता तब तक बाहर से खाना लाकर खिलाया जाता है। निरीक्षण के दौरान सेन्टर की प्रबन्धक समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों के बाहर पुलिस रही मुस्तैद



मस्जिद के बाहर पुलिस बल के साथ प्रभारी निरीक्षक — समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

- प्रभारी निरीक्षक ने अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की

**उच्चाधिकारियों के** निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस बल को जुमा की नमाज के दौरान नगर की मस्जिदों के बाहर तैनात किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक नें सोशल मीडिया की अफ्वाहों से बचनें के लिये लोगों से अपील की है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन एवं कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, उपनिरीक्षक राजेश प्रताप, विनय शर्मा, नीरज शर्मा नें दलबल के साथ नगर की तिराहा स्थित जामा मस्जिद, गांधीनगर स्थित मस्जिद व समधन स्थित मस्जिद, मझपुर्वा स्थित मस्जिद, सौंसरापुर स्थित मस्जिद के बाहर दलबल के साथ मुस्तैद दिखाई दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा नें दल बल के साथ क्षेत्र भ्रमण कर मंस्जिदों पर नजर बनाये रखी। इस दौरान उन्होनें सोशल मीडिया पर अफ्वाह फैलानें एवं आपत्तिजनक पोस्ट करनें पर कडी कार्रवाई करनें की चेतावनी भी दी। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर कांस्टेबल राजेन्द्र, गजेंद्र सिंह, दीपांशु गंगवार, विनय सिंह, विनीत कुमार सहित महिला कास्टेवल प्रियंका व अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# नौकरी न मिलने से परेशान होकर युवक ने की आत्महत्या

कन्नौज,समद्धि न्यूज

**नौकरी नहीं** मिलने से परेशान होकर एक युवक ने घर के एक कमरे में अपने गले में फांसी का फन्दा डालकर आत्महत्या कर ली। युवक के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें लिखा है, क्या फायदा ऐसी डिग्री का जो एक नौकरी न दिला सके, मेरी आधी उम्र पढ़ते-पढ़ते निकल गई, अब मेरा मन भर गया है। युवक ने अपनी सारी डिग्री भी जला दी हैं, जिसका उल्लेख सुसाइड नोट में किया है। परिजनो की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल के बाद मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भूड़पुर्वा निवासी लक्ष्मण पाल का 28 वर्षीय पुत्र बृजेश पाल जोकि बीएसी पास कर चुका था और नौकरी की तलाश में था। गुरुवार की रात उसने अपने कमरे में फांसी का फन्दा गले मे डालकर आत्महत्या कर ली। बृजेश परिवार मे इकलौता पुत्र था, बृजेश की मौत के बाद परिवार में माता-पिता और बहन बचे हैं। परिजनों का कहना है कि बृजेश ही हमारा आखिरी सहारा था। अभी वो पुलिस भर्ती का पेपर देकर आया था। बृजेश कह रहा था कि पेपर बहुत अच्छा गया है। लेकिन जब से उसको पेपर लीक होने की जानकारी मिली थी तब से वो बहुत परेशान था। वह गुमसुम रहता था और किसी से कुछ नहीं बोलता था। वहीं बृजेश के पिता लक्ष्मण पाल दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी कर रहे है। उनके पास 4 बीघा जमीन है। परिवार को बृजेश से काफी उम्मीदें थीं उसकी मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक बृजेश के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। जिसमें लिखा है कि माता-पिता मुझको माफ कर देना, मैं आपको धोखा देने जा रहा हूं। मेरी मौत के बाद किसी को परेशान न किया जाए। मैं अपनी मौत का खुद जिम्मेदार हूं। मैं अब और नहीं जीना चाहता हूं। हमें किसी प्रकार की कोई तकलीफ नहीं थी। बस अब हमारा मन भर गया है। आज मैं सबका साथ छोड़ने जा रहा हूं। हो सके तो हमको माफ कर देना। आज का दिन हमारा आखिरी दिन है। आज हमने मां के साथ खाना खाया है, अब उनको ही धोखा देने जा रहा हूं। पापा का ध्यान रखना और कहना हमारा उनका इतना ही साथ था। संगीता की शादी अच्छे से करना, भले ही हम नहीं हैं। हमने बीएससी के सारे कागज जला दिए हैं। क्या फायदा ऐसी डिग्री का जो एक नौकरी भी न दिला सके। हमारी आधी उम्र पढ़ते-पढ़ते निकल गई, इसलिए अब हमारा मन भर गया है। बृजेश के दोस्तों ने बताया कि बृजेश का पेपर बहुत अच्छा हुआ था। इस बार तो उसका एग्जाम निकल जाएगा लेकिन पेपर लीक की खबरों ने उसको परेशान कर दिया था। वो कह रहा था, फिर से नकल करने वाले पास होंगे और हम लोग पीछे रह जाएंगे।

### संवेदनहीन भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है: कलीम खान

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** भूढ़पुर्वा निवासी 28 वर्षीय युवक बृजेश पाल द्वारा बेरोजगारी से तंग आकर आत्महत्या किए जाने के मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं ने पार्टी कार्यालय में प्रेस कान्फ्रेंस कर भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। समाजवादी पार्टी कार्यालय में प्रेस क्रान्फ्रेस कर सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान जी ने कहा कि बेरोजगारी की वजह से एक युवा का आत्महत्या करना दुर्भाग्यपूर्ण है। संवेदनहीन भाजपा सरकार युवाओ के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है और सरकार से मांग करती है कि पीड़ित परिवार को पचास लाख रुपए का मुआवजा प्रदान किया जाये। प्रदेश सचिव एवं जिला प्रवक्ता आकाश शाक्य ने कहा कि बहुत ही दुखद सूचना प्राप्त हुई है कि भूढ़पुर्वा निवासी ब्रजेश पाल पुत्र लक्ष्मण पाल ने बेरोजगारी से तंग आ कर आत्महत्या कर ली। ऐसी घटना से मन व्यथित तो होता ही है साथ ही साथ मन में एक गुस्सा भी उत्पन्न होता है की भाजपा सरकार देश व् प्रदेश के युवाओं से किस बात का बदला ले रही है। यह वही सरकार है जो युवाओं को दो करोड़ प्रति वर्ष वादे के साथ सत्ता में आई है लेकिन इनके सत्ता में आने के बाद आज देश व् प्रदेश के युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। आज देश व् प्रदेश का युवा आत्महत्या करने पर मजबूर है। सरकार अपनी झूठी वाहवाही के लिए रोजगार के नाम पर देश व् प्रदेश के सामने झूठे आंकड़े पेश कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सदन और अपनी रैलियों में कहते है कि प्रदेश में 100 में केवल 4 युवा बेरोजगार हैं, लेकिन बेरोजगारी का आलम यह है कि देश और प्रदेश का युवा युद्ध के हालत से गुजर रहे इज़राइल जैसे देश में जाकर मौत के मुँह में भी नौकरी करने जाने की तैयार है। श्री शाक्य ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार सरकारी नौकरिया खत्म कर रही है, सरकारी संस्थान बेचे जा रहे हैं जिस कारण उन संस्थानों में जो सरकारी नौकरियां हैं वो भी ख़त्म हो रही है। रही सही सरकारी नौकरियां आउटसोर्सिंग के नाम से ख़त्म की जा रही है। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग पीड़ित परिवार के साथ हैं। इस मौके पर युवजनसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, सलोवा ज़िलाध्यक्ष अंशु पाल, एवं जिलापंचायत सदस्य राजेश पाल नें कहा कि अगर सरकार पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद नहीं प्रदान करती है तो समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार को सहायता प्रदान कराने के लिए आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष पीपी सिंह बघेल, प्रवक्ता राजू यादव, कौसर खान, नितिन यादव, श्रीकृष्ण पाल, अमित यादव, शाहिद वारसी, आशिफ़सभासद आदि नेतागण मौजूद रहे।

# गंगा की गोद में लगे मेला रामनगरिया में भीषण अग्निकांड, सात झुलसे, बालक जिन्दा जला

- घायलों को लोहिया अस्पताल में कराया गया भर्ती, डीएम, एसपी ने पहुंचकर लिये हालचाल
- पुत्र के वियोग में रात भर मेले में भटकते रहे परिजन, सुबह पीएम हाउस में रखा मिला शव



रामनगरिया मेले में लगी विकराल आग का दृश्य



घटनास्थल पर मौजूद संतगण समृद्धि न्यूज



लोहिया अस्पताल में भर्ती घायलों के हालचाल लेते डीएम व एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बीती रात** मेला रामनगरिया में अचानक आग लगने से कल्पवासियों में भगदड़ मच गयी। भीषण अग्निकांड में सात लोग झुलस गये, जबकि एक बालक जिंदा जल गया। जिसका शव परिजनों को सुबह पोस्टमार्टम के शवगृह में रखा मिला। घायलों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया तथा घायलों को लोहिया अस्पताल भिजवाने के निर्देश दिये। इसके बाद लोहिया पहुंचकर चिकित्सकों को घायलों का बेहतर उपचार करने के भी निर्देश दिये। वहीं घटना के बाद से बालक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार कादरीगेट क्षेत्र के पांचाल घाट की गोद में आबाद मेला रामनगरिया में बीती रात तकरीबन चार झोपड़ियों में आग लग गयी। आग का विकराल रुप देखकर कल्पवासियों में भगदड़ मच गयी। सामान को बचाने में 35 वर्षीय शिवरतन पुत्र बिजेंद्र सिंह निवासी ग्राम तलूका बड़ी सरैया मिर्जापुर शाहजहाँपुर, 25 वर्षीय जयवीर पुत्र सर्वेश निवासी कस्बा बिछ्वां जनपद मैनपुरी, 25 वर्षीय मनीष पुत्र प्रमोद तिवारी निवासी मझीला मछाला हरदोई, 80 वर्षीय रामकिशन पिता नन्हेलाल निवासी अम्हापुर राजेपुर, 80 वर्षीय सत्यवती पत्नी कन्हैयालाल निवासी सिंघामझालो मिर्जापुर शाहजहांपुर, 75 वर्षीय कौशल किशोर पुत्र भारत सिंह निवासी बेहटा गोकुलपुर हरदोई, 60 वर्षीय लीला देवी पत्नी कृष्ण कुमार निवासी गांव शिव मोहनपुर बेहटा गोकुलपुर हरदोई झुलस गये, जबकि पांचाल घाट निवासी राजेश का 13 वर्षीय पुत्र गोविंद लापता हो गया। घायलों को लोहिया अस्पताल भिजवाया गया। अधिक झुलसे जयवीर को आगरा मेडिकल कालेज व सत्यवती व रामकिशन को सैफई के लिए रेफर कर दिया गया।

सूचना पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना पर डीएम डा0 वीके सिंह, एसपी विकास कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय सिंह फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। आला अधिकारियों से पांचाल घाट निवासी राजेश ने अपने 13 वर्षीय पुत्र गोविंद के गुम होने की शिकायत की। जिसके बाद सभी अधिकारियों ने लोहिया पहुंचकर घायलों के हालचाल लिये। तहसीलदार सदर श्रद्धा पाण्डेय ने भी लोहिया पंहुचकर घटना के संदर्भ में जानकारी की। वहीं गोविंद का चाचा अज्जू भी लोहिया अस्पताल पहुंचा, लेकिन वह लोहिया अस्पताल में नहीं मिला। पुत्र के न मिलने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मामले पर तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे ने बताया कि सात मरीजों को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया है, तीन मरीजों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुत्र के न मिलने पर परिजनों नें गंगा पुल के ऊपर जाम लगाने का प्रयास भी किया, लेकिन महंत ईश्वर दास महाराज के समझाने पर वह लोहिया अस्पताल के शव गृह में उसे देखने पंहुचे लेकिन वहां भी गोविन्द का शव ना मिलने पर वह फतेहगढ़ पोस्टमार्टम घर के शव गृह में देखने पहुंचे। जहाँ परिजनों को गोविन्द का शव मिला। चाचा अज्जू ने शव की शिनाख्त की। मृतक की माँ सोनी, बुआ ऊषा, भाई गोपाल, बहन बैष्णवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। कल्पवासी शिव मोहन ने बताया कि सार्टसर्किट से आग लगी है और कई गैस सिलेंडर भी फटे हैं।

### बालक के जिंदा जलने की घटना पुलिस ने छिपायी

**फर्रुखाबाद।** मेला रामनगरिया में हुए अग्निकांड के दौरान ही गोविन्द की जिंदा जलने से मौत हो गयी थी। कुछ चश्मदीद कल्पवासियों की मानें, तो पुलिस गुमचुप तरीके से बालक गोविंद के शव को ले गयी। जिससे कोई हिंसा न हो। जिसके चलते परिजन घंटों अपने पुत्र के वियोग में भटकते रहे और उसे खोजते रहे। जब परिजन सुबह पोस्टमार्टम हाउस फतेहगढ़ पहुंचे, तो उसका शव वहां पर रखा मिला। थानाध्यक्ष कादरी गेट विनोद कुमार शुक्ला नें बताया कि बालक की मौत हो गयी है द्य शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया।

## खबरें चलते-चलते

### दहेज हत्या के मामले में दम्पति सहित तीन लोगों पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दहेज हत्या के मामले में अपर जिला जज द्वितीय महेंद्र सिंह ने माईका देवी पत्नी भगवानदास राजपूत, राजू पुत्र भगवानदास, विद्या देवी पत्नी राजू निवासीगण मोहल्ला दीनदयाल बाग फर्रुखाबाद को दोषी करार देते हुए सजा पर सुनवाई के लिए 26 फरवरी की तिथि नियत की है। बीते सात वर्षो पूर्व शहर कोतवाली पुलिस को हरगोविंद पुत्र कालीचरण ने दी गयी तहरीर में बताया की मैने अपनी बहन शीला राजपूत की शादी शैलेन्द्र राजपूत के साथ कि थी। मेरा बहनोई जुआरी, शराबी व्यक्ति है। इस बात को लेकर अक्सर बहन बहनोई में झगड़ा होता रहता था। हम लोगो ने काफी समझाया, परन्तु वह नही माना और अक्सर बहन के साथ मारपीट जारी रखी। दिनांक 6 सितम्बर 2017 को सूचना मिली कि शैलेन्द्र, भगवानदास, माईका देवी. राजू, विद्या देवी ने मेरी बहन को जान से मारने की नियत से उस पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी। जिससे मेरी बहन गंभीर रूप से जल गयी। जब हम अपने परिवार के साथ बहन की ससुराल गए, तो वहां से पता लगा की शीला लोहिया अस्पताल में भर्ती है। इलाज के समय शीला की मृत्यु हो गयी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में भगवानदास, माईका, राजू, विद्या देवी के विरूद्ध आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व अभियोजन की ओर से अशोक कटियार, अनुज प्रताप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने माईका, राजू, विद्या देवी को दोषी करार देते हुए सजा के बिंन्दू पर 26 फरवरी की तिथि नियत की है। मुकदमा विचारण के समय भगवानदास की मृत्यु हो चुकी है।

### युवक की आत्महत्या के मामले में पिता-पुत्रों पर मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते दिनों कर्ज में डूबे व भाई की नौकरी के लिए दिये गये रुपये वापस न करने से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना में पिता व उसके दो पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुबारिक नगर निवासी अजय कुमार पुत्र स्व0 अनिल कुमार जाटव ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि दिनाँक 22 फरवरी को मैं सुबह 7 बजे अपने छोटे भाई अरुन कुमार उर्फ अन्नू उम्र 24 वर्ष को छत पर बने कमरे मे उठाने गया, तो जंगले से देखा कि भाई फांसी पर झूल रहा है। इस सूचना मैंने परिजनों को दी। भाई द्वारा पांच पन्नो का सुसाइड नोट भी लिखा गया था। जिसमें उसने लिखा था कि मेरी हत्या के जिम्मेदार विश्राम सिंह पुत्र राम विलास निवासी स्यानी थाना मेरापुर को 3 लाख रुपये मेरी नौकरी के लिए 5-6 महीने पहले दिये थे। नौकरी न लगने पर जब भाई ने उपरोक्त लोगों से रुपये मांगे, तो उपरोक्त लोगों ने मोबाइल स्वीच ऑफ कर लिये और पैसे नहीं लौटाये। जिससे तंग आकर मेरे भाई अरुन कुमार उर्फ अन्नू ने फांसी फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। सुसाईट नोट मे मेरे भाई ने विश्राम सिंह पुत्र राम विलास व उसके पुत्र विनीत राय व विनय राय को अपनी मौत का जिम्मेदार माना है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर विश्राम सिंह व उसके पुत्र विनीत राय व विनय राय के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया।

### ई-रिक्शा पलटने से कई सवारियां घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम इमादपुर निवासी मोनू उम्र 25 वर्षीय पुत्र सुरेश कुमार के पड़ोसी मोहल्ला काजीटोला निवासी जरीना पत्नी बादशाह, हसीना पत्नी अलीहसन अपने रिश्तेदार के यहाँ काजीटोला थाना कम्पिल गई थी। वहाँ से सभी लोग ई-रिक्शे मे बैठकर कटिया रेलवे स्टेशन जा रहे थे। रास्ते मे ई-रिक्शा पलट गया। जिसमे बैठी सभी सवारिया गम्भीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलो को ई-रिक्शे के नीचे से निकालकर कायमगंज सीएचसी मे लाकर भर्ती कराया।

## अंजाम तक नहीं पहुंची प्रेम कहानी, हुआ दुखद अंत

- प्रेमी को घर पर बुलाकर मरणासन्न कर छत से फेंका
- इलाज के दौरान मौत, घटना के बाद परिवार में मचा कोहराम
- पीड़ित परिवार का आरोप, थाना पुलिस ने नहीं सुनी फरियाद



मृतक का फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतक के परिजन समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना क्षेत्र** के ग्राम नगला गढ़ी निवासी अजीत कुमार पुत्र ज्ञानचंद राजपूत उम्र 25 वर्ष का गांव की ही एक लड़की से कुछ महीनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जब दोनों के प्यार की चर्चायें मोहल्ले में आम लोगों में होने लगीं, तो परिजनों की चिंताएं बढ़ गईं। सूत्रों के मुताबिक सामाजिक बदनामी से बचने के लिए दोनों परिवारों के बीच संपर्क भी किया गया, लेकिन बात नहीं बनी और दोनों का मिलन होता रहा। आरोप है मृतक का प्रेमिका के घर पर आना जाना था। अक्सर बुलाने पर घर जाया करता था। जब पानी सर से ऊपर से गुजरने लगा, तो इस प्रेम कहानी को खत्म करने की प्रेमिका के घर पर साजिश रची गयी। प्रेमिका के परिवार के लोगों की हिदायत के बावजूद भी जब बात नहीं बनी तो आरोप है आरोपी जगदीश द्वारा अजीत को घर पर बुलाया गया। परिजनों के अनुसार घर बुलाने के बाद अजीत के साथ जमकर मारपीट की गई और राज को छिपाने के लिए छत से नीचे फेंक दिया गया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। उधर शोर शराबा सुनकर जब अजीत के परिजन मौके पर पहुंचे, तो युवक गंभीर अवस्था में पड़ा हुआ था। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पीड़ित परिवार युवक को उपचार के लिए फर्रुखाबाद ले गया। जहां चिकित्सकों के इनकार करने पर उसे कानपुर ले जाया गया। जहां बीते दिवस की रात्रि उसकी दर्दनाक मौत हो। मौत की सूचना के बाद घर परिवार में कोहराम मच गया।

## रंजिशन बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी को घेरकर पीटा

- सोने की चेन, अंगूठी, 30 हजार की नकदी लूटने का लगाया आरोप

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**पुरानी रंजिश** को लेकर दबंगों ने बिल्डर को घेरकर मारपीट की। पीड़ित ने मारपीट के दौरान नगदी समेत चेन, अंगूठी लूटने का आरोप लगाया है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बलीपुर निवासी आकाश पुत्र संतराम ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार दोपहर लगभग 1.00 बजे अचरा से अपनी गिट्टी मौरम की दुकान से बाइक से घर खाना खाने आ रहा था, तभी रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने उसको घेर लिया और मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान पीड़ित के बताएं अनुसार उसके हाथ से तीन अंगूठी, एक चेन तोड़ने तथा 30,000/- की नकदी छीन लेने का आरोप लगाया। पीड़ित के बताएं अनुसार पीड़ित से दो दिन पहले बाइक ना देने को लेकर दबंगों से विवाद हुआ था। जिसके चलते दबंगों ने मारपीट की। जिस बात की पीड़ित ने गांव के ही नामजद आरोपी आदर्श कुमार, आशीष कुमार पुत्रगण अशोक कुमार, प्रांशु पुत्र अमित कुमार, दिव्यांशु पुत्र सुमित कुमार के विरुद्ध थाने में तकरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और कार्यवाहक थाना अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने पीड़ित को मेडिकल परीक्षण हेतु भेजा। वहीं वापस लौटकर आई पुलिस टीम ने बताया कि मामला लूटपाट का झूठा पाया गया है और मारपीट की घटना हुई है। जिसमें आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## आग की भेंट चढ़ गयी आठ घरों की गृहस्थी

- ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू
- आग बुझाने में एक व्यक्ति गम्भीर रुप से घायल



आग जली गृहस्थी तथा मौके पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**संदिग्ध परिस्थितियों** में आग लगने से आठ घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गयी व मवेशी झुलस गए। ग्रामीणों ने मिट्टी, पंप सेट व दमकल की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस व तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। आग बुझाते समय एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया।

क्षेत्र के गांव रौकरी निवासी नेम सिंह के घर में शुक्रवार दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गयी। घटना के समय नेम सिंह परिवार के साथ खेत पर काम कर रहे थे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जबतक ग्रामीण कुछ समझ पाते तबतक आग ने पड़ोसी विनय, शेर सिंह, गुड्डी देवी, फूलचंद्र, ओमकार, प्रवीन व भाग्यवती के घर को भी अपनी जद में ले लिया। आग से नेम सिंह की दो बाइक, एक पंपसेट, मवेशी, ग्रहस्थी का सामान, अनाज, भूसा, नगदी व अन्य सभी लोगों का ग्रहस्थी का सामान, अनाज, भूसा नगदी आदि जलकर नष्ट हो गयी। ग्रामीणों ने मिट्टी, पानी, पम्पसेट, दमकल की मदद से करीब दो घण्टे बाद आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी दिलीप कुमार कंचन ने जांच पड़ताल की। नायब तहसीलदार मनीष वर्मा, हल्का लेखपाल सुधीर पाठक ने गांव पहुंच अग्नि पीड़ितों से जानकारी कर क्षति का आंकलन किया। पीड़ितों के अनुसार लगभग पंद्रह लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

## परीक्षा देने लेट पहुंची छात्रा को कक्ष निरीक्षक ने नहीं दिया प्रवेश

- रोती बिलखती छात्रा घर लौटी, बोली चाचा के घर पर लग गयी थी आग



कालेज के बाहर रोती बिलखती छात्रा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**चाचा के** घर में सिलेंडर से लगी आग के चलते भतीजी का पेपर छूट गया। वह लेट कालेज पहुंची। जिस पर कक्ष निरीक्षक ने उसे अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। जिस पर छात्रा रोती बिलखती अपने घर चली गयी।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रूटौल निवासी छात्रा तरुन उर्फ तरुणा जाटव पुत्री फूल सिंह का शुक्रवार को इण्टर का नागरिक शास्त्र का पेपर कन्या विद्यापीठ इण्टर कालेज श्यामा गेट कायमगंज में सुबह 8 बजे से था। सुबह तरुन उर्फ तरुणा के पड़ोसी चाचा ब्रजकिशोर की पत्नी फूलमाला गैस सिलेंडर पर खाना बना रही थी, तभी गैस सिलेंडर लींक होने से अगा लग गयी। जिससे घर में अफरा-तफरी मच गयी। इसी दौरान सूचना पाकर तरुन उर्फ तरुणा भी चाचा के यहां पहुंच गयी और उनकी मदद करवाने लगी। सिलेंडर को तुरंत घर से निकालकर बाहर फेंका गया और उस पर पानी डालकर आग बुझायी गयी। लोगों का कहना था कि यदि सिलेंडर फट जाता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। तरुन उर्फ तरुणा ने बताया कि इसी वजह से वह लेट हो गयी और जब स्कूल पेपर देने पहुंची, तो 10.45 बज चुके थे। जिस कारण कक्षा निरीक्षक ने तरुन उर्फ तरुणा को कालेज से बाहर निकाल दिया। पेपर छूट जाने से तरुन उर्फ तरुणा काफी देर तक रोती रही। कक्ष निरीक्षक से पूछने पर उन्होंने बताया कि पेपर खत्म होने में मात्र 45 मिनट रह गये थे। ऐसे में इतनी जल्दी पेपर नहीं हो सकता था। वैसे भी नियम के अनुसार विद्यालय 7.45 पर पहुंच जाना चाहिए।

## महिला श्रद्धालुओं से पुलिस की मौजूदगी में दबंगों ने की मारपीट, कुंडल छीने

- मारपीट की घटना में महिलाओं सहित आधा दर्जन श्रद्धालु घायल, लोगों में दहशत



घटना की जानकारी देती पीड़ित महिलायें समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** ढाईघाट मेले में गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं व महिला श्रद्धालुओं के साथ दबंगों ने जमकर मारपीट की व दो महिलाओं के कुंडल छीनकर मौके से आरोपी फरार हो गये।

ज्ञात हो कि शमशाबाद ढाईघाट मेले में अराजकता अपने चरम पर है। पुलिस इस अराजकता को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। दबंगों द्वारा आए दिन मेले में महिलाओं और श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की घटनाएं देखी जा रही हैं। ऐसी ही घटना शुक्रवार सुबह उस वक्त देखने को मिली जब एटा जिले के अलीगंज निवासी महिला व पुरुष श्रद्धालू गंगा स्नान करने के लिए ढाईघाट मेले में अपने निजी वाहन से आए हुए थे। उसी दौरान कुछ दबंग युवक अपनी बाइक को नशे की हालत में बाइक को श्रद्धालुओं के इर्द गिर्द घुमा रहे थे। महिला श्रद्धालुओं के आपत्ति करने पर दबंग युवक आग बबूला हो गए। देखते ही देखते दबंग युवक महिलाओं के साथ मारपीट करने लगे। महिलाओं को बचाने आए परिजनों को भी मारने पीटने लगे। मारपीट के दौरान मौका पाकर दबंग युवकों ने उषा पत्नी राजेश, पूनम के कुंडल लूटकर मौके से फरार हो गए। मारपीट में उषा पत्नी राजेश व पूनम सहित कई लोग घायल हो गए। वहीं महिला श्रद्धालु ऊषा व पूनम ने आरोप लगाया है कि लूट व मारपीट की घटना के दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी रही तथा पीड़ित महिलाएं व पुरुष चीख पुकार करते रहे। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने कोई भी कार्यवाही नहीं की थी। इस घटना से मेले में मौजूद श्रद्धालुओं में दहशत का माहौल बना हुआ है।

**मांग** | किसानों की पंचायत में सरकार की वादा खिलाफी पर किसान नेता गरजे

## मृतक किसान के परिवार को एक करोड़ आर्थिक सहायता देने की उठायी मांग

- प्रधानमंत्री, कृषि मंत्री तथा जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन थानाध्यक्ष को सौंपा



थानाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते किसान नेता समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भाकियू** अराजनैतिक गुट की पंचायत कार्यालय गंगा रोड शमशाबाद गंगा रोड में संपन्न हुई पंचायत में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर प्रमुख समस्याओं को पंचायत में रखा तथा जिलाध्यक्ष के माध्यम से निस्तारण की मांग उठाई। पंचायत के बाद दिल्ली में एमएसपी सहित विभिन्न मांगों को लेकर किसानों का शांतिप्रिय आंदोलन जिसमें एक किसान की दर्दनाक मौत हो गयी। उधर किसान की मौत को लेकर एक शोक सभा का भी आयोजन किया गया। पंचायत में जिलाध्यक्ष राजपूत ने कहा दिल्ली के बॉर्डर चंडीगढ़ जहां पिछले कई दिनों से किसानों का शांतिप्रिय आंदोलन जारी है। इस आंदोलन को रोकने के लिए सरकार द्वारा तरह-तरह के प्रयास किए गए। 21 फरवरी को दिल्ली चंडीगढ़ बॉर्डर जहां शुभकरण नाम के किसान को मौत के घाट द्वारा दिया गया। जिससे देश का किसान काफी आक्रोशित है। जिलाध्यक्ष ने कहा प्रधानमंत्री देश का मालिक होता है। आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए अपनी आवाज उठा सकता है। किसानों की आवाज का दिल्ली तक पहुंचना जरूरी ह। जब किसान दिल्ली पहुंचेगा तभी आवाज उठेगी।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीड़ित परिवार को एक करोड़ का आर्थिक मुआवजा दिलाया जाए। साथ ही मृतक किसान के परिवार को समुचित सुविधायें भी मुहैया कराई जाएं। मांगें पूरी नहीं होने पर देश का किसान धरना प्रदर्शन तथा आंदोलन करने को बाध्य होगा। कहावत है किसान धरती का दूसरा भगवान है, क्योंकि किसान अन्नदाता है और अन्नदाता किसान जो देश की सवा अरब जनसंख्या को दो वक्त निबाला उपलब्ध कराता है। उसी गरीब मजदूर किसान के साथ बर्बर व्यवहार जारी है। पंचायत में किसान नेताओं ने सरकार से जायज मांग को अभिलंब पूर्ण कराए जाने की मांग की। समस्याओं का समाधान न होने पर किसान सड़कों पर धरना प्रदर्शन तथा आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राम बहादुर राजपूत, जिला महासचिव संजय गंगवार, सलमान खान, टिंकू, सोहेल, अनिल कुमार, बृजेश राजपूत, शबाब, गुलफाम, सरताज, मुर्शीद, शाहिद सहित तमाम किसान नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा ने की लोकसभा चुनाव संचालन समिति की घोषणा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आवास विकास** स्थित भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे एवं लोकसभा प्रभारी अजय धाकरे ने लोकसभा चुनाव संचालन समिति की घोषणा की।

जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया कि आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश एवं क्षेत्रीय नेतृत्व की संस्तुति के बाद 38 दायित्वों वाली लोकसभा चुनाव संचालन समिति घोषित हुई है। जिसमें 69 कार्यकर्ताओं के चयन में पांच नाम को छोड़कर बाकी सभी पदों पर नामों की घोषणा की है। लोकसभा प्रभारी- इटावा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय धाकरे, लोकसभा के सह प्रभारी औरैया के सर्वेश कठेरिया, लोकसभा संयोजक पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कटियार, चुनाव कार्यालय प्रमुख मुकेश सक्सेना व संजीव गुप्ता, कॉल सेंटर प्रमुख डीएस राठौर व सुशील राजपूत, वाहन व्यवस्था प्रमुख धर्मेंद्र राजपूत व अवनीश शाक्य, प्रचार सामग्री प्रमुख गोपाल राठौर व विभेष सिंह, प्रचार अभियान प्रमुख वीरेंद्र प्रताप सिंह व अजीत पांडे, आईटी सेल प्रमुख राजीव प्रताप सिंह व रजनीश मिश्रा, सोशल मीडिया प्रमुख अभिषेक बाजपेई व श्याम राठौर, यात्रा प्रवास प्रमुख अशनील दिवाकर व अर्जुन सिंह कश्यप, मीडिया प्रबंधन प्रमुख शिवांग रस्तोगी व पीयूष त्रिपाठी, बूथ स्तर प्रबंधन प्रमुख सुनील रावत व अवनीश चतुर्वेदी, संसाधन जुटाना प्रबंधन प्रमुख हिमांशु गुप्ता व अरुण दुबे, लेखा-जोखा प्रबंधन मुकेश गुप्ता व संदीप बंसल, न्यायिक प्रक्रिया संबंधी व चुनाव आयोग से समन्वय प्रबंधन अनुज प्रताप व केके पांडे, मतगणना प्रभारी प्रमुख अभिषेक बाथम व अमरदीप दीक्षित, मतगणना आंकड़े प्रभारी कुणेंद्र गंगवार व संदीप चतुर्वेदी, प्रलेखीकरण अतुल दीक्षित व अमर सिंह वर्मा, घोषणा पत्र प्रभारी प्रमुख प्रभात अवस्थी व वीरेंद्र कठेरिया, आरोप पत्र प्रबल त्रिपाठी व सुरजीत वर्मा, वीडियो वैन प्रभारी विश्वास गुप्ता व उमेश बाबू राठौर, प्रवासी कार्यकर्ता प्रमुख डीएस राठौर व अभय राणा, लाभार्थी संपर्क प्रमुख रश्मि दुबे व ममता सक्सेना, सामाजिक संपर्क प्रमुख कुलदीप कुशवाहा व रिशिपाल सिसौदिया, युवा संपर्क प्रमुख मयंक बुंदेला व अनुज प्रताप सिंह, महिला संपर्क प्रमुख मीरा सिंह व बबीता पाठक वै संपर्क प्रमुख बलिस्टर सिंह व श्रीकृष्ण गौतम संपर्क प्रमुख, शशिपाल गिहार व रमेश चंद्र गिहार झुग्गी झोपड़ी अभियान प्रमुख, सुरेंद्र कठेरिया व राज किशोर भदोरिया व्यावसायिक एवं सामाजिक संपर्क प्रमुख, सुभाष गुप्ता व अजीत वर्मा साहित्य निर्माण विज्ञापन व मुद्रण प्रमुख, जितेंद्र सिंह व नवनीत पाल प्रचार सामग्री एवं साहित्य वितरण प्रमुख प्रदीप सिंह व उदय बाथम को दायित्व दिया गया है। चुनाव संचालन समिति में लोकसभा सहसंयोजक, उम्मीदवार, उम्मीदवार प्रभारी एवं चुनाव अभिकर्ता की घोषणा राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व करेगा। यह लोकसभा संचालन समिति लोकसभा चुनाव की मतगणना तक प्रभावी रहेगी। चुनाव संचालन समिति में दायित्व पर कार्य करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दे दी गई है। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा आगामी लोकसभा चुनाव भारत की दिशा व दशा तय करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष के शासनकाल में गांव गरीब किसान नौजवान महिला और दलित सभी का ध्यान रखा गया है। संचालन सुनील रावत ने किया। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव संचालन समिति के सभी सदस्य गण मौजूद रहे।



बैठक में लोकसभा संचालन समिति घोषित करते जिलाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

## स्व. विमल प्रसाद स्मृति संस्थान द्वारा मेला रामनगरिया में वितरित की गई खिचड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पं0 विमल प्रसाद तिवारी स्मृति संस्थान द्वारा कल्पवासियों व संतों को खिचड़ी वितरित की गई। प्रमुख चिकित्सक स्व0 काली मेम के पौत्र स्व0 राजीव लाल की स्मृति में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। फर्रुखाबाद के मूल निवासी राजीव लाल हल्द्वानी में व्हाइट हॉल स्कूल के संस्थापक थे। बीते वर्ष उनका निधन हो गया। उनकी पत्नी मधु लाल, पुत्री मिताली ने पांचाल घाट स्थित मेला रामनगरिया में कल्पवासियों व साधु संतों को खिचड़ी वितरित की। इस अवसर पर आदेश तिवारी, जीशान अंसारी, नीरज कौशल, स्पर्श मिश्रा, नीरज वर्मा, शिवेन्द्र मिश्रा, फिरोज खान आदि लोग मौजूद रहे।

# सपा प्रदेश सचिव ने की सदर विधानसभा क्षेत्र के संगठन की समीक्षा

- बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की बनाई रणनीति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शुक्रवार को** समाजवादी पार्टी 194 विधानसभा क्षेत्र सदर के संगठन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत ने की। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव मन्दीप यादव ने विधानसभा संगठन एवं बूथ स्तर पदाधिकारियों के साथ बैठक की। आगामी लोकसभा चुनाव के क्रम में समाजवादी पार्टी के एक-एक संगठन एवं बूथ को सक्रिय बनाए रखने का कार्य जोरों पर है।

मन्दीप यादव ने कहा कि विगत दिवस समाजवादी पार्टी एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का शानदार गठबंधन हुआ है। दोनों दलों की मंशा के अनुरूप प्रत्येक बूथ पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के साथी जोरदारी के साथ चुनाव तैयारी में जुट जाएं। अति शीघ्र दोनों दलों की बैठक आयोजित कर संयुक्त रूप से चुनावी रणनीति बनाई जाएगी। देश और प्रदेश में विघटनकारी, जन विरोधी सरकारों को हटाने के लिए समाजवादी पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के इस फैसले का हम सभी कार्यकर्ता स्वागत करते हैं। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने एक-एक कार्यकर्ता को चुनाव में लग जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आगामी लोकसभा चुनाव देश को बचाने का चुनाव है कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ की कमान संभाले। इस अवसर पर जिला महासचिव जहांन सिंह लोधी, अंकित यादव, शिव शंकर शर्मा, रामपाल सिंह यादव, ऋषि पाल, अमरीश यादव, संजेश कुमार, सुरजीत यादव, बृजेश राजपूत, नासिर अंसारी, मुख्तियार आलम, नागेंद्र यादव, अंशुल यादव, पंकज यादव, सुरेंद्र यादव सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।


बैठक के दौरान मौजूद सपा नेता — समृद्धि न्यूज

## संत गाडगे उत्थान समिति ने मनायी जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संत गाडगे उत्थान भवन नेकपुर में जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्षता रामप्रसाद दिवाकर ने की। मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह गंगवार ने समाज को संत गाडगे के जन्मदिवस पर समाज को शिक्षित करने पर जोर दिया। रघुवीर सिंह ने संत गाडगे के विचारों पर प्रकाश डाला। आरडी बौद्ध, आरसी गौतम आदि लोगों ने संत गाडगे द्वारा बताये गये मार्ग पर चलने का आवाह्न किया। संत गाडगे जयंती समिति के अध्यक्ष रविन्द्रनाथ दिवाकर, संतोष दिवाकर, सुरेन्द्र कनौजिया, धर्मेन्द्र कनौजिया, प्रेमपाल सिंह आदि ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभी ने संत गाडगे के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर जन्मदिवस पर याद किया।


संत गाडगे जन्मदिवस कार्यक्रम में मौजूद लोग

## खबरें एक नजर में

### हरियाणा में कब बुलबुल उत्सव में भारती मिश्रा ने दिया प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत स्काउट/गाइड, नेशनल लेवल यूथ काम्प्लेक्स, गदपुरी, हरियाणा में आयोजित पांच दिवसीय नेशनल लेवल कब बुलबुल उत्सव में डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कमिश्नर व ब्लॉक बढ़पुर गाइड कैप्टन भारती मिश्रा द्वारा स्टाफ के रूप में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में 21 राज्यों के कुल 326 कब बुलबुल ने प्रतिभाग कर एक रिकॉर्ड कायम किया। कार्यक्रम में 166 बच्चों को गोल्डन अवार्ड दिया गया। अवार्ड हेतु इस कैम्प में बच्चों को 13 परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होती हैं, जनपद की शिक्षिका भारती मिश्रा विभिन्न परीक्षाओं में निर्णायक के रूप में उपस्थित रहीं। लार्ड बेडेन पावेल व लेडी बेडेन पावेल के जन्म दिवस चिन्तन दिवस के अवसर पर बच्चों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्लियामेंट सदस्य पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल डी0पी0 वत्स व समापन के0के0 खण्डेलवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट/गाइड के निदेशक राजकुमार कौशिक, डिप्टी डायरेक्टर सुरेखा श्रीवास्तव, असिस्टेंट डायरेक्टर शिवांगी, असिस्टेंट डायरेक्टर साउदर्न रेलवे अमिलेन्द्र शर्मा के अतिरिक्त विभिन्न राज्यों से पधारे स्काउटर्स/गाइडर्स ने प्रतिभाग किया।


बच्चों को प्रशिक्षण देती गाइड कैप्टन भारती मिश्रा

### किसान यूनियन ने अग्नि पीड़ितों की सहायता के लिए प्रशासन की से मुआवजे की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेला श्री रामनगरिया में हुए अग्निकाण्ड को लेकर किसान यूनियन ने आपात बैठक कर अग्नि पीड़ितों के लिए प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की। साथ ही इस दुखद घटना को लेकर शोक संवेदना व्यक्त की। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के शिविर में मेला श्री रामनगरिया में अग्निकांड की जो दुखद घटना घटित हुई उस पर विचार विमर्श करते पदाधिकारीगण, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कानपुर मंडल प्रभाकांत मिश्रा एवं जिला विधिक सलाहकार अजय कटियार ने सरकार से मांग कि वह मृतक के परिवार जनों को 10 लाख रुपए और घायलों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए एवं घायलों को समुचित इलाज कराया जाए। इस मौके पर किसान यूनियन के नेता मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद किसान नेता

### अग्निकाण्ड पीड़ितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता दिलाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट स्थित मेला रामनगरिया में भीषण अग्निकाण्ड व दुखद घटना को लेकर भाजपा नमामि गंगे विभाग के जिला संयोजक रवि मिश्रा व गंगा समग्र के जिला संयोजक आदित्य दीक्षित मौके पर पहुंचकर घायलों को बचाया। जला हुआ सामान अलग रखा और दुखी लोगों को सांत्वना दी। प्रशासन से मांग की गई कि जिम्मेदारी तय करें और घटना में मृतक बालक के परिवार व घायलों को मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता प्रदान करायी जाये। जिससे दोबारा ऐसी घटना घटित न हो। विद्युत के जर्जर तारों को बदलवाने की व्यवस्था की जाये और दमकल की गाड़ियां चारों तरफ खड़ी होनी चाहिए। सीढ़ी नम्बर 3 पर बाजार लगवाना चाहिए था। 6 नम्बर सीढ़ी पर 50 राउटी लगवाने की अच्छी खासी जगह थी। पुल के नीचे राउटी नहीं लगवानी चाहिए। साथ ही लोगों के नुकसान की भरपाई की व्यवस्था की जाये, आदि मांगों को लेकर प्रशासन से सहायता प्रदान करने की मांग की है।

### गंगा तट पर आज छोड़ी जायेंगी 2 लाख मत्स्य अंगुलिका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप ने बताया कि 24 फरवरी दोपहर 12 बजे पांचाल घाट स्थित पांचाल घाट गंगा तट पर 2 लाख मत्स्य अंगुलिका का संचाय किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप व विशिष्ठ अतिथि सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी होंगे।

### वार्षिकोत्सव आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाबा नीमकरोली धाम आईटीआई चौराहा पर वार्षिकोत्सव 24 फरवरी दिन शनिवार को धूमधाम से मनाया जायेगा। साथ ही पूजा अर्चना के साथ विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। यह जानकारी ओमप्रकाश ने दी है।

## फार्मासिस्टों की समस्याओं को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**डिप्लोमा फार्मासिस्ट** एसोसिएशन ने फार्मासिस्टों की समस्याओं को लेकर पांच सूत्रीय ज्ञापन मुख्य चिकित्साधिकारी को सौंपा। फार्मासिस्टों की लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन देकर मांग की गई है कि अक्टूबर माह 2023 के विभिन्न चिकित्सालयों के फार्मासिस्टों को 10 वर्ष की सेवा पर मिलने वाला एसीपी का लाभ स्वीकृत किया गया था। अज्ञात कारणवश अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। विनीत पाण्डेय, विजय पाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज व उदय प्रकाश मिश्रा, वीरेन्द्र कुमार वर्मा पुलिस चिकित्सालय फतेहगढ़ को 26 वर्ष की सेवा पर देय ग्रेड पे 5400 रुपये का लाभ 15600 के क्रम में प्रदान किया जाये। राजीव कुमार यादव फार्मासिस्ट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिलसड़ी दो वर्ष की सेवा के उपरान्त मिलने वाला ग्रेड पे-4200 रुपये का लाभ प्रदान कर स्थाई किया जाये। राजकीय आवासों में रह रहे फार्मासिस्टों के आवास पूर्णतः निष्प्रयोज्य व जीर्ण सीर्ण अवस्था में है। शीघ्र मरम्मत व रंगाई-पुताई करायी जाये। फार्मासिस्टों की समस्याओं का निराकरण हेतु जनपद स्तर पर प्रत्येक माह बैठक की जाये, आदि मांगों को लेकर मंत्री जितेन्द्र सिंह ने ज्ञापन सौंपा।

# बजरिया जसमई रोड की सड़क बनवाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जनतंत्र क्रांतिकारी** मोर्चा ने सांसद मुकेश राजपूत, सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी व नगर पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका आदि लोगों से मांग की है कि क्या उन्हें दिखायी नहीं दे रहा है कि शहर के बजरिया जसमई रोड पर निकलना मुश्किल हो रहा है। दो पहिया वाहन, ई-रिक्शा पर बैठे लोग गिरकर चुटैल हो रहे है। जसमई दरवाजा की ओर जाने वाली सड़क राम जानकी दुर्वाषा ऋषि आश्रम में रोजाना श्रद्धालु आते है। न ही जल निकासी है। जिस कारण कीचड़ युक्त सड़क से घुसकर लोगों को निकलना पड़ रहा है। ऐसे में जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने मांग की है कि जिम्मेदार नेता व अधिकारी जल निकासी की समुचित व्यवस्था करें और सड़क बनवाये। आम जन समस्याओं से लापरवाही बर्दाशत नहीं की जायेगी। जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा ने नगर पालिका व जन प्रतिनिधि के उदासीन रवैया के चलते सड़क की यह दुर्दशा होती जा रही है। जनहित में जल्द सड़क बनवायी जाये। सड़क कार्य अगर शुरु नहीं किया गया तो जनप्रतिनिधियों के खिलाफ क्रांतिकारी मोर्चा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर संतोष राजपूत, सुरेन्द्र सिंह वर्मा, प्रमोद, अमित, राकेश कुमार, संजय कुमार, महेन्द्र सिंह, शिव प्रताप सिंह, शिवांश दुबे, रजत राजपूत, विमल, अरविन्द, नसीम, रतीराम, सादिक, कल्लू आदि लोग मौजूद रहे।


जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारे लगाते मोर्चा के लोग — समृद्धि न्यूज

# दुख की घड़ी में आर्य समाज सभी पीड़ितों के साथः चन्द्रदेव शास्त्री

- हवन पूजन कर की गई सुख समृद्धि की कामना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मेला रामनगरिया** के वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में प्रातः काल यज्ञ का आयोजन हुआ। शिविरवासियों ने सामूहिक रूप से यज्ञ में आहुतियां प्रदान कर सुख संवृद्धि की कामना की। साथ ही मेले में हुए अग्निकाण्ड को लेकर शोकसभा की गई। जिसमें दुखी कल्पवासियों के परिजनों व घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। जिला सभा के प्रधान आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में आर्य समाज सभी पीड़ितों तथा उनके परिजनों के साथ है तथा प्रसाशन से सभी को आवश्यक उपचार व सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध करते हैं। आपदा की इस घड़ी में सभी संत समुदाय तथा कल्पवासियों को पीड़ितों की मदद को आगे आना चाहिए। भविष्य में ऐसी कोई अनहोनी न हो इसके लिए विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में स्वामी महेन्द्रानंद, देवनानंद, प्रदीप शास्त्री, हरिओम शास्त्री, उदिता आर्या, रत्नेश द्विवेदी, उपासना कटियार, ऋतु राजपूत आदि उपस्थित रहे।


हवन में आहूतियां देते कल्पवासी — समृद्धि न्यूज

## निषाद पार्टी ने संत गाडगे का मनाया 147वां जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निषाद पार्टी द्वारा संत गाडगे महाराज की बढ़पुर स्थित कैम्प कार्यालय में जयंती धूमधाम से मनायी गई। संत गाडगे बाबा का 147वां जन्मदिन पर लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये। समाज में अज्ञानता, अंधविश्वास, गरीबी, शराबखोरी, छुआछूत, जातिवाद का विरोध किया गया। बाबा ने अपने जीवन काल में 60 संस्थाओं की स्थापना की और उनके अनुयायियों ने 42 संस्थाओं का निर्माण कराया। उपेक्षित एवं साधनविहीन मानवता के लिए स्कूल, धर्मशाला और गौशाला, छात्रावास, अस्पताल, परिश्रामालय, वृद्धाश्रम आदि का निर्माण कराया गया। उन्हें सम्मान देते हुए महाराष्ट्र सरकार ने 2001 में संत गाडगे बाबा ग्राम स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप, जितेन्द्र कनौजिया, सचेन्द्र कश्यप, राकेश बाथम, ज्ञानेन्द्र कश्यप, संदीप बाथम, राजकपूर, अजीत बाथम आदि लोग मौजूद रहे।



संत गाडगे महाराज की जयंती मनाते लोग

# राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए बैंक ऋण अदायगी की तैयारी बैठक सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में होने वाली 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश तृतीय विनय कुमार के निर्देशन में अपर जिला जज एससी/एसटी नोडल अधिकारी महेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में विश्राम कक्ष में बैंक मामलों संबंधित प्रथम तैयारी को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बैंक ऋण अदायकी संबंधित अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये है। बैंक ऋण अदायकी के विभिन्न बैंकों द्वारा अब तक 3704 मामले चिन्हित किये गये है। तैयारी बैठक में एलडीएम राजेन्द्र प्रसाद, प्रबंधक नीरज मौर्या, अमित कुमार, अमित चावला, प्रभात आदि लोग मौजूद रहे। बैठक का संचालन अपर जिला जज महेन्द्र सिंह द्वारा सम्पन्न हुआ।


तैयारी बैठक में मौजूद अपर जिला जज व अन्य

# शिविर में दिव्यांगों को बांटे गये उपकरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**एसएन साध** ट्रस्ट द्वारा डॉ0 रजनी सरीन के संयोजन में दिव्यांग शिविर का उद्घाटन मेधा ब्रहमापुकार हैदराबाद (राष्ट्र सेविका समिति की प्रधान सचिव) ने किया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ0 सुबोध वर्मा, डॉ0 एके गुप्ता ने शिविर में मरीजों का परीक्षण किया। शिविर में जयपुर की भगवान महावीर दिव्यांग सहायता समिति के 6 विशेषज्ञ अपनी सेवा दे रहे है। ई0एन0टी0 के स्पेशलिस्ट डॉ0 शिखर सक्सेना तथा उनकी टीम परीक्षण कर मरीजों को ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क दवायें तथा कान की मशीन दी। दिव्यांग सेवा शिविर में एसएन साध ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी राकेश साध तथा चमकेश साध के सहयोग से शिविर लगाया गया है। डॉ0 कार्तिकेय सिंह और डॉ0 केजी बाथम अपनी विशेष सेवाये देकर शिविर में मरीजों को उपकरण वितरित कराये। मधु साध, प्रिया साध, रीतेश साध, अमर साध, उदयपाल, विजय कुमार, आकाश सिंह कश्यप, शीष मेहरोत्रा, रोहित गर्ग, राहुल कश्यप, प्रभात पाण्डेय, रजत कश्यप, अभिषेक, सुजीत श्रीवास्तव, विशाल अवस्थी, नरेश, सत नारयन, रोविन साध, शेखर साध का सहयोग रहा। शिविर 24 एवं 25 फरवरी को भी सेवारत् रहेगा। शुक्रवार को 08 व्हील चेयर, 20 छड़ी, 20 कैलीपर, 07 कृत्रिम पैर, 3 कृत्रिम हाथ, 15 वैशाखी, 06 वॉकर, 32 जोड़ी जूते, 55 कान की मशीन वितरित की गई। शुक्रवार को रजिस्ट्रेशन की संख्या 152 रही है। दिव्यागों को अपना आधार कार्ड लाना आवश्यक है। अगला कैम्प 4 माह के बाद में लगेगा।


शिविर में दिव्यांगों को ट्राई साइकिल देते ट्रस्ट के लोग — समृद्धि न्यूज

# उत्तराखंड हाईकोर्ट की 2013 विनियमितीकरण की नीति पर मुहर

समृद्धि न्यूज

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने अपने महत्वपूर्ण निर्णय में सरकार की वर्ष 2013 की विनियमितीकरण नीति पर अपनी मुहर लगा दी है। यही नहीं सरकार ने नियमितीकरण के लिये सेवा का दायरा बढ़ाकर पांच साल के बजाय 10 साल कर दिया है। उच्च न्यायालय के इस आदेश से राज्य के हजारों कर्मचारी लाभान्वित हो सकेंगे और उन्हें विनियमित किया जा सकेगा।

मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की युगलपीठ ने यह आदेश गुरुवार 22 फरवरी को नरेन्द्र सिंह बिष्ट और अन्य चार की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिकाओं की सुनवाई के बाद जारी किया लेकिन आदेश की प्रति आज प्राप्त हुई। मामले के अनुसार राज्य सरकार ने वर्ष 2013 में सरकारी विभागों, निगमों, परिषदों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं में काम करने वाले तदर्थ, संविदा कर्मियों के विनियमितीकरण के लिये एक नियमावली तैयार की। इसमें प्रावधान किया गया कि उमा देवी के आदेश के आलोक में वर्ष 2011 में बनायी नियमावली के तहत जो कर्मचारी विनियमित नहीं हो पाये उन्हें विनियमित किया जा सके। सरकार का यह भी तर्क था कि चूंकि उत्तराखंड राज्य 09 नवम्बर, 2000 को अस्तित्व में आया और उसके कई वर्ष बाद भी सरकारी विभागों का गठन हुआ, इसलिये उनमें तैनात कर्मचारियों को वर्ष 2011 की नियमावली का लाभ नहीं मिल पाया।

# जो रूट के बेहतरीन शतक से संभला इंग्लैंड, सात विकेट पर बनाए 302 रन

## इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर की पहले बल्लेबाजी, दिन का खेल खत्म होने पर रूट 106 और रॉबिन्सन 31 रन बनाकर नाबाद

एजेंसी




**रांची।** जो रूट के बेहतरीन नाबाद शतक की बदौलत शुरुआती झटकों से उबरते हुए इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन 7 विकेट पर 302 रन बना लिए हैं। दिन का खेल खत्म होने पर रूट 106 और ऑली रॉबिन्सन 31 रन बनाकर नाबाद हैं। इस मैच में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

जैक क्रॉली और बेन डकेट ने इंग्लैंड को सधी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े। हालांकि 47 के कुल स्कोर पर अपना पहला टेस्ट खेल रहे आकाश दीप ने पहले बेन डकेट (11) और फिर ओली पोप (00) को एक ही ओवर में चलता कर इंग्लैंड को दोहरा झटका दिया।

57 के कुल स्कोर पर आकाश दीप ने क्रॉली को मैच में दोबारा बोल्ड किया, इस बार क्रॉली को किस्मत का सहारा नहीं मिला और इंग्लैंड ने अपना तीसरा विकेट खो दिया। क्रॉली ने 42 गेंदों पर 6 चौके और एक छक्के की बदौलत 42 रन बनाए। यहां से जॉनी बेयरस्टो और जो रूट ने इंग्लैंड की पारी को 100 के पार पहुंचाया। 109 के कुल स्कोर पर रविचंद्रन अश्विन ने बेयरस्टो को एलबीडब्ल्यू आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। बेयरस्टो ने 38 रन बनाए। रवींद्र जडेजा ने इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स को पवेलियन भेज भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। स्टोक्स ने 3 रन बनाए। स्टोक्स के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए बेन फोक्स और जो रूट ने संभलकर खेलना शुरु किया और छठे विकेट के लिए 113 रन जोड़े। एक समय जब लग रहा था कि ये जोड़ी टीम को काफी लंबे स्कोर तक ले जाएगी, तभी मोहम्मद सिराज ने 225 के कुल स्कोर पर फोक्स को चलता कर भारत को छठी सफलता दिलाई। फोक्स ने 47 रन बनाए। सिराज ने इसके बाद 245 के कुल स्कोर पर टॉम हार्टले (17) को बोल्ड कर इंग्लैंड को सातवां झटका दिया।

यहां से ऑली रॉबिन्सन और रूट ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया और टीम का स्कोर 302 रनों तक पहुंचा दिया, इस दौरान रूट ने अपना शतक भी पूरा किया। दोनों आठवें विकेट के लिए अब तक 57 रन जोड़ चुके हैं। रूट 106 और रॉबिन्सन 31 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत की तरफ से आकाश दीप ने 3, मोहम्मद सिराज ने 2, रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा ने 1-1 विकेट लिया।

**क्रॉली ने 42 गेंदों पर 6 चौके और एक छक्के की बदौलत 42 रन बनाए। जॉनी बेयरस्टो और जो रूट ने इंग्लैंड की पारी को 100 के पार पहुंचाया। 109 के कुल स्कोर पर आर अश्विन ने बेयरस्टो को एलबीडब्ल्यू आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई।**

# बंगाल के संदेशखाली में फिर बिगड़े हालात

## भीड़ ने टीएमसी नेताओं के घर में लगाई आग, डीजीपी ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का दिया भरोसा

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में संकटग्रस्त संदेशखाली के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को सुबह फिर से विरोध प्रदर्शन हुए। पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। शुक्रवार सुबह नाराज स्थानीय लोगों ने इलाके में जबरन जमीन हड़पने एवं महिलाओं का यौन शोषण करने के आरोपी तृणमूल कांग्रेस नेताओं की संपत्तियों में आग लगा दी। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के स्थानीय नेताओं के घरों में भी भीड़ ने तोड़फोड़ की।

लाठियों से लैस प्रदर्शनकारियों ने संदेशखाली के बेलमाजुर इलाके में मछली पकड़ने के एक यार्ड के पास छप्पर वाले ढांचे को आग लगा दी और फरार तृणमूल नेता शाहजहां शेख एवं उनके भाई सिराज के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया। पता चला है कि जलाया गया ढांचा सिराज का था। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, ''पुलिस ने वर्षों तक कुछ नहीं किया। यही कारण है कि हम अपनी जमीन और सम्मान वापस पाने के लिए सब कुछ कर रहे हैं। बाद में पुलिस इलाके में दाखिल हुई और उसने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। कुमार अपराह्न में अशांत क्षेत्र में पहुंचे और स्थानीय लोगों से बात की। कुमार ने स्थानीय लोगों से कहा, आप अपनी शिकायत दर्ज कराएं। हम कार्रवाई करेंगे। हम यहां पुलिस कैंप स्थापित करेंगे। लेकिन मैं आप सभी से अनुरोध करूंगा कि कृपया कानून अपने हाथ में न लें। संवाददाताओं से बात करते हुए कुमार ने कहा, पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। हम क्षेत्र में कानून का राज स्थापित करेंगे। डीजीपी ने कहा कि कानून हाथ में लेने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन ने ग्रामीणों की हड़पी गई जमीन वापस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



इससे पहले डीजीपी ने बुधवार को संदेशखाली का दौरा किया था और वहां पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की थी।

बृहस्पतिवार को कोलकाता लौटने से पहले वह रात भर वहीं रुके थे। ताजा विरोध प्रदर्शन स्थानीय टीएमसी नेताओं के खिलाफ यौन शोषण और जबरन जमीन हड़पने के आरोपों के बाद संदेशखाली के कुछ हिस्सों में विरोध प्रदर्शन और आगजनी के एक दिन बाद हुआ। संदेशखाली में स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर जबरदस्ती जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है जिसके बाद से यह जगह सुर्खियों में है। प्रवर्तन निदेशालय अधिकारियों के दल पर पांच जनवरी को भीड़ ने उस समय हमला कर दिया था जब उसने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में शाहजहां के आवास में प्रवेश करने की कोशिश की थी। शाहजहां तभी से फरार है।

### मानवाधिकार आयोग की टीम ने सुनी शिकायतें

**कोलकाता।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की टीम शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली पहुंच कर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों के बारे में ग्रामीणों से बात की। उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जमीन हड़पने एवं महिलाओं के यौन उत्पीड़न का आरोप है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम संदेशखाली के कुछ इलाकों में गई और ग्रामीणों से बात कर उनके बयान दर्ज किए। मानवाधिकार आयोग की टीम नाव से कालागाछी नदी पार करने के बाद धमाखाली नौका घाट से होते हुए संदेशखाली पहुंची। एनएचआरसी ने मीडिया में आईं उन खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया है, जिनमें कहा गया है कि संदेशखाली में गरीब महिलाओं को परेशान किया गया।

# ईडी को सूचनाएं लीक करने से रोकने की महुआ मोइत्रा की मांग खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने ईडी को गोपनीय और अपुष्ट सूचनाओं को लीक करने से रोकने की तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की मांग खारिज कर दी है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने महुआ मोइत्रा की याचिका खारिज करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 22 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश वकील ने 22 फरवरी को कहा था कि ईडी ने किसी भी सूचना को लीक नहीं किया है और समाचारों के स्रोत के बारे में उसे जानकारी नहीं है। महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रेबेका जॉन ने कहा था कि ईडी फेमा उल्लंघन की जांच से संबंधित गोपनीय सूचना लीक कर रही है। महुआ मोइत्रा ने मीडिया को ईडी के मामले में अपुष्ट, झूठी और अपमानजनक सूचनाओं को प्रकाशित करने से रोकने की मांग की थी। ईडी ने महुआ मोइत्रा को फेमा के उल्लंघन के मामले में 14 फरवरी और 20 फरवरी को पूछताछ के लिए समन जारी किया था। मीडिया में चलायी जा रही खबरें ईडी के फेमा के उल्लंघन की जांच से जुड़ी हुई हैं। जॉन ने कहा था कि ईडी याचिकाकर्ता को कोई भी कम्युनिकेशन भेजने से पहले उसे मीडिया में लीक कर देता है।

# भारतीय नौसेना ने हासिल की पानी के अंदर पनडुब्बी की खोज व बचाव क्षमता

**भारत ने खोजा पाक पनडुब्बी गाजी का मलबा**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने पानी के अंदर पनडुब्बी की खोज और बचाव क्षमता हासिल की है। भारत ने अपने कई मित्र देशों के साथ अपनी पनडुब्बी बचाव क्षमताओं के लिए पेशकश की है, जिसमें कई देशों ने दिलचस्पी दिखाई है। नौसेना की डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू व्हीकल यूनिट ने भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान 1971 में विशाखापट्टनम तट के पास डूबी पाकिस्तानी पनडुब्बी 'पीएनएस गाजी' का मलबा खोजा है। इसके अलावा जापानी पनडुब्बी आरओ-110 का मलबा भी पिछले 80 वर्षों से बंदरगाह शहर के पास समुद्र तल पर पड़ा हुआ है।



भारतीय नौसेना की विशाखापट्टनम में स्थित डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू व्हीकल (डीएसआरवी) यूनिट के ऑफिसर इंचार्ज कैप्टन विकास गौतम ने बताया कि भारतीय नौसेना के पास समुद्र की गहराई में जलमग्न पोत की बचाव क्षमता है। इस प्रणाली में संकटग्रस्त पनडुब्बी का पता लगाने के लिए एक साइड स्कैन सोनार है, जो दूर से संचालित वाहन (आरओवी) की मदद से आपातकालीन कंटेनरों को तैनात करके पनडुब्बी के चालक दल को बचाता है।

दरअसल, पनडुब्बी दुर्घटना में तीव्रता के साथ जीवन की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए इस सिस्टम को फ्लाईअवे कॉन्फ़िगरेशन में खरीदा गया है जो वायु, भूमि, समुद्री जहाजों का उपयोग करके बेस से संकटग्रस्त पनडुब्बी के सटीक स्थान तक बचाव प्रणाली के तेजी से परिवहन की अनुमति देता है। कैप्टन गौतम ने बताया कि 2018 में भारत ने डूबे हुए जहाजों और पनडुब्बियों का पता लगाने और आवश्यकतानुसार बचाव अभियान चलाने के लिए गहरे जलमग्न बचाव वाहन (डीएसआरवी) तैनात करने की क्षमता प्राप्त की। दुर्घटनाग्रस्त पनडुब्बी को बचाने की यह सुविधा कुछ चुनिन्दा देशों के पास ही है लेकिन भारतीय डीएसआरवी प्रौद्योगिकी और क्षमताओं के मामले में नवीनतम है। पनडुब्बी आकस्मिकता से निपटने के लिए भारत को यह प्रौद्योगिकी ब्रिटेन की कंपनी जेम्स फिशेज डिफेंस ने आपूर्ति की है, जो भारत के पश्चिमी और पूर्वी तट पर स्थापित की गई हैं। इस प्रौद्योगिकी में विभिन्न प्रकार की पनडुब्बियों को समुद्र के भीतर खोजने के साथ ही कर्मियों को बचाकर पनडुब्बी से डीएसआरवी में सुरक्षित स्थानांतरण किया जा सकता है।

# विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को दी रूस-यूक्रेन संघर्ष से दूर रहने की सलाह

**नई दिल्ली।** भारत ने स्वीकार किया है कि कुछ भारतीय रूस-यूक्रेन संघर्ष के बीच रूसी सेना में भूमिका निभा रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को संघर्ष से दूर रहने का परामर्श जारी किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया के प्रश्नों के उत्तर में एक बयान जारी किया है। उनका कहना है कि भारतीयों ने रूसी सेना में सहयोगी नौकरियों के लिए करार किए हैं। इसकी हमें जानकारी है। भारतीय दूतावास लगातार संबंधित रूसी प्राधिकार से उन्हें जल्द से जल्द कार्यमुक्त करने के लिए कहा है। साथ ही हम भारतीय नागरिकों से आग्रह करते हैं कि संघर्ष से दूरी बनाएं और उससे जुड़े कामों को लेकर सतर्कता बरतें। ऐसी रिपोर्टें सामने आईं कि दर्जनों भारतीय धोखे से रूसी सेना में सेवा दे रहे हैं। भारतीयों को सहायक नौकरियों का वादा कर रूसी सेना में भर्ती कर लिया गया है। दस्तावेजों के गलत अनुवाद और उनकी प्रारंभिक समझ के उलट उन्हें सैन्य प्रशिक्षण से गुजरना पड़ रहा है।

# भटके हुए युवाओं को सही रास्ता दिखाने का संदेश देती है सन्देह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** संजय राय द्वारा प्रस्तुत इम्पल्स सिने इंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी फिल्म सन्देह आगामी एक मार्च को अखिल भारतीय स्तर देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म संदेह के निर्माता प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया यह फिल्म युवाओं पर आधारित है, जिसमे उत्कृष्ट गीत- संगीत के साथ थ्रिल, सस्पेंस और मर्डर मिस्ट्री दर्शकों को देखने को मिलेगी।

फिल्म सन्देह की लेखिका श्वेता श्रीवास्तव ने बताया कि यह फिल्म युवाओं पर आधारित है। आज कल की भाग दौड़ भरी जिंदगी और बदलते सामाजिक परिवेश में युवा खुद को बेहतर साबित करने और तरक्की करने की दौड़ में भटक कर गलत रास्ते को अपना लेता है और गलत रास्ते से कैसे वापस लौटता है, यह सब कुछ इस फिल्म में दिखाया गया है। भटके हुए युवाओं को सही रास्ता दिखाने का संदेश देती है फिल्म सन्देह। फिल्म निर्देशक अयाज़ खान ने बताया कि फिल्म संदेह सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है। इस फिल्म की शूटिंग लखनऊ, सीतापुर, उत्तरांचल नैनीताल आदि सुंदर लोकेशन पर की गई है। फिल्म संदेह में रिया कपूर, पुलकित रायजादा, पवन विक्रम, नीतीश भलुनी, गौरव कुमार, प्रदीप श्रीवास्तव, रितिका गुप्ता, सोनम सैनी, दुष्यंत सिंह, शिवानी सौम्या, लोकेश मोहन खट्टर और संजय रायजादा ने अभिनय किया है। फिल्म अभिनेता पवन विक्रम ने बताया कि यह फिल्म युवाओं को सही रास्ता दिखाने का काम करेगी।



# हिप्र से हरिद्वार के लिए अब सीधी ट्रेन सुविधा : अनुराग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को बताया कि ऊना हिमाचल प्रदेश से चल कर सहारनपुर जाने वाली ट्रेन अब हरिद्वार तक चलाई जाएगी। अनुराग ठाकुर ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद ज्ञापन किया और कहा कि इससे क्षेत्रवासियों को काफी लाभ मिलेगा और तीर्थाटन में बढ़ोतरी होगी। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हरिद्वार एक प्रमुख धार्मिक स्थल है और हिमाचल प्रदेश से बड़ी संख्या में लोग तीर्थाटन करने हरिद्वार जाते हैं। हिमाचल प्रदेश के यात्री ट्रेन से सीधा ही हरिद्वार तक जा सकें, ऐसी सुविधा के लिए मैंने व्यक्तिगत रूप से रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मिलकर अनुरोध किया था। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि ऊना (हिप्र)- सहारनपुर मेमू जो ऊना से चल कर सहारनपुर तक जाती थी, उसके एक्सटेंशन की मंजूरी रेलमंत्री ने दे दी है। यह ट्रेन अब ऊना से हरिद्वार तक चलाई जाएगी।

# बिहार विधान परिषद की 11 सीटों पर 21 मार्च को होगा मतदान

**चुनाव आयोग ने 11 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा की**

एजेंसी



**पटना।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार (23 फरवरी) को बिहार विधान परिषद की 11 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा की, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सीट भी शामिल है, जिसका कार्यकाल दो महीने में समाप्त हो जाएगा। जिन लोगों का वर्तमान कार्यकाल 6 मई को समाप्त हो रहा है उनमें पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी (राजद) और उनकी पार्टी के नेता राम चंद्र पूर्वे शामिल हैं।

11 सीटों पर चुनाव के लिए अधिसूचना 4 मार्च को जारी की जाएगी और 11 मार्च तक नामांकन पत्र दाखिल करना होगा। उम्मीदवार 14 मार्च तक अपना पर्चा वापस ले सकते हैं। राज्य विधान सभा के सदस्य 21 मार्च को उम्मीदवारों के लिए अपना वोट डालेंगे और उसी दिन शाम को वोटों की गिनती भी होगी और 23 मार्च तक इसे पूरा करना होगा। 11 सीटों में से तीन पर भाजपा का कब्जा है जिसके प्रतिनिधि पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय पासवान और सैयद शाहनवाज हुसैन और पूर्व राज्य मंत्री मंगल पांडे हैं। केवल एक सीट, जिसका प्रतिनिधित्व प्रेम चंद्र मिश्रा करते हैं, कांग्रेस के पास है, जो राजद की सहयोगी है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली जद (यू) के पास बड़ी हिस्सेदारी थी। कुमार के अलावा, पार्टी के अन्य नेता जिनका कार्यकाल समाप्त होने वाला है, उनमें संजय कुमार झा शामिल हैं।

## खबरें एक नजर में

### 101 कन्याओं का कन्यादान करेंगे कल्पा कांतिलाल प्रेमजी मारू



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के जिस मूल मंत्र को साकार करने का जो संकल्प दिया था, उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए क्लासिक समूह अब बेटी बसाओ का कृत संकल्प लेते हुए आगामी 25 फरवरी 2024 को श्री राम मैदान ऐशबाग, लखनऊ में 101 निर्धन-निराश्रित बेटियों का क्लासिक सामूहिक विवाहका आयोजन करेगा। क्लासिक सामूहिक विवाह के संयोजक कांतिलाल पी मारू ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ मेरा संकल्प बेटी बसाओ का है, जिसको फलीभूत करने के लिए उत्तर प्रदेश के अवध प्रान्त की 101 निर्धन-निराश्रित बेटियों का चयन क्लासिक सामूहिक विवाह समारोह के लिए किया गया है। पंडित आदित्य द्विवेदी ने बताया 101 निर्धन - निराश्रित बेटियों के क्लासिक सामूहिक विवाह समारोह में वर पक्ष के 25 लोगों एवं वधू पक्ष के 25 लोगों को मार्ग व्यय भी दिया जायेगा। इसके अलावा वर-वधू पक्ष के सगे सम्बन्धी भी इस समारोह में शामिल होंगे। उन्होने बताया कि इस समारोह में कांतिलाल पी मारू एवं उनकी पत्नी कल्पा कांतिलाल मारू 101 कन्याओं का कन्यादान करेंगे। हरीश चन्द्र अग्रवाल ने बताया कि क्लासिक सामूहिक विवाह समारोह में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, डॉ दिनेश शर्मा राज्य सभा सांसद, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक, पंकज सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा/ विधायक नोएडा, डॉ नीरज बोरा विधायक लखनऊ उत्तर क्षेत्र उपस्थित होंगे। प्रेस वार्ता में राजेश गुप्ता, नितेश अग्रवाल , गोपाल कुमार , राजेश कुमार , हर्षित, सुशांक अरोड़ा, विनोद सिंघल, अचल गुप्ता, छवि गर्ग उपस्थित थे।

### विधायक लस्या नंदिता की सड़क दुर्घटना में मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के विपक्षी दल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधायक लस्या नंदिता (33 वर्ष) की शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।पुलिस के मुताबिक संगारेड्डी जिले के अमीनपुर सुल्तानपुर ओआरआर के निकट हादसा हुआ है जब विधायक एक निजी समारोह में भाग लेकर कार से हैदराबाद लौट रही थीं। माना जा रहा है कि हादसा उस वक्त हुआ जब सामने आ रहे वाहन से बचने के चक्कर में कार चला रहे उनके पीए ने अचानक ब्रेक लगाया और अनियंत्रित होकर कार रेलिंग से जा टकराई। सीट बेल्ट न लगाने के कारण लास्या की मौके पर ही मौत हो गई। लस्या नंदिता का पार्थिव शरीर पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। आज शाम पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि हैदराबाद में होगी।

### बम बरामद होने से हड़कंप

**मुर्शिदाबाद।** जिले के खड़ग्राम थाना अंतर्गत भातकंडा इलाके में शुक्रवार सुबह भारी मात्रा में बम बरामद होने से हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार, इलाके में एक तालाब के किनारे लावारिस बाल्टी से 26 बम बरामद किये गये। पुलिस ने बताया कि एक साथ इतने बम मिलने की यह पहली घटना है। शुक्रवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि भातकंडा गांव में एक तालाब के किनारे लावारिस हालत में कई बम पड़े हैं। इसके बाद खड़ग्राम थाने की पुलिस मौके पर गयी। जगह को घेर लिया गया और बमों को निष्क्रिय करने के लिए बम निरोधक दस्ते को सूचित कर किया गया।

### वसूलीभाई की तरह काम कर रही है सरकार : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर चंदा पाने के लिए वसूली भाई की तरह काम करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि एजेंसियों का इस्तेमाल कर कंपनियों को डराया धमकाया जा रहा है और उनसे चंदे कि वसूली की जा रही है। श्री गांधी ने कहा, क्या आपको प्रधानमंत्री की 'चंदा दो, बेल और बिजनेस लो' योजना के बारे में पता है। देश में प्रधानमंत्री 'वसूली भाई' की तरह ईडी, आईटी और सीबीआई का दुरुपयोग कर 'चंदे का धंधा' कर रहे हैं। रिपोर्ट्स में सामने आया है कि वसूली एजेंट बन चुकी एजेंसियों की जांच में फंसी 30 कंपनियों ने भाजपा को जांच के दौरान 335 करोड़ का चंदा दिया।

### झारखंड से राज्यसभा की दो सीटों के लिए 23 को मतदान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने झारखंड की दो राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की है। इनके लिए 23 मार्च को मतदान होगा। आयोग के अनुसार राज्यसभा के समीर ओरांव और धीरज प्रसाद साहू का कार्यकाल 3 मई को समाप्त होने जा रहा है। दोनों सीटों के लिए 4 मार्च को अधिसूचना जारी की जाएगी और नामांकन पत्रों की जांच 12 मार्च को होगी। दो से अधिक उम्मीदवार होने पर 21 मार्च को मतदान होगा और नतीजे आयेंगे।

# बिना कारण आपको चोट लगने के हो सकते हैं कई कारण

टक्कर के बाद, चोट लगे तो इसमें कुछ असामान्य नहीं है। लेकिन क्या होगा अगर हम बिना किसी ध्यान देने योग्य कारण के खुद को चोटिल पाते हैं? इसके पीछे क्या हो सकता है? क्या हमें चिंता करनी चाहिए? लगभग 18 प्रतिशत वयस्क आसानी से चोट लगने की शिकायत करते हैं। हेमेटोलॉजिस्ट (रक्त चिकित्सक) के रूप में, हमसे अक्सर सलाह मांगी जाती है जब लोग चिंतित होते हैं कि उन्हें बहुत आसानी से चोट लग सकती है। यहां बताया गया है कि हम समस्या के बारे में कैसे सोचते हैं।

**खून क्या करता है :** रक्त हमारी रक्त वाहिकाओं में तरल के रूप में बहता है, लाल कोशिकाओं को ऑक्सीजन के साथ और प्रतिरक्षा कोशिकाओं को संक्रमण से बचाने के लिए हमारे मस्तिष्क, मांसपेशियों और आंतरिक अंगों तक ले जाता है। रक्त में ऐसे तत्व होते हैं जिन्हें सावधानीपूर्वक संतुलित किया जाता है ताकि हमारे घायल होने पर रक्तस्राव से हमारी रक्षा कर सकें, साथ ही खतरनाक रक्त के थक्के बनने के जोखिम को भी कम कर सकें। यदि रक्त वाहिका में ''पंचर होता है, तो रक्त तेजी से गाढ़ा होकर जेली जैसा थक्का बना सकता है, ताकि रक्त की हानि को कम किया जा सके जब तक कि वाहिका स्वयं ठीक न हो जाए।?



**क्या यह कोई समस्या हो सकती है? :** कई मरीज जो आसानी से चोट लगने की शिकायत करते हैं, हेमेटोलॉजिस्ट इसका कोई विशेष कारण नहीं ढूंढ पाते हैं। जब किसी व्यक्ति को रक्तस्राव से संबंधित कई समस्याएं होती हैं तो रक्त चिकित्सक आमतौर पर अधिक सतर्क हो जाते हैं। उदाहरण के लिए, एक विकार की संभावना अधिक होती है यदि चोट बड़े घावों के साथ व्यापक हो, साथ में बार-बार नाक से खून बह रहा हो, भारी मासिक धर्म हो, प्रमुख दंत चिकित्सा कार्य, सर्जरी या प्रसव के बाद रक्तस्राव की समस्या हो-या यहां तक कि जोड़ों या मस्तिष्क में सहज गंभीर रक्तस्राव भी हो। कुछ सरल परीक्षण हमें यह पता लगाने में मदद कर सकते हैं कि क्या कोई गंभीर समस्या होने की संभावना है। आसानी से चोट लगने की शिकायत करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए सबसे पहले हम पूर्ण रक्त गणना करेंगे।

**औषधियां एवं अनुपूरक :** हम हमेशा मरीजों से उनकी दवा और वैकल्पिक चिकित्सा के उपयोग के बारे में पूछते हैं। एस्पिरिन-जिसे अक्सर प्लेटलेट्स को हृदय रोग या स्ट्रोक के खतरे को बढ़ने से रोकने के लिए निर्धारित किया जाता है- प्लेटलेट फंक्शन को भी कम कर सकता है। क्लोपिडोग्रेल (थक्के जमने की समस्या को रोकने के लिए) और गैर स्टेरायडल प्रदाह दवाएं (जैसे इबुप्रोफेन या दर्द और सूजन के लिए ली जाने वाली अन्य) जैसी दवाएं प्लेटलेट फंक्शन को कम कर सकती हैं।

### क्यों होती है थक्के जमने की समस्या

मरीजों के प्लेटलेट काउंट में गंभीर कमी आ सकती है और महीन दाने निकल सकते हैं, जो वास्तव में छोटे घाव होते हैं। बच्चों में, यह आमतौर पर एक अल्पकालिक स्थिति होती है जो अपने आप ठीक हो जाती है। वयस्कों में, गंभीर मामलों में उन दवाओं से उपचार की आवश्यकता हो सकती है जो प्रतिरक्षा प्रणाली को दबाती हैं या प्लेटलेट उत्पादन को बढ़ाती हैं। कभी-कभी वयस्कों को प्लीहा हटाने के लिए सर्जरी की आवश्यकता होती है। प्रोटीन के थक्के जमने की समस्याएं और बीमारियां थक्के जमने वाले कारक - पहले बताए गए प्रोटीन - कई वंशानुगत या अर्जित कारणों से प्रभावित हो सकते हैं। कुछ लोग महत्वपूर्ण कारकों के निम्न स्तर के साथ पैदा होते हैं जो रक्तस्राव को नियंत्रित करने की आवश्यकता होने पर रक्त के थक्के बनने में मदद करते हैं। पुरुषों और महिलाओं दोनों को वॉन विलेब्रांड रोग हो सकता है, जिसमें एक अन्य प्रमुख थक्के कारक का उत्पादन या कार्य कम हो जाता है। लिवर की बीमारी के कारण भी थक्के जमने की समस्या हो सकती है। यही कारण है कि आसान चोट की सूचना देने वाले किसी भी व्यक्ति में दूसरा परीक्षण हम क्लॉटिंग फंक्शन को मापने के लिए करते हैं। यदि हमें कोई असामान्यता मिलती है, तो हम प्रमुख थक्के कारकों के स्तर का परीक्षण करके अनुवर्ती कार्रवाई करेंगे।

### रक्त वाहिकाओं से जुड़ी समस्याएं

हालांकि आज दुर्लभ है, गंभीर विटामिन सी की कमी से आमतौर पर आसानी से चोट लगने और मसूड़ों से रक्तस्राव (''स्कर्वी) जैसा होता है और इसकी कमी अभी भी चोट का कारण बन सकती है। कई बीमारियां रक्त वाहिका के पतले होने या सूजन का कारण बन सकती हैं, जिनमें हेनोच-शोनेलिन पुरपुरा भी शामिल है-एक ऑटोइम्यून स्थिति जिसके परिणामस्वरूप पैर और जांघ में चोट लग जाती है। वृद्ध लोगों की त्वचा और रक्त वाहिकाएं नाजुक हो सकती हैं, जिससे चोट लगने की संभावना अधिक हो जाती है।